
देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



12 जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे... 12

मोदी के 10 साल में बड़े बदलाव हुए: राजनाथ... 05



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 235
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper
शनिवार | 08 जून, 2024

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मोदी को सरकार बनाने का न्यौता दिया

## सरकार गठन का न्योता मिलने के बाद बोले मोदी, 18वीं लोकसभा नई ऊर्जा से लैस, आने वाले 5 साल बेहद उपयोगी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को लोकसभा चुनाव- 2024 में 293 सीटों के साथ बहुमत मिला है। एक बार फिर से देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मोदी को नौ जून की शाम सवा सात बजे उनके कैबनेट सहयोगियों के साथ पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। इससे पहले शुक्रवार को दिन में हुई बैठक में मोदी को एनडीए के संसदीय दल का नेता चुना गया।

### सांसदों-सहयोगियों के लिए कहा, जितना धन्यवाद करूं, उतना कम है

व्यक्तिगत जीवन में मुझे जवाबदारी का एहसास करता हूं। 2019 में जब आप सभी ने मुझे नेता के रूप में चुना था, तब मैंने एक बात पर बल दिया था- विश्वास। आज जब आप मुझे फिर से एक बार ये दायित्व दे रहे हैं तो इसका मतलब है कि हमारे बीच विश्वास का सेतु बहुत मजबूत है। अटूट रिश्ता विश्वास के मजबूत धरातल पर है।



### राष्ट्रपति नौ जून को दिलाएंगी पद और गोपनीयता की शपथ

सरकार गठन का दावा पेश दिए जाने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया। उन्होंने मोदी को मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ सरकार बनाने का न्योता दिया। इसके बाद राष्ट्रपति भवन की तरफ से जारी बयान में बताया गया कि नौ जून की शाम 7.15 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। सरकार गठन का न्योता मिलने के बाद राष्ट्रपति भवन के बाहर पीएम मोदी ने मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 18वीं लोकसभा एक प्रकार से नई ऊर्जा, युवा ऊर्जा और कुछ कर गुजरने की इरादे वाली लोकसभा है। आजादी के अमृत महोत्सव के बाद यह पहला चुनाव है। पीएम मोदी ने कहा कि 2047 में जब देश आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा, उस संकल्प को पूरा करने के लिए हमारे पास स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने एनडीए को एक बार फिर सेवा का मौका दिया है, इसके लिए वे जनता का आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिस गति से देश आगे बढ़ा है, समाज के हर क्षेत्र में परिवर्तन साफ नजर आ रहा है। 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर आना हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि 18वीं लोकसभा में भी उसी गति और समर्पण भाव से देश की आशा-आकांक्षा को पूर्ण करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे। पीएम मोदी ने आगे कहा कि एनडीए की बैठक में सभी घटक दलों ने मुझे नेता चुना है। सभी दलों ने राष्ट्रपति को समर्थन के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति ने मुझे न्योता दिया। नौ जून की शाम में शपथ के बारे में सूचित कर दिया है। शपथ ग्रहण का विस्तृत कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन से जारी किया जाएगा।

### अटलजी, बादल, ठाकरे, फर्नांडीज को याद किया

पीएम मोदी ने कहा, जो राजनीति के विशेषज्ञ हैं, अगर वे मुक्त मन से वे सोचेंगे तो पाएंगे कि एनडीए सत्ता प्राप्त करने या सरकार चलाने का कुछ दलों का जमावड़ा नहीं है। यह राष्ट्र प्रथम की मूल भावना से प्रतिबद्ध समूह है। तीस साल का लंबा कालखंड रहा है। यह भारत की राजनीतिक व्यवस्था में ऑर्गेनिक अलायंस है। श्रद्धेय अटलजी, प्रकाश सिंह बादल, बाला साहेब ठाकरे, जॉर्ज फर्नांडीज, शरद यादव जैसे अनगिनत नामों ने जिस बीज को बोया था, जनता के विश्वास से सींचकर यह वटवृक्ष हो गया है। हम सबके पास ऐसे महान नेताओं की विरासत है। बीते 10 वर्ष में हमने एनडीए की उसी विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है।

### एनडीए ने तीन दशक की यात्रा पूरी की: पीएम मोदी

मोदी ने कहा कि एनडीए को करीब-करीब तीन दशक हो चुके हैं। आजादी के 75 साल में तीन दशक एनडीए का होना सामान्य घटना नहीं है। विविधता के बीच तीन दशक की यह यात्रा बहुत बड़ी मजबूती का संदेश देती है। आज गर्व के साथ कहता हूं कि एक समय संगठन के कार्यकर्ता के रूप में मैं इस गठबंधन का हिस्सा था और आज सदन में बैठकर आपके साथ काम करते-करते मेरा भी नाता इससे तीस सालों का हो गया है। मैं कह सकता हूं कि यह सबसे सफल गठबंधन है। पांच साल का कार्यकाल होता है, लेकिन इस गठबंधन ने तीस साल में से पांच-पांच साल के तीन कार्यकाल पूरे किए हैं और गठबंधन चौथे कार्यकाल में प्रवेश कर रहा है।

### देश चलाने के लिए सर्वमत बहुत जरूरी: मोदी

नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, हिंदुस्तान के राजनीतिक इतिहास में और गठबंधन की राजनीति के इतिहास में चुनाव पूर्व गठबंधन इतना कभी मजबूत नहीं हुआ, जितना एनडीए हुआ है। यह गठबंधन की जीत है। हमने बहुमत हासिल किया है। मैं कई बार कह चुका हूं। सरकार चलाने के लिए बहुमत आवश्यक है, लोकतंत्र का वही एक सिद्धांत है। देश चलाने के लिए सर्वमत बहुत जरूरी होता है। मैं आज देशवासियों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आपने जिस तरह बहुमत देकर सरकार चलाने का सौभाग्य दिया है, हम सभी का दायित्व है कि सर्वमत का सम्मान कर देश को आगे ले जाने की कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### जनता और सरकारों के बीच खाई की व्यवस्था को पाट दिया

पीएम मोदी ने आगे कहा कि एनडीए के लोगों में एक साझा चीज नजर आती है। वह है- गुड गवर्नेंस। सभी को जब-जब मौका उन्होंने गुड गवर्नेंस दिया है। एनडीए कहते ही गुड गवर्नेंस पर्यायवाची बन जाता है। हम सभी के कार्यकाल में, चाहे मैं गुजरात में रहा हूं, या चंद्रबाबू आंध्र में रहें हों या नीतीश जी ने बिहार की सेवा की हो, हम सभी के केंद्र में गरीब का कल्याण रहा है। देश ने एनडीए के गरीब कल्याण के, सुशासन के 10 साल को न सिर्फ देखा है, बल्कि जिया है। सरकार क्यों होती है, किसके लिए होती है, कैसे काम करती है, इसे पहली बार जनता ने अनुभव किया है। वरना जनता और सरकारों के बीच खाई की व्यवस्था बनी हुई थी, हमने उसे पाट दिया है।



### एनडीए के लिए कहा, महान लोकतंत्र की ताकत देखिए

उन्होंने आगे कहा, बहुत कम लोग इन बातों की चर्चा करते हैं, उन्हें शायद सूट नहीं करता होगा। इतने महान लोकतंत्र की ताकत देखिए। एनडीए को आज देश के 22 राज्यों में लोगों ने सरकार बनवाकर सेवा का मौका दिया है। हमारा गठबंधन सच्चे अर्थ में भारत की असली आत्मा, भारत की जड़ों में जो रचा-बसा है, उसका प्रतिबिंब है। हमारे देश में 10 ऐसे राज्य हैं, जहां आदिवासी बंधुओं की संख्या प्रभावी रूप से है, निर्णायक रूप से है। जहां आदिवासियों की आबादी ज्यादा है, ऐसे 10 राज्यों में से सात में एनडीए सेवा कर रहा है। हम सर्वधर्म समभाव वाले संविधान को समर्पित हैं। गोवा हो, पूर्वोत्तर हो, जहां बहुत बड़ी मात्रा में ईसाई भाई-बहन रहते हैं, उन राज्यों में भी एनडीए के रूप में हमें सेवा का अवसर मिला है।

### लाखों कार्यकर्ताओं ने दिन-रात परिश्रम किया: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा, जो साथ विजय होकर आए हैं, वो सभी अभिनंदन के अधिकारी हैं। जिन लाखों कार्यकर्ताओं ने दिन-रात परिश्रम किया है, उन लोगों ने न दिन देखा, न रात देखी। इतनी भयंकर गर्मी में हर दल के कार्यकर्ता ने जो पुरुषार्थ, परिश्रम किया है, मैं आज संविधान सदन से उन्हें सिर झुकाकर प्रणाम करता हूं। साथियों मेरा बहुत सौभाग्य है कि एनडीए के नेता के रूप में आप सब साथियों ने सर्वसम्मति से चुनकर मुझे नया दायित्व दिया है। इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं।

### नीतीश कुमार ने नरेंद्र मोदी के पैर छुने की कोशिश की

पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में ह्नष्ठ की बैठक जारी है। इस दौरान यहां एक अजब नजारा देखने को मिला। अपना संबोधन खत्म करने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी कुर्सी की ओर बढ़ी। इसी दौरान नीतीश कुमार नरेंद्र मोदी के पैर छुने के लिए आगे बढ़े। हालांकि नरेंद्र मोदी ने नीतीश कुमार का हाथ थाम लिया है।

### मोदी ने मुरली मनोहर जोशी से मुलाकात की

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी से मुलाकात की। जोशी ने उनका दुपट्टे से सम्मान किया। जेडीयू प्रमुख और बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कहा- मैं मोदीजी के नाम का समर्थन करता हूं। मैं तो चाहता था कि वो आज ही शपथ लें। यह बहुत खुशी की बात है कि 10 साल से पीएम हैं, अब फिर पीएम होने जा रहे हैं। इन्होंने देश की सेवा की, जो कुछ भी बचा है, उसे अब पूरा कर देंगे। अगली बार जब आप आइएगा तो जो कुछ इधर उधर के लोग जो जीत गया है न, वो कोई नहीं जीतेगा। सूत्रों के मुताबिक, संसद के सेंट्रल हॉल में एनडीए की मीटिंग खत्म होने के बाद गठबंधन के नेता आज ही सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। मोदी 9 जून को शाम 6 बजे राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ ले सकते हैं। खबर है कि मोदी के साथ पूरा मंत्रिमंडल शपथ ले सकता है।

## आज मंत्रियों के साथ हार के कारणों पर चर्चा करेंगे योगी



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लोकसभा चुनावों में यूपी में मिली हार के बाद योगी सरकार एक्शन के मोड में आ गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मंत्रिमंडल के सभी सहयोगियों के साथ बड़ी बैठक करेंगे। चुनाव परिणाम आने के बाद होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री प्रदेश में भाजपा की हार के साथ ही सभी मंत्री के कार्यों की समीक्षा करेंगे। लोकभवन में होने वाली इस बैठक में सभी कैबिनेट मंत्रियों के साथ राज्य मंत्रियों को बुलाया गया है। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा होगी और मुख्यमंत्री द्वारा अहम दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। इसके अलावा रिक्त सरकारी पदों पर भर्तियों को लेकर भी निर्देश दिए जा सकते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि उन सीटों पर विशेष चर्चा होगी जहां पर मंत्रियों की हार हुई है। सरकार के अलावा संगठन के स्तर पर भी जल्द ही बैठक का आयोजन होना है।

### पीएम से मिले सीएम

भाजपा और एनडीए के संसदीय दल द्वारा संसद के सेंट्रल हॉल में शुक्रवार को नरेंद्र मोदी को लोकसभा का नेता चुनने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी को बधाई दी। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने की उम्मीद जताई। सेंट्रल हॉल के कार्यक्रम में मौजूद सीएम योगी ने जब पीएम को पुष्पगुच्छ भेंट किया, तो उन्होंने योगी की पीठ थपथपा कर हौसला अफजाई की। वहीं, पीएम को बधाई देते हुए सीएम योगी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, एक भारत-श्रेष्ठ भारत के शिल्पकार, अमृतकाल के सारथी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से भाजपा संसदीय दल, एनडीए संसदीय दल और लोक सभा के नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई। प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी नेतृत्व में एनडीए परिवार आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत के निर्माण और 140 करोड़ परिवारीजनों की सेवा के लिए पूर्णतः संकल्पित है।

## भीषण गर्मी के लिए रहें तैयार, आने वाले दिनों में पांच डिग्री तक बढ़ेगा पारा: मौसम विभाग



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर फिर शुरू हो गया है। आंधी-बारिश में पांच डिग्री तक गिरा दिन का पारा शुक्रवार को 4 डिग्री तक बढ़ गया। वहीं रात के पारे ने भी तेजी दिखाई है और ज्यादातर हिस्सों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। न्यूनतम तापमान में भी 4 डिग्री तक की वृद्धि दर्ज हुई है। बाराबंकी में दिन का तापमान बृहस्पतिवार को 38 डिग्री था, जो शुक्रवार को बढ़कर 42 डिग्री हो गया। मौसम विभाग ने चेताया है कि भीषण गर्मी के लिए तैयार हो जाएं। एक सप्ताह तक गर्मी, लू के हालात प्रदेश में बने रहेंगे। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। प्रदेश के कई हिस्सों में लू का प्रकोप भी बना रह सकता है।

### आरेंज व येलो अलर्ट

मौसम 13 जून तक शुष्क रहने के आसार है। प्रदेश में इन दिनों में लू चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी ललितपुर और आसपास के इलाकों के लिए लू का आरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संतरविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, कन्नौज, रायबरेली, हाथरस, मैनपुरी व आसपास के इलाकों में लू का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## पेपर लीक के बाद रद्द हुई सिपाही भर्ती परीक्षा फिर कराने की प्रक्रिया शुरू

- सूत्रों की मानें तो भर्ती बोर्ड परीक्षा कराने की कंपनी का चयन जल्द करेगा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी के युवाओं के लिए अच्छी खबर है। वह युवा जो पिछली बार सिपाही भर्ती परीक्षा में शरीक हुए हैं उनके लिए खुशखबरी आई है। प्रदेश सरकार ने सिपाही नागरिक पुलिस के 60244 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए दोबारा लिखित परीक्षा कराने की कवायद उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने भी शुरू कर दी है। सूत्रों की मानें तो भर्ती बोर्ड परीक्षा कराने की कंपनी का चयन जल्द करेगा। साथ ही, अभ्यर्थियों द्वारा जताई गयी आपत्तियों को भी दूर करने के लिए भर्ती प्रक्रिया में अहम बदलाव किए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद भर्ती बोर्ड मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुपालन में छह माह के भीतर लिखित परीक्षा कराने की तैयारी में है। सब कुछ ठीक रहा तो इसी साल के आखिरी तक यह परीक्षा आयोजित हो जाएगी। बता दें कि सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा विगत 18 और 19 फरवरी को हुई थी, जिसका दो पालियों का पेपर लीक होने के बाद मुख्यमंत्री ने परीक्षा को निरस्त करते हुए छह माह में दोबारा परीक्षा कराने का आदेश भर्ती बोर्ड को दिया था। भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष डीजी राजीव कृष्णा ने बताया कि शासन के निर्देश के अनुपालन में तय वक्त पर परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा की तारीख समेत समस्त जानकारियां जल्द अभ्यर्थियों के साथ साझा की जाएगी।

### 4821 पदों पर पंचायत सहायक/अकाउंटेंट होगी भर्ती

प्रदेश की ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक/अकाउंटेंट-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर के 4821 रिक्त पदों पर जल्द भर्ती होगी। निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने आगामी 10 जून तक रिक्त पदों पर चयन के लिए विज्ञापन प्रकाशित करने की कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। बता दें कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक/अकाउंटेंट-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर का चयन विगत वर्षों में किया गया है। वर्तमान में प्रदेश की 4821 ग्राम पंचायतों में कतिपय कारणों से यह पद रिक्त हो गए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती जल्द शुरू करने के आदेश के बाद पंचायती राज विभाग ने भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है।

कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

## अयोध्या में भाजपा की हार पर कांग्रेस का तंज, कहा, भगवान राम की नगरी के लोगों को गालियां दी जा रहीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव में जो सबसे चौंकाने वाले नतीजे आए हैं, उनमें अयोध्या में भाजपा की हार भी शामिल है। सोशल मीडिया पर इसे लेकर काफी कुछ कहा जा रहा है। अब इस मुद्दे पर राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा की हार के लिए अयोध्या के लोगों को अपशब्द कहे जा रहे हैं।

### 'अयोध्या के लोगों को कहे जा रहे अपशब्द'

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा अयोध्या के लोगों को जिस तरह से भाजपा की हार के लिए अपशब्द कहे जा रहे हैं, अवध क्षेत्र का निवासी होने के नाते बहुत दुख के साथ मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। ये मत भूलिए कि भगवान राम का जन्म अयोध्या में हुआ, ये उनका जन्मस्थान है और उनका मंदिर यहां बना। जो लोग अयोध्या के वासी हैं, वो भगवान राम की नगरी के वंशज हैं। भगवान राम की नगरी के वंशजों को अपशब्द कहे जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनका अपमान किया जा रहा है, वो भी सिर्फ इसलिए क्योंकि वहां से भाजपा उम्मीदवार हार गया है।



### कांग्रेस ने एनडीए का बताया मतलब

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों ने उन्हें (भाजपा) करारा जवाब दिया है। वे अयोध्या में भी सीट नहीं जीत सके और अब अयोध्या के लोगों को गालियां दी जा रही हैं। पवन खेड़ा ने एनडीए का मतलब बताते हुए कहा एनडीए की फुल फॉर्म नायडू डिपेंडेंट अलायंस (नायडू निर्भर गठबंधन) या नीतीश निर्भर गठबंधन है। पवन खेड़ा ने कहा क्या कभी ऐसा हुआ है, जब पार्टी ने ही अपने नेता का चुनाव नहीं किया और गठबंधन के नेता पहले चुनाव कर रहे हैं। आप गठबंधन के लिए नीतीश और नायडू पर निर्भर हैं।

## कुंडा में ग्राम प्रधान की गला रेतकर हत्या, कुछ दिन पहले महिला ने लगाया था दुष्कर्म का आरोप



**जन एक्सप्रेस । कुंडा**

कुंडा कोतवाली क्षेत्र के औसान देवी मंदिर के पास ग्राम प्रधान करुणेश कुमार उर्फ मम्मन की गला रेतकर हत्या कर दी गई। हत्या को कार में अंजाम दिया गया। हत्या करने के बाद आरोपी कार में प्रधान को बंद करके चले गए। काफी देर बाद लोगों ने जब कार का दरवाजा खोला तो प्रधान की खून से लथपथ लाश मिली। इससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। करुणेश कुमार उर्फ मम्मन कुंडा कोतवाली इलाके के डिहवा जलालपुर गांव के प्रधान हैं। शुक्रवार को उनकी लाश औसान मंदिर के पास कार में बंद मिली। हत्यारे घटना को अंजाम देने के बाद शव को कार में ही बंद कर भाग निकले। काफी देर तक कार लावारिस हालत में खड़ी रही। बाद में गांव के लोग जब कार के पास जाकर अंदर झांका तो प्रधान का रक्तरंजित शव पड़ा था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। शव को सीचएचसी भेज दिया गया है।

### महिला ने लगाया था दुष्कर्म का आरोप गिरफ्तारी के लिया दिया था धरना

गांव की एक महिला ने प्रधान करुणेश और उसके साथी के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में कोर्ट में अपने साथ दुष्कर्म होने का बयान दिया। दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने के लिए वह अधिकारियों के यहां गुहार लगा रही थी। इसको लेकर उसने वीडियो वायरल किया था और थाने में धरना भी दिया था। डिहवा जलालपुर के ग्राम प्रधान करुणेश भारती उर्फ मम्मन और पवन सरोज व दो अन्य के खिलाफ महिला ने छेड़खानी सहित मारपीट करने का मुकदमा लिखवाया था। पीड़िता का कहना है कि उसके साथ आरोपियों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म भी किया गया है।

# जिलाधिकारी ने ली पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला गंगा समिति, पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी मानिकपुर व वन विभाग मानिकपुर को निर्देशित किया कि वाल्मीकि आश्रम में हफ्ते में टोली बनाकर साफ-सफाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पालीथिन के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रतिबंधित कराएं। साथ ही धार्मिक स्थलों पर साफ सफाई अच्छी होनी चाहिए। मंदाकिनी नदी में मिलने वाली छोटी-छोटी सहायक नदियों के सफाई के सम्बन्ध में कहा कि बरसात से पहले सफाई कराना सुनिश्चित कराएं। इसके बाद मंदाकिनी नदी की भी सफाई कराएं। आश्रम में होने वाले भंडारों के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि ऋषि मुनियों से मिलकर कहें कि भंडारा के बाद कचरा को गड्ढे में ढके। उन्होंने कहा कि ग्राम समूह की महिलाओं द्वारा कागज का पैकेट बनवाकर इसमें उपयोग कराए। उन्होंने नगर पालिका कर्वी को निर्देशित किया कि पर्यटक स्थल रामघाट, परिक्रमा मार्ग पर पॉलिथीन के विरुद्ध अभियान चलाकर जुर्माना लगाए। साथ ही निर्देश दिए कि पॉलीथिन का प्रयोग न करने एवं कागज के पैकेट के उपयोग के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि ग्राम समूह की महिलाओं को प्रेरित करें कि दोना पत्तल के कार्य में प्रगति कराएं, जिससे कि पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि कामदगिरि पर्वत की पॉलिथीन की साफ सफाई अभियान चला कर कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि कुछ समूह की वालंटियर को भी जोड़े, जिससे की सफाई कराया जा सके। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि धार्मिक स्थलों के पास नदी किनारे वेस्ट के लिए कुंड बनाएं, जिससे कि वेस्ट के लिए उपयोग हो सके। वृक्षारोपण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की अपेक्षा अनुसार प्रदेश की हरियाली एवं बढती प्रदूषण तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा हरित आवरण में वृद्धि के लिए जन आंदोलन के माध्यम से वृक्षारोपण को बढावा देना है। उन्होंने कहा कि राज्य वन नीति में व्यापक स्तर पर जन सामान्य विशेष कर महिलाओं, विद्यार्थियों, कृषकों, दिव्यांगों, दृष्टिबाधित व पूर्व सैनिकों, समाज के अल्प आय वाले व्यक्तियों एवं वनों के समीप रहने वाले समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से वृक्षारोपण के कार्य को जन सहभागिता के रूप में चलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जनपद में विभागवार वृक्षारोपण का लक्ष्य 7220520 रखा गया है। उन्होंने सभी विभाग को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण की तैयारी सभी विभाग वार करें, जिन विभाग द्वारा कार्य योजना नहीं बन पाई है, उसे बनाकर तुरंत प्रभागीय वनाधिकारी को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण में अधिक से अधिक सरकारी भूमि को चिन्हित कर पौधा रोपण कराएं। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि पेडों की बाउंड्री, फेंसिंग कराएं। उन्होंने पर्यावरण अधिकारी को निर्देशित किया कि जिला खनिज अधिकारी के साथ समन्वय बनाकर क्रेशर मशीन के आसपास पर भी वृक्षारोपण कराएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि नगर में तीन, मऊ मानिकपुर में एक व राजापुर में दो नगर वन विकसित करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि देवांगना एयरपोर्ट से लेकर पटेल तिराहा तक रोड के किनारे पटरी विकसित कर उसमें प्लांटेशन कराएं।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र आदि मौजूद रहे।

# सकल राज्य घरेलू उत्पाद में योगदान के लिए कराया जा रहा वृहद सर्वेक्षण

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी चित्रकूटधाम मण्डल बांदा अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वाधान में नई मेथडोलॉजी के माध्यम से प्रदेश के समस्त जनपदों एवं महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों पर भ्रमणार्थ आने वाले घरेलू पर्यटक एवं विदेशी पर्यटक की पर्यटक सांख्यिकी के एकत्रण, गणना से सम्बन्धित सर्वेक्षण का कार्य मैसर्स ऑल इण्डिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोक सेल्फ गवर्नमेंट नई दिल्ली द्वारा पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश एवं नियोजन विभाग के समन्वय से उत्तर प्रदेश में प्रथम बार पर्यटन उद्योग होटल्स, रेस्टोरेन्ट, धर्मशाला, लॉज, गेस्ट हाउस, होम स्टे, पेइंग गेस्ट एवं ढाबें इत्यादि का सकल राज्य घरेलू उत्पाद में योगदान के लिए एक वृहद सर्वेक्षण कराया जा रहा है। जिसका प्रथम चरण बीती 1 जून से आरम्भ हो चुका है।

उल्लेखनीय है कि इसके लिए जनपद के समस्त महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल, एक्जिट प्वाइंट एवं होटल्स, रेस्टोरेन्ट, धर्मशाला, लॉज, गेस्ट हाउस, होम स्टे, पेइंग गेस्ट एवं ढाबें इत्यादि विश्राम स्थलों में आने वाले घरेलू, पर्यटक एवं विदेशी पर्यटक की पर्यटक सांख्यिकी के एकत्रण, गणना की जायेगी। यह सर्वे दो चरणों में होगा, जिसमें प्रथम चरण एक माह का एवं द्वितीय चरण 12 माह का होगा। प्रथम चरण 30 जून तक होगा, में सर्वेयर्स एक्जिट प्वाइंट, अट्रेक्शन प्वाइंट (पर्यटक स्थल) पर उपस्थित होकर नयी मैथडोलॉजी के अनुरूप कार्यदायी संस्था द्वारा तैयार किये गये मोबाइल ऐप के माध्यम से सैम्पल एकत्रित करेंगे। द्वितीय चरण 1 अगस्त से 31 जुलाई 2025) के सुपरवाईजर्स एवं सर्वेयर्स को जनपद के समस्त एकोमोडेशन प्वाइंट से भी सैम्पल एकत्रित करने की आवश्यकता होगी। साथ ही पर्यटन स्थलों से सम्बन्धित संस्थाएं एएसआई, उत्खनन क्षेत्र, पार्क, म्यूजियम एवं संस्कृति विभाग इत्यादि भी सर्वे में सहयोग करें।

जनपद बांदा में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव की अध्यक्षता में सभी सम्बन्धित विभाग (उद्योग विभाग, परिवहन विभाग, अर्थ एवं संख्या विभाग, नगर पालिका, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राज्य कर विभाग, रेलवे विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग एवं स्टेक होल्डर्स) की एक समन्वय बैठक कलेक्टरेट सभागार में की गयी। गणना कार्य के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अनुपम श्रीवास्तव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी द्वारा दी गयी हैं। अपर जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा सभी सम्बन्धित विभाग एवं जनपद के समस्त एकोमोडेशन प्वाइंट (होटल्स, रेस्टोरेन्ट, धर्मशाला, लॉज, गेस्ट हाउस, होम स्टे, पेइंग गेस्ट एवं ढाबें इत्यादि) से सर्वे कार्य में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का निर्देश प्रदान किया गया।

इस मौके पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी एसके बघेल, उपायुक्त उद्योग गुरुदेव, राज्य कर अधिकारी जीके चौरसिया, स्टेशन मास्टर रेलवे मनोज कुमार, मनोज जैन, मनीष श्रीवास्तव, सर्वे एजेन्सी के एके मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## पीड़ित ने की कार्यवाही की मांग

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पहाड़ी थाने के कुचारम गांव की निवासी एक महिला ने उच्चाधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि एक व्यक्ति ने ब्लैक मेल करके झूठी शादी करके लगभग 10 साल तक उसका शारीरिक शोषण किया। इस मामले की शिकायत उसने पहले भी की है। साथ ही पहाडी थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। इसके बाद से आरोपी लगातार उसे धमकी दे रहे हैं। सुनवाई न होने पर वह आमरण अनशन करेगी। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने उसके लाखों रूपए के जेवर और 50 हजार रूपए भी हडप लिए है।

## पीड़ित ने की गिरफ्तारी की मांग

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** रैपुरा थाने के एक गांव की निवासी युवती ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि उसने दुराचार के मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें वह बयान भी दे चुकी है। इसके बावजूद आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई और दबंग आरोपी फोन के जरिए मुकदमा वापस लेने की धमकी दे रहे हैं। ऐसे में उसके मामले की जांच की विवेचना किसी दूसरे पुलिस अधिकारी को दी जाए। साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए।

## जबरन कराए जा रहे निर्माण को रुकवाने की मांग

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पहाड़ी थाने के बछरन गांव के निवासी अनुरूद्ध प्रताप सिंह ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि उसकी जमीन में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी जबरन विद्यालय निर्माण करा रहे हैं। शिकायतकर्ता ने निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है।

# सदगुरु ट्रस्ट के विभिन्न विभागों की 15 टीमों के मध्य लगभग एक माह तक चले महामुकाबले

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**




सदगुरु शिक्षा समिति के तत्वावधान में संचालित सदगुरु पब्लिक स्कूल के खेल प्रांगण में सदगुरु मित्र मण्डल द्वारा आयोजित सदगुरु प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-14 का महामुकाबले के साथ समापन हुआ। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में सदगुरु ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित विभिन्न विभागों की कुल 15 टीमों ने इस लीग में प्रतिभागिता किया। सदुरु प्रीमियर लीग सीजन 14 के फाइनल मैच के आयोजन में अमेरिका के हृदय रोग विशेषज्ञ डा प्रकाश डी शाह और उनकी धर्म पत्नी सोना शाह, ट्रस्टी डॉ. बी.के. जैन, शिक्षा समिति अध्यक्षा उषा जैन, ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने रणछोड़दास महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर फाइनल का शुभारम्भ किया। इस सीजन में टीम एस.आई.सी.एस. सुपर किंग ने 35 रनों से जे.के.सी. स्टार इलेवन को फाइनल में हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम का समापन पुरुस्कार वितरण के साथ हुआ। जिसमे विजेता टीम और पूरे क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. बी.के. अग्रवाल, डॉ पूनम आडवानी, डॉ दीपक शर्मा, अनुभा अग्रवाल, प्राचार्य सुरेन्द्र तिवारी, राकेश तिवारी, शंकरदयाल पाण्डेय, दीपक वानी, फिरोज खान, रेफरी तुषारकांत शास्त्री, धीरेन्द्र वर्मा, रोशन सेन, विनोद पाण्डेय, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

**कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा की सद्प्रेरणा से हुआ विशेष आयोजन**

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने मध्य प्रदेश बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा बारहवीं की परीक्षा में कला, विज्ञान, वाणिज्य, एवं कृषि वर्ग में चित्रकूट कस्बे के विद्यालयों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले 50 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के विद्यालयों के प्राचार्यों को भी सम्मानित किया गया। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा की सदप्रेरणा से आयोजित इस प्रतिभा सम्मान समारोह में चित्रकूट कस्बे के जिन विद्यालयों के विद्यार्थियों और सफल प्राचार्यों को सम्मानित किया गया, उनमें सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय, कामता हायर सेकेण्डरी स्कूल, संतोषी अखाडा हायर सेकेण्डरी स्कूल, एपीएस स्कूल, विद्याधाम, एकलव्य विद्यालय आदि प्रमुख रहे। समारोह की अध्यक्षता कर रहे अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो शशि कांत त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा के निर्देश पर प्रतिभा सम्मान का कार्यक्रम किया जा रहा है। समारोह का संयोजन एवं संचालन मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के उपनिदेशक डॉ सूर्य प्रकाश शुक्ला ने किया।

# डीएम ने जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की समीक्षा बैठक की




**जन एक्सप्रेस | उरई**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी ने %पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत अब तक प्राप्त आवेदन पत्रों एवं उस पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्तर के सत्यापन की कार्यवाही के सम्बन्ध में अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

महाप्रबंधक उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि 85 ग्राम पंचायतें अभी भी पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर ऑन बोर्ड नहीं हुई है। जो आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे है, उन पर शीघ्र प्रथम स्तरीय सत्यापन (नगर पंचायत/नगर निकाय स्तर से) कर लिया जाए एवं जिन आवेदन पत्रों को प्रथम स्तर से द्वितीय स्तर के सत्यापन हेतु अग्रसारित किया गया हो, उन पर शीघ्र कार्यवाही कर ली जाए, ताकि पात्र कारीगरों/हस्ताशिल्पियों को योजना का लाम शीघ्र से शीघ्र प्राप्त हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव, अग्रणी जिला प्रबन्धक, प्रधानाचार्या आईटीआई, सहायक आयुक्त उद्योग के साथ-साथ डोमेन विशेषज्ञ मनोज कुमार राजपूत व विवेक कुशवाहा उपस्थित हुए।

## चार लोगों पर हुई जिलाबदर की कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एसपी ने अभ्यस्त अपराधी जिनके खिलाफ जनपद के थानों में गम्भीर धाराओं में मामले दर्ज है, ऐसे चार अपराधियों पर जिलाबदर की कारवाई की है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने अभ्यस्त अपराधी जिनके खिलाफ जनपदों में गंभीर धाराएं जैसे चोरी, लूट, बलवा, गुंडा अधिनियम आदि के मामले पंजीकृत है। ऐसे चार अभियुक्त अजय उर्फ अजमेर सिंह पुत्र गुलाब सिंह निवासी घोसी थाना नदीगांव, आशिक पुत्र इसाक खान निवासी नरी थाना कैलिया परिवेज सलाम मोहम्मद निवासी नरी थाना कैलिया और दद्दा पाल और विपिन पुत्र कन्हई निवासी गोरा थाना चुर्खी हाल निवास गांधीनगर हरिहर प्रेस के पास उरई के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की। इसके अलावा उन्होंने कहा कि यदि यह अभियुक्त जनपद के सीमा के अंदर पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ गुंडा एक्ट नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। वही संबंधित थाना प्रभारी उक्त कार्रवाई से तीन दिन पहले संबंधित न्यायालय को अवगत कराएंगे।

# पुलिस एसओजी की डकैत गिरोह के साथ हुई मुठभेड़, अपर पुलिस अधीक्षक ने किया खुलासा

**जन एक्सप्रेस | उरई**



लूट व डकैती की घटनाओं को रोकने के लिए एसओजी, सर्विलांस व पुलिस फोर्स अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। जिसके लिए जिले में हुई चोरियों की घटनाओं के बाद आसपास के कैमरे की फुटेज भी खंगाले गए थे। गुरुवार की रात को मुखबिर की सूचना पर टीम ने जालौन रोड आइटीआइ के पास चेकिंग शुरू कर दी थी। इसी दौरान अर्टिगा कार सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया तो वाहन की स्पीड तेज कर भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर फायरिंग कर दी। मुठभेड़ में अनिल कंजड़ व रामकृष्ण निवासीगण महुआ वाला डेरा थाना कुंभराज गुना मप्र के पैर में गोली लग गई। आरोपित शौकत कंजड़, बृजेश बिजौरी निवासी महुआ वाला डेरा थाना कुंभराज गुना मप्र व रामकृष्ण भार्गव निवासी ग्राम वीरयाली थाना कुंबराज गुना मप्र को गिरफ्तार कर लिया। डीआइजी की संस्तुति पर घटना का अनावरण करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की गई है। मुठभेड़ में पकड़े गए अपराधियों के पास से पुलिस ने चार तमंचा, तीन कारतूस व खोखा, एक अर्टिगा कार, एक लाख 26 हजार रुपये नकद व सोने चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। अपराधियों से पूछताछ की गई तो उन्होंने कई घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल की है। मुठभेड़ के दौरान सीओ सिटी गिरजा शंकर त्रिपाठी, एसओजी प्रभारी सत्येंद्र यादव, कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कुमार पटेल टीम के साथ मौजूद रहे। आरोपितों ने पिछले ढाई महीने में हुई चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। जिसमें 25 मार्च को सुरेंद्र सिंह सेंगर नया पाठकपुरा उरई, 11 मई को पंकज कुमार सोनी लहरियापुरवा उरई, 27 मई को अनुज पटेल निवासी बड़ागांव, 27 मई शारदा प्रसाद सोनी निवासी बड़ागांव, 27 मई सुनीता सिंह सेंगर पत्नी नरेंद्र सिंह सेंगर निवासी मुहल्ला लहरियापुरवा व 13 फरवरी सर्वेश कुमार यादव निवासी ग्राम नुनायचा माधौगढ़ के घर हुई चोरी की घटना का राजफाश किया है। मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए पांचों अपराधियों मप्र, उप्र के कई जिलों में लूट, डकैती व चोरी के कई मुकदमा दर्ज किए गए हैं। जिसमें अनिल कंजड़ पर, रामकृष्ण पर सात, शौकत कंजड़ पर आठ, बृजेश कंजड़ पर छह व रामकृष्ण भार्गव पर छह मुकदमा दर्ज हैं।

## कीट व बीमारियों से बचाव के लिए बुवाई से पहले शत-प्रतिशत बीज उपचार किया जाना जरूरी: आरपी शुक्ला

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

जिला कृषि रक्षा अधिकारी आरपी शुक्ल ने कहा कि आगामी खरीफ फसलों की बुआई करते समय बीजशोधन पर विशेष ध्यान दें। फसलों के अनेक रोगों का प्रारम्भिक संक्रमण बीज या भूमि अथवा दोनों के माध्यम से होता है। रोग कारक फफूंदी व जीवाणु बीज से लिपटे रहते है या भूमि में पडे रहते हैं। बीज की सतह पर या बीज के अन्दर प्रमुत्तावस्था में मौजूद रहते है। इन्ही रोगों से बचाव के लिये बोने से पूर्व बीज में रसायनों का मिलना ही बीजशोधन कहलाता है। कृषको को कीट व बीमारियों से बचाव के लिए बुवाई से पहले शत-प्रतिशत बीज उपचार किया जाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि बीज शोधन दो प्रकार से किया जाता है?। रसायनिक विधि थीरम या कार्बेन्डाजिम 2 ग्राम प्रति किग्रा बीज में मिलाकर किसी बर्तन में डालकर दवा एवं बीज को आपस में मिलाकर फिर बुआई करते हैं। जैविक विधि ट्राइकोडर्मा स्पोर 5 ग्राम प्रति किग्रा की दर से मिलाकर पानी के हल्के छीटें डालकर मिला लेते हैं। फिर अगले दिन बुआई करते हैं। बीजशोधन के लाभ, उर्वरता तथा उत्पादकता को बढाता है, मिट्टी के लाभदायक जीवाणुओं को जीवित रखने में सहायता मिलती है, बीज से होने वाले रोगों से रक्षा होती है, वायुमण्डलीय नाइट्रोजन का स्थरीकरण होता है, मिटटी से पैदा होने वाली बीमारियों को कम करता और रोकता है। उन्होंने बताया कि रसायनिक विधि में रसायनों की निर्धारित मात्रा ही प्रयोग करनी चाहिये, जैव ऐजेन्टों से बीजशोधन के बाद बीजों को सूरज की गर्मी और धूप से बचाना चाहिये।

# जिले में 31 अगस्त तक के लिए धारा 144 लागू

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

अपर जिला मजिस्ट्रेट उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि वर्तमान में बुंदेलखण्ड विश्व विद्यालय व इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व विद्यालय से सम्बन्धित स्नातक एवं परास्नाक तथा आईटीआई व पॉलिटेक्निक विद्यालयों डिप्लोमा से सम्बन्धित प्रवेश आदि विभिन्न परीक्षाएं निर्धारित तिथियों में आयोजित हो रही हैं, जिसके दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 100 मीटर की परिधि में और आवश्यकता पड़ने पर उसके बाहर भी धारा-144 लगाये जाने के शासन से निर्देश प्रदान किये गये हैं। इसके अतिरिक्त वर्तमान में भीषण गर्मी व हीटवेव के समय कतिपय अराजक तत्वों एवं लोगों के असावधानियों, छोटी-छोटी गलतियों के कारण रिहायसी मकानों व जंगलों में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं, जिससे जंगली पेड पौधों, जानवरों एवं पालतू पशुओं व जनहानि की स्थितियाँ उत्पन्न होती हैं। इसके अलावा माह जून, जुलाई, अगस्त के मध्य ईदुज्जुहा (बकरीद), मुहर्रम, स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बन्धन, श्रीकृष्ण जमाष्टमी के त्योहार पड रहे हैं। त्योहारों, परीक्षाओं के अवसर पर असामाजिक एवं आपराधिक अराजक तत्वों द्वारा जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने की कुचेष्टा की जा सकती है।

परीक्षाओं तथा माह जून से अगस्त के मध्य आयोजित होने वाली अन्य परीक्षाओं एवं इस बीच पडने वाले सामाजिक, राष्ट्रीय पर्वों को शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत असामाजिक अराजक तत्वों एवं आंतकवादी गतिविधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कराया जाना नितान्त आवश्यक है। उन्होंने परीक्षाओं, सामाजिक एवं राष्ट्रीय पर्वों को शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए सकुशल सम्पन्न कराये जाने तथा वन्य जीवों, जंगलों, खेत खलिहानों की सुरक्षा, आग लगने की घटनाओं के नियन्त्रण आदि के लिए तत्काल प्रभाव से 31 अगस्त तक की अवधि के लिए यदि इससे पहले वापस न ले लिया जाय, सीआरपीसी की धारा 144 के अन्तर्गत अधिकारों का प्रयोग करते हुए आदेश पारित किया कि कोई भी व्यक्ति आग्नेयास्त्र, शस्त्र, लाठी, चाकू, हाकी, स्टिक, भुजाली, तलवार तथा अन्य तेजधार वाला अस्त्र चाकू, पटाखे, बम और किसी भी प्रकार का बारूद वाला अस्त्र जिसका प्रयोग आगजनी के लिए किया जा सके, लेकर नहीं चलेगा और न ही ईंट, पत्थर, रोडे एकत्र करेगा, किन्तु लाठी के सहयोग से चलने वाले वृद्ध एवं विकलांग व्यक्तियों के सम्बन्ध में लाठी का प्रयोग तथा ड्यूटी पर लगे हुए सुरक्षा व्यवस्था से सम्बन्धित कार्मिकों पर प्रतिबन्ध लागू नहीं होगा, कोई भी व्यक्ति जिला मजिस्टरेट, क्षेत्रीय कार्यकारी मजिस्टरेट की पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना न तो 5 या इससे अधिक व्यक्तियों के समूह में किसी प्रकार का जुलूस निकालेगा और न ही किसी सार्वजनिक स्थान पर एक उद्देश्य से 5 या इससे अधिक व्यक्तियों का समूह बनायेगा और न ही ऐसे किसी समूह में सम्मिलित होगा। विवाह उत्सव, शव यात्रा, धार्मिक गतिविधियों प्रतिबंधों से मुक्त रहेगें। सीआरपीसी की धारा-144 लागू होने के दृष्टिगत बिना अनुमति के किसी भी प्रकार की सभा करने, जुलूस निकालने, शस्त्रों को ले जाने, भीड एकत्र होने को सख्ती से रोका जाये, विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत कोई भी व्यक्ति 10 बजे रात्रि से प्रातः 5 बजे के बीच लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग नहीं करेगा। शेष समय में भी शासन एवं प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड द्वारा औद्योगिक, वाणिज्यिक, रिहायसी व शान्त क्षेत्रों में निर्धारित मानक से अधिक लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यन्त्रों की ध्वनि निषिद्ध रहेगी।

किसी भी परीक्षाओं में या सम्पन्न परीक्षाओं से सम्बन्धित मूल्यांकन कार्य में अधिकृत अधिकारी, कार्मिक तथा अभ्यर्थी ही परीक्षा, मूल्यांकन केन्द्र पर प्रवेश कर सकेंगें, अन्य व्यक्तियों को परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। किसी भी व्यक्ति द्वारा वन सम्पदा, जीवजन्तु, खेत, खलिहान व आवासीय मकानों की क्षति जैसी घटनाओं को कारित करना पूर्णतया निषेधित रहेगा। कोई भी व्यक्ति वन सम्पदा, खलिहानों, मकानों इत्यादि के समीप ज्वलनशील पदार्थो को लेकर नहीं चलेगा। वन सम्पत्ति की सुरक्षा हित में पुलिस, प्रशासनिक, विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों को छोडकर वनक्षेत्र में रात्रि में अन्य जन सामान्य का प्रवेश वर्जित रहेगा। अराजक एवं उपद्रवी, शरारती एवं आतंकवादी तत्वों का संज्ञान आने पर सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी व स्थानीय थानाध्यक्ष को तत्काल निषेधात्मक कार्यवाही के लिए सूचित किया जाये। सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी एवं मजिस्ट्रेटों द्वारा अपने क्षेत्रों में क्षेत्रीय, वीट कार्मिकों, अधिकारियों के माध्यम से अनुपालन के लिए जानकारी प्राप्त करते हुए सतर्क दृष्टि रखकर अराजक एवं उपद्रवी, शरारती एवं आतंकवादी तत्वों के विरूद्ध नियमानुसार प्रभावी निषेधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। कोई व्यक्ति इस आदेश के सम्बन्ध में कोई आवेदन करना चाहे या छूट अथवा शिथिलता चाहे तो उसे सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट, के समक्ष आवेदन करने का अधिकार होगा।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नही हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 43.6 (+4.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.4 (+0.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 45 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 17 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.0 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर- पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# अग्निकांड: विधायक इरफ़ान सोलंकी समेत चार को कोर्ट ने सुनाई सजा, लेकिन फिक्र अभी बाकी है







### सीसामऊ में उपचुनाव होना तय

इरफान सोलंकी कानपुर की सीसामऊ सीट से विधायक हैं। 7 साल की सजा होने के बाद अब उनकी विधायकी चली जाएगी। कानून के मुताबिक, हाई किसी भी जनप्रतिनिधि को 2 साल से ज्यादा सजा होने पर उसकी सदस्यता रद्द कर दी जाती है। इसके साथ ही 6 साल तक चुनाव लड़ने पर भी रोक लग जाती है। अब ऐसे में सीसामऊ विधानसभा में उपचुनाव होना तय है।

### गैंगस्टर का ट्रायल भी अभी बाकी

आपको बताते चलें कि सपा विधायक इरफान सोलंकी के अग्निकांड मामले में ही कानपुर पुलिस ने गैंगस्टर का मुकदमा भी दर्ज किया था। अभी इस मामले में भी ट्रायल चलेगा और इसमें भी सजा होने के चांस हैं। लेकिन अन्तिम निर्णय तो न्यायालय को देना है।

### अभी इन आरोपियों का चलना है ट्रायल

अग्निकांड मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी के साथ साथ कई लोग आरोपी हैं। जिनमें से उसके भाई रिजवान सोलंकी नूरी शौकत के पिता शौकत पहलवान और मोहम्मद शरीफ इजराइल आटा वाला को तो सजा हो गई है, लेकिन अभी अजजन बिल्डर, बटऊ यादव, महफूज कुरैशी, सबलू बदमाश, भोलू पार्षद आदि का ट्रायल शेष है।

### ✻ 7 साल की सजा के साथ जुर्माना भी सुनाया

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर/विनीत सिन्हा



### इरफान नहीं लाया गया था कानपुर कोर्ट

एमपी एमएलए कोर्ट ने शुक्रवार शाम साढ़े छः बजे यह फैसला सुनाया। सजा सुनाए जाने के समय इरफान को छोड़कर चारों दोषी कोर्ट में मौजूद रहे। इससे पहले शुक्रवार को दोपहर में चार दोषियों रिजवान सोलंकी, इजराइल आटावाला, मो. शरीफ और शौकत अली को प्रिजन वैन से कोर्ट लाया गया।









### क्या था मामला

जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में स्थित एक प्लॉट में रहने वाली नजीर फातिमा के घर में सात नवंबर 2022 को आग लग गई थी। नजीर फातिमा ने सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी व उनके साथियों पर आग लगाने का आरोप लगाया था। मुकदमा जाजमऊ कोतवाली में दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही इरफान सोलंकी अपने भाई संग फरार हो गया था। हिस्ट्रीशीटर शौकत पहलवान की बेटी सपा नेत्री नूरी शौकत ने इरफान को बचाने के लिए उसका जमकर साथ दिया और उसे फर्जी आधार कार्ड के सहारे अशरफ अली बनाने में मदद की और हवाई यात्रा करने में मदद की थी, इस मामले में नूरी शौकत उसके भाई और इरफान के सालों को भी जेल जाना पड़ा था। तत्कालीन पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड और जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने कोई कोताही नहीं बरती थी। पुलिस का शिकंजा कसता देख 2 दिसंबर को पुलिस कमिश्नर के घर पर रोते हुए इरफान और रिजवान ने सरेंडर कर दिया था। तब से लेकर अब तक रिजवान और इरफान जेल में ही है। मामले की सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 में दिन प्रतिदिन चलती रही। अभियोजन और बचाव पक्ष ने अपने-अपने स्तर पर खूब कानूनी दाव पेच भी चलाए। तीन जून को मामले में इरफान, रिजवान, मो. शरीफ, शौकत अली व इजराइल आटे वाला को को कोर्ट ने आगजनी, नुकसान पहुंचाने, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दोषसिद्ध किया गया था।

**कानपुर नगर।** बुरे काम का बुरा नतीजा ना मानो तो करके देखो वाली कहावत सटीक तरीके से इरफान सोलंकी और उसके भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी समेत उसके गैंग के सभी सदस्यों पर फिट बैठती है। क्या कभी किसी ने सोचा था कि सपा विधायक इरफान सोलंकी जिसने आई.ए.एस. आईपीएस पुलिस वालों को कुछ नहीं समझा उनके साथ मारपीट दुर्व्यवहार करना नहीं छोड़ा

जिसने डाक्टरों को पहले पीटा और फिर उसके बाद जो निर्दोष मेडिकल छात्र थे अखिलेश यादव की सरकार में आईपीएस अधिकारी यशस्वी यादव और उसकी फोर्स की मदद लेकर उन्हें इतनी बुरी तरह से पिटवाया की उनमें से कई छात्र आज भी लंगड़ा कर चलते हैं, दर्जनों मुकदमे मेडिकल छात्रों पर लगवा दिए उन्हें जेल कटवा दी। और इसके बाद इस दबंग विधायक ने पूरे देश में डॉक्टरों की हड़ताल हो जाने के बाद भी अखिलेश यादव से यह कह रखा था कि आपको झुकना नहीं है जिस कारण हजारों मौतें हुई और यह सारी मौतें अखिलेश यादव, यशस्वी यादव और विधायक इरफान सोलंकी के मत्थे चढ़ीं लेकिन उस समय इनका वक्त बहुत अच्छा था पाप का घड़ा धीरे-धीरे भरता है वैसा हुआ भी जंगल राज कायम करने वाले अखिलेश यादव की सरकार चली गई, अनैतिक लाभ पहुंचाने वाला आईपीएस यशस्वी यादव भी अपने कैडर में वापस हो गया। अपनी ताकत के नशे में चूर इस विधायक और उसके भाई ने जब एक बेवा पर बे इंतेहा जुल्म किया तो ऊपर वाला भी रो पड़ा, और उसने नीचे बैठे एक साधु योगी आदित्यनाथ को इशारा भर किया और योगी आदित्यनाथ ने इशारा किया तत्कालीन पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड और उनके जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी को और जब कार्रवाई का डंडा चला तो इस विधायक को पुलिस ने कानून का पट्टा पहनाया और इसे जेल भी जाना पड़ा रोना भी पड़ा जमीन में सोना भी पड़ा और अब सात साल की सजा भी कोर्ट ने सुना दी है।

शुक्रवार को चर्चित अग्निकांड मामले में कानपुर की एमपी एमएलए सेशन कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत सभी दोषियों को सात साल की सजा सुनाई है। इससे पहले कोर्ट ने इन सभी आरोपियों को दोषी करार दिया था। सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत रिजवान, मो. शरीफ, इजरायल आटेवाला, शौकत पहलवान को सात साल की सजा और 30500 जुर्माना लगाया है।

जहां एक और सजा सुनाने के बाद रिजवान सोलंकी और अन्य आरोपी यह बोले कि उनके साथ इंसाफ नहीं हुआ है तो वहीं दूसरी ओर नजीर फातिमा बोली कि न्याय के मंदिर और उसमें बैठे देवता दोनों पर भरोसा था और उन्हें मायूस नहीं होना पड़ा है उन्हें इंसाफ मिला है। नजीर फातिमा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, न्यायाधीश, पुलिस कमिश्नर, जॉइंट पुलिस कमिश्नर के साथ-साथ तत्कालीन पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड, जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी सभी गवाहो अधिवक्ता प्राची श्रीवास्तव सरकारी वकील भास्कर मिश्र, दिलीप अवस्थी समेत सभी मिडिया जगत के लोगों को भी दिल से धन्यवाद कहा है।

### इन गवाहों ने अपनी जान पर खेल कर की कानून और पीड़ित की मदद

सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसका गैंग हमेशा हर बार इसलिए बच जाता था क्योंकि उसके और उसके गैंग के खिलाफ कोई गवाही नहीं देता था।

लेकिन समाजसेवी अकील अहमद खान समाज सेवी नसीम आरिफ समाज सेवी बरकाती नेट डटकर कानूनी प्रक्रिया में अपनी ईमानदारी से गवाही दी।

लेकिन जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने भी उन्हें सुरक्षा में देने में कोई कमी नहीं बरती थी।

### वकील प्राची श्रीवास्तव ने क्या कहा

अभियोजन पक्ष की वकील प्राची श्रीवास्तव ने कहा कि दोषी इरफान सोलंकी लोक सेवक हैं। उनकी जिम्मेदारी दूसरों से ज्यादा थी। उनका अपराध गंभीर है, इसलिए कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इससे समाज में नजीर पेश होगी। पीड़िता गरीब और बेघर है, इसलिए जुर्माने की अधिकतम राशि पीड़िता को दी जाए।

### वकील सईद नकवी ने क्या कहा

बचाव पक्ष के वकील साईद नकवी ने कहा कि इरफान सोलंकी विधायक हैं। सजा से उनकी विधायकी पर भी खतरा है। उन्होंने के.डी. ए से प्लॉट खरीदा था। आगजनी के सबूत नहीं हैं। इसलिए कम से कम सजा दी जाए।









### विधायक इरफान सोलंकी को हाई कोर्ट से भी राहत मिलना मुश्किल

कानूनी जानकारों का कहना है कि सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके गैंग के सदस्यों को जो 7 साल की सजा सेशन कोर्ट से मिली है उसमें उसे हाई कोर्ट इलाहाबाद से राहत मिलना मुश्किल प्रतीत हो रहा है। कानूनी जानकारों का कहना है कि सपा विधायक इरफान सोलंकी का खुद का गवाह ऋषभ गुप्ता कोर्ट में पलट गया था। और उसने जो बातें कोर्ट में बताई थी वह मेरिट के आधार पर हाई कोर्ट इलाहाबाद प्रयागराज के न्यायमूर्ति की भी नजर में आएगा हो सकता है कि ऐसे कई बिंदु हैं उनके आधार पर इरफान और उसके गैंग को राहत न मिले। लेकिन कानूनी जानकारों का यह भी कहना था कि न्यायालय स्वतंत्र है वह कोई भी फैसला दे सकती है।



## नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम पद के लिए चुने जाने पर जताया हर्ष

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का नेता चुने जाने और अठारहवीं लोकसभा में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के फिर से सरकार बनाने का दावा पेश करने की खुशी में केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुये व पुष्पवर्षा कर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुना है। भाजपा देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रही है। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि देश की जनता को पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है देश भर की जनता ने एक समर्थ शक्तिशाली विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए भाजपा को वोट दिया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक महेश त्रिवेदी, एमएलसी अरुण पाठक, रघुनंदन भदौरिया, अनूप अवस्थी, प्रबोध मिश्रा, सुनील नारंग, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, मनीष त्रिपाठी, रामदेव शुक्ल, वीरेंद्र दिवाकर, अनीता त्रिपाठी, रमाकांत शर्मा, कमलजीत सिंह बग्गा, अंकुर गुप्ता, तेज बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

## सूर्य नमस्कार, इंजनदौड, योग निद्रा आदि का अभ्यास कराया

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगोत्सव पखवाड़े के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिसके अंतर्गत 15 दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन शुक्रवार को योग प्रशिक्षिका सोनाली धनवानी ने प्रतिभागियों को तनाव प्रबंधन में मदद करने के लिए स्वस्थ खान-पान की विभिन्न आदतों के बारे में बताते हुए सूर्य नमस्कार, इंजनदौड, योग निद्रा आदि का अभ्यास कराया। सभी प्रतिभागियों ने उनसे बीमारी संबंधित प्रश्न भी पूछे। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में नगर के विभिन्न क्षेत्र से कुल 313 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने के लिये कुल 7 बैच बनाये गये हैं जिसमें प्रत्येक बैच में 45 प्रतिभागी हैं। सुबह चार और शाम को तीन बैच को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कुलानुशासक डॉ.प्रवीन कटियार ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिये हमारी जीवन शैली अच्छी होनी चाहिये एवं हमें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत अधिक चिंता या तनावग्रस्त होने से हम उच्च रक्तचाप, सिरदर्द और हृदय की समस्याओं जैसी बीमारियों से ग्रसित हो सकते हैं। इसलिए हर दिन योगाभ्यास करना आवश्यक है। कक्षाओं के संचालन में पलक, ज्योति, अंकिता आदि योग के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## नीट परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट छात्र-छात्राएं उतरे सड़कों पर

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



नीट परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट छात्र, छात्राओं ने कल सैकड़ो की तादाद में इकट्ठा होकर काकादेव की सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया कोचिंग सेंटर में जाकर छात्राओं को जागरुक करते हुए नीट परीक्षा परिणाम के विरोध में नारेबाजी की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार और परीक्षा आयोजकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। असंतुष्ट छात्र-छात्राओं का आरोप है कि नीट की परीक्षा होने से दो दिन पूर्व ही पेपर टेलीग्राम पर बिकने शुरू हो गए थे। कई राज्यों में पेपर लीक होने के के बाद एफआईआर हुई लेकिन धांधली करने वालों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। एक ही सेंटर से 8 परीक्षार्थियों का रिजल्ट शत प्रतिशत आना धांधली को दर्शाता है। जो रैंक तीन हजार होनी चाहिए वह तीस हजार कैसे पहुंच गई। नीट परीक्षा का जो रिजल्ट 14 तारीख को आना था वह चुनाव के समय में घोषित कर दिया गया। प्रदर्शनकारी छात्राओं का आरोप है कि दोबारा परिणाम घोषित किए जाएं या दोबारा परीक्षा कराई जाए। नीट परीक्षा परिणाम आने के बाद से आठ परीक्षार्थियों ने असफल होने पर आत्महत्या की है। अगर इसी तरह पेपर लीक होते रहे तो उनका और आने वाले परीक्षार्थियों का भविष्य अधर में फंस जायेगा। इस धांधली से आत्महत्याएं बढ़ेगी। वह सरकार से फेयर परीक्षा की मांग करते हैं। अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वह आगे भी सड़कों पर उतरकर पूरे देश में प्रदर्शन करेंगे।

न्याय पाने के लिए उन्हें कहीं भी जाना पड़े जाएंगे वह कोर्ट से भी गुहार लगा रहे हैं और रिट दाखिल कर रहे हैं।

## खाद्य दिवस पर बोले कुलपति सुरक्षित भोजन बेहतर स्वास्थ्य है

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर शुक्रवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डा.आनंद कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 7 जून को मनाये जाने वाले विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन के सहयोग से वर्ष 2018 से 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की थीम सुरक्षित भोजन बेहतर स्वास्थ्य है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानव शरीर के निर्माण में भोजन एक महत्वपूर्ण तत्व है। शरीर में ऊर्जा और सही पोषण के लिए साफ सुथरा भोजन लेना जरूरी है।

डॉ सिंह ने कहा कि डब्लू एच ओ के अनुसार डायरिया और कैंसर सहित करीब 200 बीमारियां ऐसी हैं जो अनसेफ फूड यानी कि खराब खाने के कारण होती हैं।

उन्होंने बताया कि हम लोग अक्सर बाहर का खाना, स्ट्रीट फूड आदि खाते हैं जिसमें प्रयोग होने वाला तेल, मैदा, आटा और चावल अच्छी गुणवत्ता का नहीं होता है और न ही साफ सफाई से बनाया जाता है। कुलपति ने कहा कि सुरक्षित भोजन सभी लोगों का अधिकार है

इसलिए पोषण युक्त सुरक्षित भोजन ग्रहण करना स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

## दो गुटों में वर्चस्व को लेकर जमकर हुआ बवाल

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



रावतपुर में वर्चस्व को लेकर दो गुटों में संघर्ष हो गया। एक गुट ने आठ से दस गुंडों के साथ दूसरे के घर पर पथराव कर दिया। इसके बाद ताबड़तोड़ पथराव किया और फिर तमंचे से कई राउंड फायरिंग की। इससे इलाके में दहशत फैल गई।

मोहल्ले वालों की सूचना पर रावतपुर थाने की पुलिस तो पहुंची, लेकिन इससे पहले दबंग भाग निकले। पथराव और फायरिंग होने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, लेकिन पथराव और फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी।

एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि रावतपुर थाना क्षेत्र का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो की जांच की गई तो सामने आया कि रावतपुर के रहने वाले शकील नामक व्यक्ति के साथ मारपीट और फायरिंग की वारदात हुई है। शकील का फैजान नामक व्यक्ति से कोई पुराना विवाद चल रहा है।

इस बात को लेकर फैजान अपने कुछ साथियों के साथ शकील से गाली गलौज और फायरिंग की घटना की गई है। शकील की तहरीर पर फैजान और उसके आधा दर्जन से अधिक गुंडों के खिलाफ मारपीट, पथराव, फायरिंग समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। जल्द ही एक-एक आरोपी की शिनाख्त करके जेल भेजा जाएगा।

## पर्यावरण रक्षा से ही संभव है मानव अस्तित्व की रक्षा: अजय कुमार मिश्रा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में थर्मोडायनेमिक्स सर्विसेज बैंक ऑफ़ बड़ौदा एवं लाइफ केयर मेडिकल के कर्मचारी एवं प्रबंध निदेशकों ने सर्वोदय नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पार्क में वृक्षारोपण किया तथा कर्मचारी एवं प्रबंध निदेशकों को वृक्ष देकर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प दिलाया गया।

इस अवसर पर रामराज परिषद के कानपुर लोकसभा प्रत्याशी अजय कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि के तौर पर सहभागिता की। थर्मोडायनेमिक के डायरेक्टर सुधीर जैन ने इस अवसर पर कहा कि वह स्वयं पर्यावरण के प्रति जागरूक रहकर अपने निवास के पास एक बड़े स्थान को जहां पर कूड़ा फेंका जाता था पर्यावरण अनुकूल पार्क में बदल दिया तथा पनकी में फैक्ट्री के पास भी वृक्षारोपण करके पर्यावरण की रक्षा का कार्य सतत कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि एक सफल उद्यमी होने के बावजूद काफी व्यस्तता होने पर भी बेजुबानों को पीने का पानी उपलब्ध कराने हेतु अपनी कर में पानी लेकर चलते हैं और जहां कहीं भी पशु पक्षी प्यासे दिखते हैं उन्हें पानी पिलाते हैं। रामराज परिषद के प्रत्याशी अजय कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण की रक्षा से मानव का अस्तित्व बचा रह सकता है इसलिए हमको किसी भी प्रकार से पर्यावरण की रक्षा का काम निरंतर करते रहना चाहिए

जिससे प्रकृति भी हमारी रक्षा करेगी इस कार्यक्रम में सुधीर जैन अजय मिश्रा अनूप गौतम महेश तिवारी संजय साहू दीपक दास आशीष कश्यप प्रतीक सिंह आदित्य मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## प्यारेलाल गुप्ता की स्मृति दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

समाजवादी पार्टी के महासचिव, समाजवादी विचारक, डॉ.राम मनोहर लोहिया स्मारक समिति के अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव प्यारेलाल गुप्ता की स्मृति दिवस पर समाजवादी कार्यालय में शाम 4:00 बजे सपा महानगर अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद जी की अध्यक्षता में युवा उद्योग गोष्ठी आरंभ हुई। अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद ने संबोधन में कहा के प्यारेलाल गुप्ता सपा के वरिष्ठ नेता थे तथा राम मनोहर लोहिया तथा सपा संस्थापक माननीय मुलायम सिंह यादव जी के नेतृत्व में 1967 में चुनावी दौर पर साथ रहकर समाजवादी नीतियों को बढ़ाकर युवाओं को प्रोत्साहित तथा उत्साहित करते थे

और कहते थे कि छोटे-छोटे उद्योग लगाओ जिससे देश में स्वदेशी उद्योगो को बढ़ावा मिलेगा।

# सरयू के गुप्तारघाट पर बन रहा मेमोरियल पार्क, भगवान राम से जुड़े प्रसंगों की याद ताजा कराने वाला होगा पार्क

* 16. 57 लाख रुपए की लागत से 1500 स्क्वायर फुट मे तैयार किया जा रहा पार्क

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



चुनाव परिणाम चाहे जो आए हों, मगर योगी सरकार प्रभु श्रीराम की नगरी को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने में जुटी रहेगी। आचार संहिता खत्म होते ही विकास और कायाकल्प से जुड़े कार्य एक बार फिर शुरू होने जा रहे हैं। योगी सरकार ने अयोध्या को चमकाने की अपनी कवायदों को तेज गति से अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया हैं। अयोध्या दर्शन करने के लिए यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को सरयू नदी के गुप्तहरि घाट (गुप्ता घाट) पर स्थापित किए जा रहें मेमोरियल पार्क मे भगवान राम से सम्बन्धित विभिन्न प्रसंगों को देखने व समझने का मौका मिलेगा। पर्यटन विभाग की ओर से गुप्ता घाट पर मेमोरियल पार्क का निर्माण दीपोत्सव तक पूरा होने वाला है। मेमोरियल पार्क का निर्माण करा रही कार्यदाई संस्था के अवर अभियंता एपी सिंह ने बताया कि मेमोरियल पार्क का निर्माण कार्य जुलाई 2023 मे प्रारम्भ हुआ था। इस निर्माण कार्य पर 16 करोड़ 57 लाख रुपए का बजट खर्च किया जा रहा है। इसमे स्टैच्यू लगाए जा रहे हैं जिन पर रामायण काल के प्रसंगों को दर्शाया जा रहा है। दीवारों पर राम से जुड़े प्रसंग दर्शाए जाएंगे। रामायण से जुड़े पात्रों की मूर्तियां लगायी जाएंगी। वहाँ टिकट काउंटर बनाया जाएगा। मेमोरियल पार्क लगभग 1500 वर्ग मीटर मे बनाया जा रहा है। एक टॉयलेट ब्लाक भी बनाया जा रहा है। इसमे अभी उद्यान से सम्बन्धित कार्य होना है जो बरसात मे ही पूरा हो पाएगा। इसको इतना आकर्षक बनाया जा रहा है कि यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों को रामायण काल की याद ताजा हो जाए। यह आने वाले पर्यटकों के लिए फूड कोर्ट की व्यवस्था की गई। इस पार्क में फूल पौधे भी लगाए जाएंगे।

# शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट ने पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



पर्यावरण दिवस के अवसर पर शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा पौधरोपण किया गया। आज के आधुनिकता के दौर में विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का लगातार दोहन हो रहा है जिससे हमारा इकोसिस्टम नष्ट हो रहा है। वृक्षों की लगातार कटाई से स्वच्छ ऑक्सीजन मिलन मुश्किल हो गया है। ऐसे में शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा अपने सदस्यों के साथ मिलकर सतत वृक्षारोपण कार्यक्रम कराए जाने का संकल्प लिया गया। जिसमें ट्रस्ट स्वयं वृक्षारोपण करेगा साथ ही समाज के अन्य लोगों को वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर ट्रस्ट के कार्यालय में पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी वह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताया। ट्रस्ट प्रमुख डॉक्टर विजय शंकर मौर्य ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की वृक्ष के बिना ऑक्सीजन नहीं होगा और ऑक्सीजन के बिना जीवन संभव नहीं होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनील चौहान ने किया। अन्य सदस्यों वैभव शंकर मौर्य सत्यम पाल जयप्रकाश पाल अपूर्व आदि का सहयोग मिला।

# वन विभाग की पौधशाला का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिलाधिकारी निशा अनंत ने वर्षाऋतु में पौधरोपण किए जाने को लेकर वन विभाग की चौहनापुर पौधशाला का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान वहां पर मौजूद विभिन्न प्रजातियों के पौधों की जानकारी ली। एवं संबंधित अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिया।

इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि ग्राम चौहनापुर में दो पौधशालाएं हैं।चौहनापुर प्रथम व चौहनापुर द्वितीय जो एक ही परिसर में स्थापित है।चौहनापुर प्रथम पौधशाला में कुल 349880 थैली पौध उपलब्ध हैं। जिसमें जामुन, शीशम, आम, कंजी, अर्जुन करौंदा, अमरुद नीम पाकड़ आदि प्रजातियां उपलब्ध हैं।

चौहनापुर द्वितीय पौधशाला में कुल 250000 थैली पौध उपलब्ध हैं।जिसमें मुख्यतः जामुन, मीलिया, डुबिया, अर्जुन, शीशम, प्रोसोपिस अमरूद, आंवला आदि प्रजातियां उपलब्ध हैं। पौधों की ऊंचाई ठीक है। जो मानक के अनुरूप है। पौधशाला में सिंचाई हेतु स्प्रिंकलर सेट लगा है। जैविक उर्वरक हेतु वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार की जा रही है। जिसका प्रयोग पौधों में उपयोगी है। जीवामृत भी पौधशाला में तैयार किया जा रहा है। जिसका उपयोग पौधों में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस पौधशाला में जो पौधे तैयार किए जा रहें हैं।उनकी आपूर्ति गौरीगंज विकासखंड में विभिन्न विभागों में वर्षा काल में पौधारोपण के लिए निर्धारित लक्ष्य हेतु की जाएगी।

# बी. एड. प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी ने की बैठक

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**



जनपद में उत्तर प्रदेश संयुक्त बी. एड. प्रवेश परीक्षा 2024-26 के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानन्द गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय प्रतिनिधि, नगर प्रभारी, सहायक नोडल अधिकारी, केंद्र प्रतिनिधि, केन्द्राध्यक्ष और पर्यवेक्षक के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बीएड प्रवेश परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारीयों और केंद्र व्यवस्थापकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रवेश परीक्षा में शासन और विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षा केंद्र की व्यवस्था, शुचिता सम्बन्धी मानक आदि का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। शासन और विश्वविद्यालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में कहा कि प्रत्येक केंद्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित करे कि किसी भी दशा में कक्ष निरीक्षक या जो भी अनुमन्य न हो, वह मोबाइल फ़ोन का उपयोग परीक्षा केंद्र पर न करे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गर्मी को देखते हुए परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पीने की पानी की व्यवस्था, महिलाओं के लिए अलग से गेट पर जाँच की व्यवस्था, चिकित्सीय सुविधा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।अपर पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा के सफल और शुचितापूर्ण आयोजन हेतु केंद्र व्यवस्थापकों, विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों, स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट और पर्यवेक्षकों से अपनी सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी दिया।हर केंद्र पर एक उपनिरीक्षक, एक हेड कांस्टेबल, दो कांस्टेबल और दो महिला कांस्टेबल तैनाती की गयी है। कोषागार से हर केंद्र प्रतिनिधि के साथ पुलिस सुरक्षा और परीक्षा के उपरांत परीक्षा सामग्री कोषागार से आयोजक विश्वविद्यालय बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी तक पहुँचाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा का प्रबंध जिला प्रशासन द्वारा किया गया है।

जनपद में उत्तर प्रदेश संयुक्त बी. एड. प्रवेश परीक्षा के आयोजन हेतु कुल 16 परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया गया है तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 9 जून को प्रातः 09 से 12.00 बजे तक प्रथम पाली और अपराह्न 2.00 बजे से 5.00 बजे तक द्वितीय पाली में कुल 8124 परीक्षार्थियों की परीक्षा हेतु आवंटन किया गया है। शासन द्वारा इस परीक्षा को अतिमहत्वपूर्ण मानते हुए परीक्षा को निर्धारित प्रकिया के अनुरूप सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु सतर्कता, सजगता, आत्म अनुशासन एवं समयबद्धता सम्बन्धी कठोर निर्देश दिए गये है। शासन और आयोजक विश्वविद्यालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर केन्द्राध्यक्ष, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र प्रतिनिधि और दो पर्यवेक्षकों की तैनाती की गयी है। बैठक में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी टांडा मोहनलाल गुप्ता, उपजिलाधिकारी जलालपुर सुभाष सिंह, उपजिलाधिकारी भीटी सौरभ शुक्ला, उपजिलाधिकारी न्यायिक टांडा डॉ. शशि शेखर, तहसीलदार टांडा शिवनरेश सिंह, खण्ड विकास अधिकारी भीटी दिनेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी जलालपुर राम विलास राम, समस्त केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक और परीक्षा से जुड़े अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# जनपद के तीन केंद्रों पर बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 9 जून को

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0 शैक्षिक सत्र 2024-26 के प्रवेश हेतु बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 09 जून 2024 (रविवार) को दो पालियों ने प्रथम पाली प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 02:00 बजे से 5:00 बजे तक जनपद रायबरेली के 03 केंद्रों पर आयोजित की जानी है। जिसमें प्रत्येक पाली में कुल 1284 अभ्यर्थी शामिल होंगे, अभिभावक आदि मिलाकर संख्या अधिक हो जायेगी।

अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह ने बताया कि मुख्य सचिव गृह उ0प्र0 शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में परीक्षा के सफल आयोजन कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी यातायात एवं नगर मजिस्ट्रेट को निर्देश निर्गत किये गये है कि 08 जून 2024 से ही एल0आई0यू0, विशेष अभिसूचना इकाई, इंटेलिजेंस ब्यूरो, को सक्रिय मोड पर रखकर सूचनाओं का संकलन किया जाये। परीक्षा में इलेक्ट्रानिक उपकरणें की मदद व अन्य किसी प्रकार की नकल आदि पर सर्तक दृष्टि रखते हुए नकलविहीन परीक्षा सम्पादित करायी जाये। पी0आर0पी0, 112, व चिह्नित स्थानों पर पुलिस द्वारा पर्याप्त गश्त की जाये। रेलवे स्टेशन, बस स्टाफ होटलों के आस-पास सुरक्षात्मक दृष्टि से पैनी नजर रखी जाये।

एण्टी रोमियो स्क्वाड की टीमें भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराये। भ्रामक/अपुष्ट खबरों/अफवाहों/सोशल मीडिया पर सर्तक दृष्टि रखी जाये। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तत्काल भ्रामक खबरों का खण्डन एवं यथोचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) ने बताया कि केन्द्र व्यवस्थापक /अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देश दिये गये है कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप है नगर क्षेत्र में रेलवे स्टेशन, बस स्टाफ, व अन्य चिहिन्त स्थलों पर नगर पालिका परिषद से सामुदायिक/सार्वजनिक पेयजल, शौचालय टैंकर 08 जून की सांय से व 09 जून 2024 को ऐसे स्थानों पर चिहिन्त कर खड़ा कराये जहाँ पर बाहर से आये अभ्यर्थियों को अधिकाधिक सहूलियत प्राप्त हो सके। परीक्षा केन्द्रों बस स्टाफ, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर फॉगिंग, साफ-सफाई, चूना का छिडकाव भी करा दिया जाये। सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, राज्य सड़क परिवहन निगम रायबरेली इस जनपद से आने-जाने वाले अभ्यर्थियों हेतु पर्याप्त बसों की व्यवस्था सुनिश्चित कराये, बसों के सुचारू रूप से संचालन हेतु स्वयं के साथ-साथ पर्यवेक्षण हेतु बस स्टाफ पर अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क परीक्षा अभ्यर्थी, बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 का बोर्ड लगाकर कर्मचारियों को तैनात दिया जाये जिससे अभ्यर्थियों को गंतव्य परीक्षा केन्द्र तक जाने में कोई अवसुविधा न हो। विद्युत विभाग द्वारा विद्युत व्यवस्था का निर्वाध/सुचारू रूप से परिचालन किया जाये। परीक्षा केन्द्रों, रेलवे स्टेशन में सुरक्षा, प्लेटफार्म, विश्राम गृह, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई आदि की समुचित व्यवस्था करायी जाये। परीक्षा केन्द्रों पर व आस-पास पार्किंग इस प्रकार करायी जाये कि आम जनमानस के आवागमन किसी प्रकार का व्यवधान न उत्पन्न हो।

## शनि जयंती पर हवन कर विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** शहर के रायपुर स्थित शीतला देवी मंदिर में शनि जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हवन के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण भक्तों की उमड़ी भीड़ से खचाखच भरा हुआ था। वहां पर उपस्थित आचार्य मृदुल शास्त्री ज्योतिषाचार्य ने बताया कि आज के दिन शनि भगवान का जन्म हुआ था और आज हमारी सनातनी धर्म की जो महिलाएं हैं वो वट वृक्ष की पूजा करती हैं। अगर किसी पर शनि की साढ़े साती चल रही हो और परेशान हो तो वह शनि मंदिर में आकर पूजा अर्चना करता है तो उसको लाभ मिलता है। भारत में 180 शनि मंदिरों की स्थापना करवाई है जहां आज हवन और भंडारे का आयोजन चल रहा है।

# अधिक से अधिक लोगों को पौधरोपण करना चाहिए : आशीष निगम

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ पौध रोपण कार्यक्रम शुभांकर वेल्फेयर सोसायटी उ. प्र. के तत्वावधान में पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय नया परिसर मे विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर आशीष निगम पुलिस क्षेत्राधिकारी रुदौली व कोतवाल देवेन्द्र सिंह ने पौध रोपड़ कर सोसाइटी के लोगो को बधाई दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि सोसाइटी ने पौध रोपण कर समाज को पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यक्रम किया है। वह समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया है पर्यावरण को बचाने के लिये संदेश देते हुये कहा समाज के सभी लोग को अधिक से अधिक पौध लगाना चाहिए। सोसाइटी के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अधिक मात्रा मे पौध रोपण और संरक्षण का कार्य किया जाएगा। इस अवसर सोसाइटी के प्रबंधक रमेश कुमार यादव सदस्य अमर बहादुर, रामेश्वर, तारिक रूदौलवी, पत्रकार बीरेन्द्र कुमार यादव, रमेश पान्डे, आफताब शेख, आशिफ शेख व पुलिस विभाग के लोग उपस्थित रहे हैं।

# बस की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत, पत्नी व बेटी गंभीर रूप से घायल



**जन एक्सप्रेस । मिल्कीपुर-अयोध्या**

अयोध्या-रायबरेली नेशनल हाईवे पर मिल्कीपुर बाजार में बस की चपेट में आने से एक बाइक चालक की मौत हो गई। बाइक पर बैठी पत्नी व बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने महमूद अहमद को मृत घोषित कर दिया। वहीं बेटी व पत्नी का इलाज चल रहा है।बताया गया कि अमेठी जनपद के थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के महोना पश्चिम गांव निवासी महमूद अहमद (55) पुत्र अब्दुल मुईद अपनी बेटी सैहर बानो की दवा कराने अयोध्या जा रहे थे तथा पत्नी सैकुना बानो भी थी। अयोध्या-रायबरेली हाईवे स्थित मिल्कीपुर बाजार से अमानीगंज रुदौली मार्ग पर मुड़ रही भद्र मां शक्ति ट्रेवल्स सुल्तानपुर लिखी बस से बाइक जाकर टकरा गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने देखने के बाद महमूद अहमद को मृत घोषित कर दिया। वहीं बाइक पर बैठी बेटी व पत्नी को भी गंभीर चोटे आई है। जिनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि मां- बेटी खतरे से बाहर हैं। इनायतनगर इंस्पेक्टर संदीप कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना करने वाली बस को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों की ओर से अभी तहरीर नहीं मिली है।

## ओ लेवल व सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 21 जून तक करें ऑनलाइन आवेदन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए 'ओ' लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना ऑनलाइन संचालित है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस योजनान्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था 'नीलिट' से मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा जनपद के अन्य पिछड़े वर्ग के युवक/युवतियों को 'ओ' लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उ0प्र0 की वेबसाइट पर दिये गये लिंक एवं obccomputertraining.upsdc.gov.in से ऑनलाइन आवेदन 08 जून से 21 जून 2024 तक किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति का प्रिंट आउट प्राप्त कर समस्त अभिलेखों तथा उपलब्ध संसाधनों के विवरण सहित निदेशालय, पिछड़ा वर्ग कल्याण इन्दिरा भवन 10 वॉ तल लखनऊ एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, रायबरेली के कार्यालय में 21 जून 2024 के सांय 05:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा।

# चौहान गुट ने एक साथ 2 शवों का करवाया दाह संस्कार

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जनपद में एक इकलौता व्यापार मंडल चौहान गुट ही है जो एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में लावारिश शवों का निशुल्क अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है। आज ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट एक साथ 2 लावारिश शवों का अंतिम संस्कार करवाने का नेक काम किया। जिसमें एक महिला और एक पुरुष का शव था। जनपद रायबरेली में अब तक चौहान गुट ने 119 लावारिश शवों का अंतिम संस्कार करवा चुका है। जानकारी के अनुसार दिनांक 01/06/2024 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत एक अज्ञात महिला की जिला चिकित्सालय रायबरेली में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। जिसको लेकर संबंधित थाने की पुलिस ने उनके परिजनों की काफी खोजबीन के बाद जब परिजन नहीं मिले तो लावारिस शव को अंतिम संस्कार हेतु थाना जिला चिकित्सालय रायबरेली एसआई पंकज राज शरद ने ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान से संपर्क किया। इसके बाद आवश्यक कार्यवाही और पोस्टमार्टम के बाद लावारिश शव का अंतिम संस्कार कांस्टेबल शिवपन यादव, पीएनओः 212630776, थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली की मौजूदगी में सम्मान के साथ करवाया गया। दूसरा जो लावारिश शव का अंतिम संस्कार करवाया गया वो थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 01/06/2024 को फायर स्टेशन के सामने सड़क दुर्घटना में एक पुरुष जो गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसको घायल अवस्था में जिला चिकित्सालय रायबरेली ले जाया गया जहां पर परीक्षण के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसको लेकर संबंधित थाने की पुलिस ने उनके परिजनों की काफी खोजबीन के बाद जब परिजन नहीं मिले तो लावारिस शव को अंतिम संस्कार हेतु थाना सिविल लाइन चौकी, थाना कोतवाली नगर रायबरेली एसआई शेखर बालियां ने ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान से संपर्क किया। इसके बाद आवश्यक कार्यवाही और पोस्टमार्टम के बाद लावारिश शव का अंतिम संस्कार कांस्टेबल अनुज शुक्ला, पीएनओः 0182631652, थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली की मौजूदगी में सम्मान के साथ करवाया गया। इस मौके पर चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान ने कहा कि लावारिस शव महिला का होने पर प्रशासन द्वारा किसी महिला कांस्टेबल को साथ में नहीं भेजा जाता जिसको लेकर कई बार पहले भी हमने कहा है। क्योंकि लावारिश शव अगर महिला का हो तो उसके अंतिम संस्कार में महिला का होना अति आवश्यक है।

आपको बता दें कि ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट पिछले एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में मिलने वाली लावारिस लाशों का निशुल्क रूप से अंतिम संस्कार करवाता है। लावारिश लाश पुरुष की हो या महिला की, हिंदू की हो या मुसलमान की उसको उसी के धर्म के हिसाब से अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है चौहान गुट।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सी सिंह चौहान के साथ जिलाध्यक्ष मो. उमर, प्रदेश संगठन मंत्री राजेश सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, प्रदेश सचिव हाजी सन्ने, जिला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी वसीम खान, नगर अध्यक्ष आशीष वर्मा, गुड्डू आदि लोग मौजूद रहे।


तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 42°C | 31°C |
| कानपुर | 42°C | 31°C |
| देहरादून | 37°C | 24°C |
| नई दिल्ली | 42°C | 31°C |

# मोदी के 10 साल में बड़े बदलाव हुए

## राजनाथ बोले, प्रधानमंत्री के लिए नाम का प्रस्ताव रखा, कहा, बड़े विजन के नेता हैं

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार एनडीए संसदीय दल के नेता चुने गए। संसद भवन परिसर में एनडीए की मीटिंग हुई। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। जिसका सहयोगियों ने अनुमोदन किया। राजनाथ सिंह ने संसद में कहा, आज हम बीजेपी के संसदीय दल के नेता, एनडीए संसदीय दल के नेता और लोकसभा के नेता के चयन के लिए यहां जुटे हैं। मैं समझता हूं कि नरेंद्र मोदी का नाम इन सारे पदों के लिए सबसे योग्य और उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि 1962 के बाद पहली बार कोई नेता लगातार तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनने जा रहा है। नरेंद्र मोदी के विजन की वजह से एनडीए परिवार में भी वृद्धि हुई है। अलायंस कंपल्शन नहीं बल्कि कमिटमेंट है। जनकल्याणकारी प्रधानमंत्री हैं मोदी राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी जी जैसा संवेदनशील और जनकल्याणकारी प्रधानमंत्री हम लोगों को मिलने जा रहा है। यह खुशी की बात है। हम सबकी पहचान गठबंधन धर्म का निर्वाह करने वाले परिवार के तौर पर हुई है। यह सिलिसिला अटल बिहारी वाजपेयी के समय से ही जारी है। यह हमारा कमिटमेंट है। हमें भारत को सक्षम, समृद्ध और सशक्त राष्ट्र के रूप में आगे ले जाना है।

### 10 साल में भारत की दशा-दिशा में क्रांतिकारी परिवर्तन

राजनाथ सिंह ने कहा कि 10 वर्षों में मोदी के नेतृत्व में भारत की दशा, दिशा में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। अब देश ही नहीं, दुनिया को भरोसा हो गया है कि भारत पूरी दुनिया को नेतृत्व देने का सामर्थ्य रखता है। आज देश दशकों के लिए नहीं सदियों के लिए सशक्त बनाने के लिए अग्रसर हो चुका है। इस काम के लिए मोदी जी से बेहतर कोई नहीं हो सकता है। जिस समय राजनाथ सिंह पीएम मोदी के नाम का प्रस्ताव रख रहे थे। उस दौरान वहां मौजूद सांसद मोदी-मोदी के नारे लगाते रहे।

### पीएम मोदी की दूरदर्शिता का मैं गवाह हूं: राजनाथ सिंह

राजनाथ सिंह ने कहा कि पीएम मोदी दुनिया के लोकतंत्र के सर्वोत्तम नेता हैं। हमने पिछले 10 साल में उनके मंत्रिमंडल में रहकर उनके काम को देखा है। मैं उनकी दूरदर्शिता का गवाह हूं। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की काबिलियत की सराहना देश के 140 करोड़ लोगों के साथ ही दुनिया भर के नेता करते हैं।



# वार्डो में गंदगी का अंबार, नहीं सुनते जिम्मेदार

**✻ वार्ड के नागरिक गंदगी से परेशान, जिम्मेदार मौन, आखिर कैसे हो स्वच्छ भारत मिशन का सपना पूरा**

**जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी**



**इटौंजा,लखनऊ।** लखनऊ जिले की नगर पंचायत महोना के लोगों को शहरी क्षेत्र होने के बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। साफ-सफाई के अभाव में जहां कूड़ा जमा है, वहीं जल निकासी के लिए बनी नालियां कचरे से पटी पड़ी हुई हैं। इन वार्डो में मच्छरों के प्रकोप से लोग परेशान हैं। जबकि जिम्मेदार लापरवाह बनें हैं और अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहें हैं। बताते चले कि वार्ड नंबर 10 शेखटोला, वार्ड नंबर 2, वार्ड नंबर 7 वार्ड नंबर, 4 वार्ड नंबर ,5 वार्ड नंबर मोहल्ला में निवासियों को मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इस वार्ड के निवासियों राम कुमार व मकरंद मिश्रा ने बताया कि वार्ड नंबर 10 व 8,9,5,3,में सफाई कर्मी सिर्फ खानापूर्ति कर चले जाते है और नालियों में गंदगी पटी रहती है। इस वार्ड में साफ़ सफ़ाई ना होने से वार्ड की नालियां गंदगी से पटी पड़ी हुई हैं। वहीं नगर पंचायत के जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते नगर में साफ सफाई की व्यवस्था बदहाल हैं। इसके चलते नगर के वार्ड में चारो तरफ गंदगी पसरी है। गंदगी के चलते मच्छरों के आंतक बढ़ने से लोग परेशान है। जिम्मेदार अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे कि वार्डो में गंदगी कंबर लगा हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन अभियान की अधिकारी धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अखिलेश से मिलने पहुंचे कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी, दी जीत और सहयोग के लिए बधाई

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 में उत्तर प्रदेश में इण्डिया गठबंधन को मिली प्रचंड जीत के बाद आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव एवं प्रभारी यूपी अविनाश पाण्डेय , प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव-सहप्रभारी धीरज गुर्जर, सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा 'मोना' समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलने उनके आवास पहुंचे एवं प्रदेश में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया एवं मिली विजय के लिए बधाई दी।

### नरेंद्र मोदी को लोकसभा का नेता चुने जाने पर कौशल किशोर ने दी बधाई

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** नरेंद्र मोदी को भारतीय जनता पार्टी संसदीय दल के नेता एवं एनडीए के संसदीय दल के नेता व लोकसभा के नेता के रूप में चुने जाने पर देशवासियों को केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने बधाई दी। कौशल किशोर ने कहा देश नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में ऐतिहासिक विकास कार्यों के साथ आगे बढ़ा है और अब हमें विकसित भारत बनाने के लिए आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए कार्य करना है। एनडीए के सभी साथी राष्ट्र निर्माण में अपना अपना सार्थक योगदान देंगे और पूरा देश एकजुट होकर एक ध्येय कि भारत को विकसित बनाना है और आत्मनिर्भर बनाना है इसमें मोदी का साथ दें। कौशल किशोर ने कहा मोदी के नेतृत्व में हम जल्द दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था और पूरे विश्व में हर क्षेत्र में नंबर 1 बनेंगे।

### शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने खटखटाया सीएम का दरवाजा

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष वीपी मिश्रा ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आग्रह किया है कि मोर्चा से संबद्ध कर्मचारी शिक्षक संगठनों राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश, स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, माध्यमिक शिक्षक संघ, राज्य निगम कर्मचारी महासंघ, जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ की मांगों पर तत्काल बैठक कर वांछित निर्णय करायें। 8 दिसंबर 2021 को तत्कालीन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक हुई थी जिसमें मांगों पर समयबद्ध निर्णय करने का निर्णय हुआ था लेकिन मांगें यथावत पड़ी है। कर्मचारियों को आर्थिक छति उठानी पड़ रही है। मोर्चा ने मुख्यमंत्री से बैठक का आग्रह किया था, परंतु बैठक तो दूर भेंट ही नहीं हुई।कर्मचारियों की प्रमुख मांगे क्रमश: वेतन समिति की संस्तुतियों को तत्काल लागू किया जाए जिससे वेतन विसंगतियां ,सेवा नियमावली ,कैडर पुनर्गठन, रिक्त पदों पर नियमित भार्तियां एवं पदोन्नतियां, आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा,न्यूनतम वेतन, रिक्त पदों पर वरीयता, निकाय कर्मियों के दैनिक कर्मचारियों का विनियमितीकरण, कैडर पुनर्गठन सेवा नियमावलियों का प्रावधान,निगमों को सुदृढ़ कर्मचारियों के वेतन महंगाई भत्ते की बकाया किस्त, सेवानिवृत कर्मचारियों के देयको का भुगतान, कैडर पुनर्गठन आदि, रोडवेज की लंबित मांगे बकाया मंगाई भत्ते का भुगतान, रिक्त पदों पर नियमित भर्ती, पदोन्नतियां, माध्यमिक शिक्षक विभाग के तदर्थ अध्यापकों का विनियमितीकरण और कोविड के दौरान नगर भत्ता सीसीए आदि भत्तों की बहाली हैं।

### नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर बधाई

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से भाजपा-एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।डिप्टी सीएम श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास की गति और तेज होगी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ेगा।

### उद्यान मंत्री ने औद्यानिक विकास एवं कार्यक्रमों की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को अपने मंत्री आवास से औद्यानिक विकास को गति प्रदान करने एवं संचालित कार्यक्रमों के ससमय क्रियान्वयन हेतु उद्यान अधिकारियों से वर्चुअल समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु कृषकों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाते हुए निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष शतप्रतिशत पूर्ति किये जाने के निर्देश दिये गये। प्रदेश के प्रत्येक किसान तक लाभ पहुंचाने हेतु हाईटेक नर्सरी का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करते हुए पौध उत्पादन सुनिश्चित किया जाय। उद्यान मंत्री ने कृषकों की आय वृद्धि तथा बागवानी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिर्जापुर में सेन्टर आफ एक्सीलेन्स फार ड्रैगन फ्रूट का निर्माण पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

# राहुल गांधी को रायबरेली सीट पर बने रहना का प्रस्ताव-पास

## लखनऊ में कांग्रेस ऑफिस में फैसला, प्रदेश अध्यक्ष और यूपी प्रभारी मौजूद रहे



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लोकसभा चुनाव में यूपी में कांग्रेस को 6 सीटों पर जीत मिली है। शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय पार्टी कार्यालय पहुंचने। कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। मिठाई खिलाई और पटाखे फोड़कर जश्न मनाया। राहुल गांधी को रायबरेली सीट पर बने रहने का प्रस्ताव रखा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने रखा। जिसका सभी ने समर्थन किया। इस दौरान जीते हुए सांसदों को सम्मानित भी किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने अजय राय ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता खुश है और गौरवान्वित महसूस कर रहा है। अविनाश पांडे और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करता हूं। लोकसभा चुनाव के बाद से आज पहली बार हमारी बैठक संपन्न हुई है। चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में इंडिया गठबंधन में शामिल नेताओं का आभार व्यक्त किया गया। अजय राय ने कहा कि 80 लोकसभा सीटों पर व्यक्तिगत रूप से मैं स्वयं पहुंच पाया और हमारे संगठन के सभी सहयोगी दल ने मेहनत की। बड़ी ही गंभीरता के साथ में सहयोगी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में साथ दिया है। उन्होंने राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा की तारीफ करते हुए कहा कि पदयात्रा के बाद देश की जनता नए सिरे से सोचने पर मजबूर हो गई। राहुल गांधी की परिश्रम के प्रति देश की जनता ने पूरा सहयोग दिया है। उन्होंने यूपी की जनता का आभार व्यक्त किया। अविनाश पांडेय ने कहा कि कम संसाधन होने के बावजूद भी बढ़-चढ़के हमारे कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। प्रदेश में एक नया बदलाव आया है। कांग्रेस पार्टी इस पर लगातार चर्चा कर रही है। प्रदेश की 80 सीटों पर जो रुझान में देखने को मिला है आने वाली 2027 की तैयारी में संगठन तैयारी पर लग गया है। भले ही हमारी केंद्र में सरकार नहीं बनी है। लेकिन हमने जनता के लिए बेहतर काम किया है और आगे भी संघर्ष करते रहेंगे।

### 9 प्रस्ताव पास किये

अविनाश पांडेय ने पार्टी ने आगामी रणनीति को लेकर 9 प्रस्ताव पास किये हैं। कहा कि प्रदेश में बहुत जल्द कार्यकारिणी की बैठक बुलाई जाएगी। इनमें महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा होगी। इसके अलावा पार्टी ने फैसला किया है कि 11 जून से 15 जून के बीच एक विशेष धन्यवाद अभियान चलाया जाएगा। जिसमें पार्टी के कार्यकर्ता सभी विधानसभा क्षेत्रों में जाएंगे और जनता का धन्यवाद करेंगे। प्रियंका गांधी और राहुल गांधी का संदेश आने वाले दिनों में जनता तक पहुंचाने का काम पार्टी के कार्यकर्ता करेंगे। इस दौरान रामपुर खास से कांग्रेस की विधायक आराधना मिश्रा मोना भी मौजूद रहीं।

# मोदी के एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने बीजेपी ने मनाया विजयोत्सव

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारतीय जनता पार्टी संसदीय दल तथा एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने फिर एक बार मोदी सरकार के जयघोष के साथ पार्टी के प्रदेश मुख्यालय सहित प्रदेश के सभी जिला केन्द्रों पर विजयोत्सव मनाया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी को भाजपा संसदीय दल के नेता, एनडीए संसदीय दल के नेता तथा लोकसभा के नेता के रूप में चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं। जनता का विश्वास सिर्फ और सिर्फ मोदी के साथ है, लगातार तीसरी जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है। नया भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास यात्रा को और अधिक गति तथा शक्ति देने के लिए तैयार है।भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर शुक्रवार को ढोल नगाड़ों की थाप पर फिर एक बार मोदी सरकार के जयघोष के साथ पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने स्थानीय नागरिकों के साथ आतिशबाजी करते हुए जीत का जश्न मनाया। भाजपा के झंडों को फहराते हुए भारत माता की जय, वन्दे मातरम।

# लखनऊ में बकरीद के चांद का हुआ ऐलान, 17 जून को मनाई जाएगी बकरीद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को शिया मरकज़ी चांद कमेटी हिंदुस्तान के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने बकरीद के चांद का ऐलान कर दिया है। 17 जून को बकरीद का त्योहार मनाया जाएगा। वहीं सुन्नी मरकज़ी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने भी बकरीद के चांद का ऐलान कर दिया है। मौलाना खालिद रशीद ने बताया कि शुक्रवार को देश के विभिन्न इलाकों में चांद देखा गया है। जिसके बाद मौलाना खालिद रशीद ने शनिवार 8 जून को 1 ज़िल्हिज्जा ऐलान किया। वहीं 17 जून को बकरीद का त्योहार मनाए जाने की जानकारी दी।

# ग्राम पंचायतों की स्वतंत्रता एवं विकेन्द्रीकरण को प्रभावित करने का फैलाया जा रहा भ्रम: अटल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

निदेशक पंचायतीराज अटल कुमार राय ने बताया कि ग्रामीणजनों को आवश्यक जनसेवायें उनकी अपनी ग्राम पंचायत में ही उपलब्ध हो सके इसके लिए प्रदेश के समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय स्थापित किये गए है। उन्होंने बताया कि जुलाई 2021 तक लगभग 33000 पंचायत भवनों का जीर्णोद्धार ,मरम्मत कराया गया तथा अवशेष ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्माण कराकर ग्राम सचिवालय स्थापित किया गया। जिसमें लगभग 5000 करोड़ रूपये व्यय हुआ है।श्री राय ने बताया कि साथ ही ग्राम सचिवालय संचालन हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक पंचायत सहायक,एकाउन्टेन्ट कम डाटा इण्ट्री आपरेटर की तैनाती की कार्यवाही भी की गई जोकि कार्यालय अवधि में संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवालय में उपस्थित रहते है। निदेशक पंचायतीराज ने बताया कि ग्राम सचिवालय को कार्यालय के रूप में विकसित किये जाने हेतु सचिवालय में कार्यालय उपकरण यथा कम्प्यूटर, प्रिन्टर, इण्टरनेट, कुर्सी, मेज इत्यादि की भी व्यवस्था कराई गई। उन्होंने बताया कि इसके अलावा ग्राम सचिवालयों में जनसेवा केन्द्र स्थापित किये जाने की कार्यवाही की गई जिसमें 243 जनसेवाओं को ग्रामीण जनों को प्रदान करना प्राविधानित है जिसका उ?द्देश्य यह था कि ग्रामीणजनों को विकास खण्ड,जनपद स्तर पर न जाना पडें एवं यह सुविधाएं उन्हें अपनी ग्राम पंचायत पर ही उपलब्ध हो जाये। यह पाया गया कि कतिपय ग्राम सचिवालय क्रियाशील नहीं हो पा रहे तथा ग्राम पंचायतों द्वारा ग्राम सचिवालय से भुगतान आदि न करके अन्यत्र स्थानों यथा साइबर कैफे इत्यादि से किया जा रहा है। समस्त पंचायतों में ई-ग्राम स्वराज तथा पीएफएमएस के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान ग्राम सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर सिस्टम एवं इण्टरनेट के माध्यम से ही किया जाएगा।

# नए विवाद में फंसा लखनऊ का मेदांता हॉस्पिटल, गैस की परेशानी पर हार्ट वाल्व खराब बताकर मांगे 8 लाख

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ के टॉप कॉर्पोरेट हॉस्पिटल में से एक मेदांता अस्पताल से जुड़ा नया विवाद सामने आया हैं। आरोप हैं कि मरीज की जान को खतरा बताते हुए अस्पताल ने इलाज के लिए 8 लाख रुपए मांगे। वहीं महानगर स्थिति दूसरे निजी अस्पताल में महज 125 रुपए की दवा देकर मरीज को ठीक कर दिया। मरीज को गैस की समस्या हुई थी। उधर, मेदांता के डॉक्टर मरीज के हार्ट वाल्व बदलने की बात कर रहे थे। तीमारदारों का यह भी आरोप हैं कि जब उन्होंने मेदांता अस्पताल में इलाज न करवाने की बात कही गई तो उनसे बदतमीजी की गई। बड़ी मुश्किल से मरीज को छोड़ा गया। मरीज की तरफ से मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई हैं। ढ्ढत्रक्रस् के तहत भेजी गई लिखित शिकायत में मुकदमा दर्ज करने की मांग की। अब इस मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। सुशांत गोल्फ सिटी निवासी मोहन स्वरूप भारद्वाज 23 मई को घर पर गश खाकर गिर गए। शरीर से पसीना आने लगा। भाई व पत्नी उन्हें मेदांता हॉस्पिटल ले गए। यहां एंजियोग्राफी समेत अन्य जांच की। इसके बाद मरीज के हार्ट में वाल्व बदलने की बात कहते हुए इलाज के लिए करीब 8 लाख रुपए का इंतजाम करने को कहा। यह भी कहा, जल्दी करो, वरना मरीज मर जाएगा। परिजनों ने दो लाख रुपए होने की बात कहते हुए इलाज करवाने में असमर्थता जताई और मरीज को दूसरे अस्पताल ले जाने लगे। आरोप है कि इस पर भड़के डॉक्टर व स्टॉफ उनसे अभद्रता करने लगा। काफी देर की मशक्कत पर मरीज को छोड़ा।

### मेदांता अस्पताल ने शुक्रवार को जारी की सफाई

वहीं मेदांता अस्पताल प्रशासन ने मरीज के सभी आरोपों को निराधार बताया है। मेदांता अस्पताल प्रशासन की तरफ से कहा गया है कि जरुरी जांचें कराई गई। मरीज के हार्ट में दिक्कत थी। जिसके इलाज के लिए परामर्श दिया गया था, लेकिन मरीज के परिवार के लोग मरीज को लेकर चले गये। मरीज की जांच के उपरांत बनाई गई डायग्नोज एक्यूट हार्ट अटैक की थी। पर मरीज की पत्नी के द्वारा आगे इलाज कराने से मना कर दिया और मरीज को ले गये।

# उर्जा मंत्री का चौबीसों घण्टे विद्युत आपूर्ति का फरमान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विद्युत आपूर्ति, अनुरक्षण संबंधी समस्याओं, शटडाउन, विद्युत व्यवधान होने पर शीघ्र निराकरण,ओवरलोडिंग संबंधी समस्याओं तथा लो वोल्टेज आदि की समस्याओं पर अधिकारियों से चर्चा कर विद्युत व्यवस्था में सुधार के सख्त निर्देश दिए। विद्युत कार्मिक अधिकारी हो या कर्मचारीउपभोक्ताओं के प्रति अपने व्यवहार और कार्यशैली में सुधार लाएं। उन्होंने सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्देशित किया कि शटडाउन की अवधि 02 घंटे से अधिक नहीं होनी चाहिए। अधीक्षण और अधिशासी अभियंता अपने क्षेत्रों में जनप्रतिधियों से संवाद कर विद्युत व्यवस्था में सुधार संबंधी सुझाव प्राप्त कर विद्युत सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही करे। विद्युत संबंधी प्राप्त जन शिकायतों को निर्धारित समय में निस्तारण भी किया जाए।ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शनिवार को शक्ति भवन में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप चल रहा है, गर्मी में आमजन को परेशानी न हो, इसके लिए कहीं पर भी अनावश्यक बिजली कटौती न की जाए, जहां पर भी विद्युत आपूर्ति संबंधी व्यवधान उत्पन्न हो, उसका शीघ्र निराकरण करें। ट्रांसफार्मर के जलने, विद्युत तार टूटने, लो वोल्टेज, ट्रिपिंग आदि समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए। सभी डिस्काउंट में पर्याप्त ट्राली ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर भीषण गर्मी में शीघ्र ही आपूर्ति बहाल की जा सके।उन्होंने सभी डिस्काम के प्रबंध निदेशकों को प्रदेश में 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। अतिभारित फीडरों में विद्युत चोरी रोकने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए, साथ ही राजस्व वसूली के लिए प्रयास किए जाए। छोटे बकायदारों के कनेक्शन काटने के बजाय बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई करें। विद्युत की पीक डिमांड किस समय है, इस बात का ध्यान रखते हुए यह सुनिश्चित करें कि कहीं उनके क्षेत्र में अनधिकृत तरीके से तो विद्युत उपयोग नहीं हो रही है। व्यवसायिक व औद्योगिक क्षेत्रों में भी विद्युत अपूर्ति के साथ ही राजस्व वसूली पर भी विशेष ध्यान दिया जाये। विद्युत का सबसे अधिक उपयोग इन्हीं क्षेत्रो में होता है।

# अवैध मिट्टी खनन पर नहीं लग पा रही रोक, दिन दौड़ते ट्रैक्टर ट्राली

**✻ पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी नहीं लग पा रहे लगाम जिम्मेदार मौन**

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



पुलिस व राजस्व विभाग के कर्मचारी से साठगांठ चौकी व इटौंजा व महिगवां थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। पूरे दिन चौकी व? थाने के सामने से मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रालियां निकलती रहतीं हैं। पुलिस व प्रशासन आंखें मूंदे रहता है। इटौंजा व महिगवां क्षेत्र में जगह-जगह मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। एक जनप्रतिनिधि ने बताया कि मिट्टी खनन होने पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। चौकी व थाना के सामने से पूरे रात मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्रालियां निकलतीं हैं। कुछ माह पहले एसडीएम बीकेटी की सूचना पर लेखपाल व तहसीलदार ने मिट्टी खनन करने वालों के खिलाफ बीकेटी में मुकदमा दर्ज कराया था। साठ गांठ के चलते छोड़ दिया गया था, खनन करते पकड़ लिए थे। उन्होंने खनन माफिया व उनके गुर्गो पर मामला दर्ज कराया था। इटौंजा एवं महिगवां क्षेत्र में रात के अंधेरे में जेसीबी लगाकर ट्रैक्टर ट्राली से खनन किया जाता हैं। मिट्टी ट्राली में भरकर बेची जा रही है। ट्रैक्टर ट्राली व डंपर क्षेत्र में लगातार दौड़ रहे हैं। लासा क्षेत्र के दरोगा धीरेंद्र राय एवं सिपाही ने बताया कि अवैध खनन की सूचना मिलेगी तो खनन अधिकारी के साथ मिलकर कार्रवाई करेंगे।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# रोकनी होगी भोजन की बर्बादी

**विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि खाद्य अपव्यय को रोके बिना खाद्य सुरक्षा सम्भव नहीं है। इस रिपोर्ट में वैश्विक खाद्य अपव्यय का अध्ययन पर्यावरणीय दृष्टिकोण से करते हुए बताया है कि भोजन के अपव्यय से जल,जमीन और जलवायु के साथ साथ जैव-विविधता पर भी बेहद नकारात्मक असर पड़ता है। रिपोर्ट के मुताबिक हमारी लापरवाही के कारण पैदा किए जाने वाले अनाज का एक तिहाई हिस्सा बर्बाद कर दिया जाता है। देश में एक तरफ करोड़ो लोग खाने को मोहताज है। वहीं लाखों टन खाना प्रतिदिन बर्बाद किया जा रहा है।**

*रोटी, कपड़ा और मकान मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएं मानी जाती है। जिसके बिना मनुष्य का जीवन बहुत मुश्किल है। इसमें रोटी सबसे महत्वपूर्ण है। क्योंकि रोटी के बिना तो मनुष्य जिन्दा भी नहीं रह सकता है। खाद्य सुरक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित किया जाना है कि हर व्यक्ति को पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित और पौष्टिक भोजन मिल सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में हर दस में से एक व्यक्ति दूषित भोजन का सेवन करने से बीमार पड़ जाता है। जो कि सेहत के लिए एक बड़ा खतरा है। कोरोना महामारी के संक्रमण को देखते हुए इस बार विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस संक्षिप्त रूप में मनाया जाएगा। जिसमें लोगों को सेहत से जुड़े मुद्दों पर ऑनलाइन एक-दूसरे के साथ बातचीत करने का मौका मिलेगा। इस बार हम छठवां विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मना रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इससे खाद्य सुरक्षा लेकर लोगों में जागरुकता फैलाई जा सकती है और विश्व स्तर पर खाद्य पदार्थों से होने वाली बीमारियों को भी ध्यान में लाया जा सकता है। इस दिन को मनाने के पीछे खाद्य सुरक्षा के प्रति लोगो को जागरूक करने का उद्देश्य था। जो खराब भोजन का सेवन करने की वजह से गंभीर रोगों के शिकार बन जाते हैं। भोजन की कमी व दूषित भोजन खाने से प्रतिवर्ष हजारों लोगों की जान चली जाती है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व स्वास्थ्य संगठन और खाद्य और कृषि संगठन को दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों का नेतृत्व करने और पौष्टिक खाने के प्रति लोगों को जागरुक करने की जिम्मेदारी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दिसंबर 2018 में पहली बार खाद्य और कृषि संगठन के सहयोग से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया था। इसके बाद पहली बार 7 जून 2019 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया गया था। तब से हर वर्ष 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में अपने मन की बात कार्यक्रम में देश की जनता से बात करते हुए लोगों से खाने की बर्बादी रोकने की अपील की थी। उन्होने कहा कि ऐसा करना गरीबों के साथ अन्याय व समाजद्रोह है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि आपने कभी सोचा है कि हम जो जूठन छोड़ देते हैं। उससे हम कितने गरीबों का पेट भर सकते है? उन्होने कहा था कि इस पर सामाजिक जागरूकता बढनी चाहिए। भारत में अनाज को अन्नदेव का दर्जा प्राप्त है। यही कारण है कि हमारे देश में भोजन झूठा छोडना या उसका अनादर करना पाप माना जाता है। मगर आधुनिकता के चक्कर में हम अपने पुराने संस्कार भूल गए हैं। हमारे यहां शादियों, उत्सवों या त्यौहारो में होने वाली भोजन की बर्बादी से हम सब वाकिफ हैं। इसके उपरांत भी हम इन अवसरों पर ढेर सारा खाना कचरे में फेंक है। कई बार तो घरों के आसपास फेंके गए भोजन से उठने वाली दुर्गंध एवं सड़ांध वहां रहने वालों के लिए परेशानी खड़ी कर देती हैं। शादियों में खाने की बर्बादी को लेकर भारत सरकार भी चिंतित है। खाद्य मंत्रालय ने कहा है कि वह शादियों में मेहमानों की संख्या के साथ ही परोसे जाने वाले व्यंजनों की संख्या सीमित करने पर विचार कर रहा है। इस बारे में विवाह समारोह अधिनियम, 2006 कानून भी बनाया गया है। हालांकि इस कानून का कड़ाई से कहीं भी पालन नहीं किया जाता है। भारत में हर वर्ष जितना भोजन तैयार होता है उसका एक तिहाई बर्बाद चला जाता है। बर्बाद जाने वाला भोजन इतना होता है कि उससे करोड़ो लोगों की खाने की जरूरत पूरी हो सकती है। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारत में बढ़ती सम्पन्नता के साथ ही लोग खाने के प्रति असंवेदनशील हो रहे हैं। खर्च करने की क्षमता के साथ ही खाना फेंकने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। विश्व खाद्य संगठन के अनुसार देश में हर साल पचास हजार करोड़ रूपये का भोजन बर्बाद चला जाता है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**वैसे भी भाजपा बहुमत के आंकड़े से ज्यादा दूर नहीं है, इसलिए यह उम्मीद की जाती है कि तेलुगु देसम पार्टी, जनता दल-यू, शिवसेना समेत अन्य सहयोगी दलों के साथ उसके लिए सरकार चलाना कहीं अधिक आसान होगा। इसके बाद भी इतना तो है ही कि प्रधानमंत्री मोदी पहली बार गठबंधन सरकार का संचालन करेंगे। हालांकि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के तहत कार्य करने के कारण वह ऐसी सरकार के संचालन के तौर-तरीकों से अवगत हैं, लेकिन स्वयं उनके लिए ऐसी सरकार चलाना एक नया अनुभव होगा। लेकिन वे भाजपा संगठन में अनेक पदों पर रहते हुए संगठन की गतिविधियों के कुशल संचालन से भिज्ञ है।**

# अब भी मोदी सबसे बड़े एवं वर्चस्वी नेता हैं



- ललित गर्ग

**दुनिया जब आर्थिक संकट झेल रही है, भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, निश्चित ही गठबंधन सरकार का उनका संचालन उनकी नेतृत्व क्षमता और सबको साथ लेकर चलने के राजनीतिक कौशल को एक नया आयाम देगी।**

अठहरवीं लोकसभा चुनाव के नतीजे भले ही अपने अंदर कई संदेशों को समेटे हुए हैं, भले ही भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला हो, भले ही इंडिया गठबंधन एक चुनौती के रूप में खड़ा हुआ हो, फिर भी तीसरी बार नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बनते हुए नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये वे पहले दो कार्यकाल से अधिक शक्ति, संकल्प एवं जिजीविषा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सीटों के लिहाज से भाजपा को भले ही नुकसान हुआ, लेकिन लगातार तीसरी बार वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। ओडिशा और तेलंगाना में पार्टी ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबको चौंकाया है। ओडिशा में लोकसभा ही नहीं, विधानसभा में भी पार्टी ने बीजू जनता दल का 24 साल से चला आ रहा वर्चस्व तोड़ा। अरुणाचल प्रदेश की 60 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में 54 प्रतिशत मत और 46 सीटों के प्रचंड बहुमत के बल पर भाजपा सरकार बनाने में सफल हुई है। वहीं, गुजरात, छतीसगढ़ और मध्य प्रदेश भाजपा के गढ़ बने हुए हैं, जबकि देश की राजनीति में अब भी मोदी सबसे बड़े एवं वर्चस्वी नेता है। वे अब भी अपने चौंकाने वाले एवं आश्चर्य में डालने वाले विलक्षण एवं अनूठे फैसलों से राष्ट्र को विकास की नई उड़ान देते रहेंगे। भाजपा को कम सीटें मिले कारणों की समीक्षा एवं मंथन करते हुए अपनी हार के कारणों को सहजता एवं उदारता से स्वीकारना चाहिए एवं जिन गलतियों के कारण कम सीटें मिली, उन्हें दूर करना चाहिए। इस बार के चुनाव को नियोजित एवं प्रभावी तरीके से सम्पन्न करने में चुनाव आयोग की भूमिका सराहनीय रही। भले ही इंडिया गठबंधन ने ईवीएम और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगाकर देश एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कलंकित किया था। लेकिन चुनाव परिणाम ने न केवल इस प्रकार के भ्रामक, गुमराह करने वाली बातों एवं मिथकों को तोड़ दिया, बल्कि इसने भारत के जीवंत, बहुलतावादी, पंथनिरपेक्षी और स्वस्थ लोकतांत्रिक छवि को पुनर्स्थापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी का अंधविरोध करने वाला वाम-जिहादी-सम्प्रदायवादी राजनीतिक समूह अपने इस वाहियात प्रलाप एवं राष्ट्र-विरोधी षड्यंत्र में कोई कमी नहीं छोड़ी। बावजूद इसके इंडिया गठबंधन के घटक दलों के लिये चुनाव परिणाम अनेक अर्थों में संतोषजनक रहे हैं। कांग्रेस के लिये यह



**गठबंधन सरकारों के कुछ सकारात्मक पक्ष होते हैं तो कुछ नकारात्मक पक्ष भी। गठबंधन सरकारों का नेतृत्व करने वाले को घटक दलों से समन्वय के साथ चलना होता है। इसमें समस्या तब आती है, जब घटक दल अनुचित मांगें मनवाने लगते हैं अथवा सौदेबाजी करने की कोशिश करते हैं या फिर अपने संकीर्ण हितों की पूर्ति के लिए दबाव की राजनीति करने लगते हैं।**

चुनाव नये जीवन का वाहक बना हैं। वैसे भी एक आदर्श लोकतंत्र के लिये सशक्त विपक्ष का होना जरूरी है, यही लोकतंत्र को खूबसूरती देता है। भारतीय मतदाताओं ने इंडिया गठबंधन को विपक्षी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने का संदेश दिया है। इस बार के चुनाव परिणाम अनेक राजनीतिक दलों के सामने भी अनेक प्रश्न खड़े किये हैं। कौन जेल में रहेगा, इसका फैसला अदालतें करती हैं। परंतु दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस चुनाव को अपने जेल के अंदर रहने या बाहर रहने का अधिकार मतदाताओं को सौंपा था, जिसका नतीजा यह रहा कि उनके शासित वाले दिल्ली में 'आप' का खाता तक नहीं खुला, तो वहीं उनकी पार्टी पंजाब में विधानसभा चुनाव-2022 का चमत्कार दोहराने में विफल हो गई और 13 में से केवल 3 सीटें ही जीत पाई। शरद पवार का राजनीतिक वारिस कौन और असली शिवसेना किसकी? क्या माया और ममता अब भी ताकतवर हैं? यह चुनाव ऐसे ही कई सवालों के साथ शुरू हुआ था। इनमें से कुछ के जवाब मिल गए हैं और कुछ के बाकी हैं। जिस तरह के नतीजे आए हैं, उससे यह संदेह भी पैदा हुआ है कि क्या देश में आर्थिक सुधार जारी रहेंगे? क्या देश विकास के पथ पर अग्रसर होता रहेगा? नीतिगत स्थिरता का क्या होगा? शायद इसी संदेह की वजह से शेयर बाजार में भारी गिरावट आई। लेकिन नरेन्द्र मोदी के पहले भाजपा मुख्यालय में दिये उद्बोधन एवं गठबंधन दलों के साथ हुई बैठक में इन सवालों के जवाब काफी हद तक मिल गये, जिससे शेयर बाजार ने भी तेजी पकड़ी है एवं भाजपा एवं सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। देश एक बार फिर गठबंधन सरकारों के युग में प्रवेश कर रहा है। अब यह एक हकीकत है कि मौजूदा जनादेश के मद्देनजर गठबंधन सरकार बनाना भाजपा की मजबूरी हो गई है। निश्चित रूप से पूर्ण बहुमत के साथ सहयोगी दलों के साथ सरकार चलाने और अल्पमत में सहयोगी दलों के साथ सरकार चलाने में बड़ा फर्क है। सवाल उठाया जा रहा है कि पूर्ण बहुमत वाले दो कार्यकालों में देशहित के बड़े फैसले लेने वाली भाजपा क्या गठबंधन के सहयोगियों के दबाव के बीच शासन करने में खुद को सहज महसूस कर सकेगी? लेकिन मोदी के नेतृत्व में सरकार मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी और अपने संकल्पों एवं योजनाओं को आकार देगी, इसमें कोई संदेह नजर नहीं आती। देश में केंद्रीय स्तर 2009 के बाद पहली बार गठबंधन सरकार बनने जा रही है। अतीत में नरसिंह राव और अटल बिहारी वाजपेयी ने गठबंधन सरकारों का कुशलता से संचालन भी किया है और आवश्यक सुधारों को भी आगे बढ़ाया है। मनमोहन सिंह ने भी दस वर्ष तक गठबंधन सरकार का संचालन किया है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि उन्हें किस तरह कई बार सहयोगी दलों के अनुचित दबाव में झुकना पड़ा। अटल बिहारी वाजपेयी भी गठबंधन सरकार की चुनौतियों से जूझते रहे। लेकिन मोदी की स्थितियां भिन्न है, वे राजनीति के धुंरधर खिलाड़ी है, अमित शाह राजनीतिक जोड़ तोड़ के खिलाड़ी है, इसे देखते हुए भाजपा और उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार सफलतापूर्वक अपना काम कर सकेगी, ऐसा विश्वास है। न केवल सरकार बल्कि भाजपा के बड़े मुद्दों का भी क्रियान्वयन होगा।

## एक्सप्रेस कविता

*दुपटटा हवाओं में लहरा देना तुम ।।*
*यूँ नरगिसी पलकें झुखा देना तुम।।*
*हमसे न तुम मिल सको सरे राह,*
*कोई हसीन बहाना बना देना तुम।।*
*किस्मत में दीदार नहीं तेरा हमेशा,*
*तस्सवुर हवा में बिखरा देना तुम।।*

*याद है चाँद और चाँदनी के ख्वाब,*
*चांद सा अपना चेहरा दिखा देना तुम।*
*राहों में मिलेंगे कहीं काँटे और पत्थर,*
*अपनी साँसों से मखमल बना देना तुम।*
*ठंडी हवाएँ कर जाती है तेरा जिक्र,*
*इश्क का ईक पैगाम लहरा देना तुम।।*
*यूँ सँवरने में वक्त जाया न किया करो,*
*दुपट्टा अपना चेहरे से हटा लेना तुम।।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*आप कभी भी दूसरा लक्ष्य निर्धारित करने या नया सपना देखने के लिए बहुत बूढ़े नहीं होते*

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितीया 15:55 तक |
| नक्षत्रः | आर्द्रा 19:42 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | गण्ड, 18:26 |
| सूर्योदयः | 05:24 |
| सूर्यास्तः | 19:16 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 08:52-10:36 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:56-12:44 |

## जन एक्सप्रेस

### बढ़ी पद की मांग !


*शुरू हुआ फिर खेल ।*
*बढ़ी पद की मांग ।।*
*सहयोगी अभी से ।*
*लगे करने स्वांग ।।*
*हैं आगे कई साल ।*
*होंगे कैसे काम ।।*
*टांग खींचने वाले ।*
*और भी तमाम ।।*
*आए करने सेवा पर ।*
*नज़र में मलाई ।।*
*है तस्वीर साफ़ ।*
*ऐसी घड़ी आई ।।*
*मच गई है होड़ ।*
*हमको ये मिल जाए ।।*
*होगा देना ध्यान ।*
*पद ये बड़ा ललचाए ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# फेस वॉश के बजाय कच्चे दूध और आटे से धोएं चेहरा, मिलेंगे कई फायदे



**फेस** क्लींजिंग स्किन केयर रूटीन का पहला स्टेप होता है। अगर आप फेस क्लींजिंग यानी फेस वॉश अवॉइड करते हैं, तो इससे आपके स्किन सेल्स में गंदगी जमने लगती है। फेस वॉश के लिए ज्यादातर लोग मार्केट में मिलने वाले केमिकल प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ये प्रोडक्ट्स हर किसी को सूट नहीं करते हैं। कुछ लोगों को इसके इस्तेमाल से स्किन प्रॉब्लम्स शुरू हो जाती हैं। ऐसे में आप दूध और आटे को चेहरा धोने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इन प्राकृतिक चीजों से स्किन पर साइड इफेक्ट्स होने का खतरा भी नहीं होगा।

**चेहरा धोने के लिए बनाएं कच्चे दूध और आटे का पेस्टः** दिन में दो बार फेस वॉश करना स्किन के लिए फायदेमंद होता है। इस पेस्ट के लिए आपको बाउल में 1 चम्मच गेहूं का आटा और में 1 चम्मच चावल का आटा लेना है। मिलाने के लिए कच्चा दूध इस्तेमाल करें। आप चाहे तो इसमें थोड़ा एलोवेरा जेल भी मिला सकते हैं। चेहरा गीला करने के बाद इसे लगाएं। एक से दो मिनट इसे चेहरे पर मसाज करें और पानी से धो लें। थोड़ा गाढ़ा तैयार करके आप इसे फेस मास्क की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे चेहरा के साथ गर्दन और हाथ-पैरों पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

**स्किन ग्लोइंग बनाएः** इस फेस वॉश में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो स्किन को ग्लोइंग बनाए रखते हैं। आटा त्वचा को गहराई से साफ करने में मदद करता है। एलोवेरा जेल त्वचा को नमी प्रदान करता है। इससे त्वचा में निखार आता है।

**पिगमेंटेशन कम करेः** अगर आपको पिगमेंटेशन की समस्या है, तो यह फेस वॉश आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। यह त्वचा की गहराई से सफाई करता है, जिससे दाग-धब्बे कम होते हैं।

**डार्क स्पॉट्स से राहत देता हैः** डार्क स्पॉट्स कम करने में भी यह फेस मास्क फायदेमंद है। चावल का आटा चेहरे के निशान कम करता है। इससे चेहरे के काले दाग-धब्बे भी कम होते हैं।

**स्किन सॉफ्ट और स्मूद बनती हैः** कच्चा दूध स्किन को सॉफ्ट और स्मूद बनाता है। एलोवेरा जेल भी स्किन को हाइड्रेट रखता है। इसके इस्तेमाल से आपको स्किन सॉफ्ट और स्मूद लगेगी। फेस वॉश इस्तेमाल करने के बाद स्किन को मॉइस्चराइज जरूर करें। अगर आपकी ड्राई स्किन है या आपको स्किन प्रॉब्लम्स रहती हैं, तो एक्सपर्ट की सलाह पर ही इसका इस्तेमाल करें।

## एक्सप्रेस विशेष

# लोक आकांक्षा ही सर्वोपरि !



गिरीश्वर मिश्र

**मोदी ने जातियों से ऊपर उठ कर सनातन जैसे उदार और समावेशी विचार को आगे बढ़ाया जिसमें सभी जातियों के लोग जुड़ सके। भाजपा के संकल्प-पत्र में देश के समग्र विकास की योजना की झलक थी जिसे उत्साह के साथ जनता के साथ बार-बार साझा किया गया।**

**अब चौसठ करोड़ जनता के वोट के आधार पर नतीजे आ चुके हैं। ये नतीजे बताते हैं कि छोटे क्षेत्रीय दलों की स्थिति डांवाडोल हुई है और राष्ट्रीय दलों के साथ आपसी तालमेल कमजोर रही। विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय मुद्दे छाए रहे पर सबके मन में केंद्र में एक मजबूत सरकार लाने की इच्छा थी । भाजपा को इससे लाभ मिला। भाजपा दक्षिण भारत में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल रही।**

**दो** महीने के दुरंत निदाघ-काल में सात चरणों में फैला लोकसभाई चुनाव नेताओं, चुनाव कर्मियों और वोटरों सबके लिए घोर तपस्या से कम न था। विश्व के विशालतम आम चुनाव के दौरान देश की जनता को अपने भारतीय लोकतंत्र की चाल-ढाल की विलक्षण छटाएं देखने को मिलीं। ग्यारह लाख और आठ लाख से ज्यादा के अंतर से लोग जीते तो नोटा का भी एक जगह डेढ़ लाख वोटरों ने इस्तेमाल किया। निर्वाचन आयोग पर तोहमतें लगती रहीं पर उसने मुस्तैदी और निष्पक्षता से कार्य किया । इस चुनाव में एक ओर दस सालों से काबिज राजसत्ता को कायम रखने के लिए उद्यत एनडीए था तो दूसरी ओर उसे सत्ता से बेदखल करने की फिराक में जुटा फुटकर दलों का फौरी इंडी गठजोड़ था । सत्ता-संघर्ष के नाटक के हर अंक में विविध दृश्यों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही कथानक के केंद्रविंदु बने रहे। इसके लिए आक्रामक रुख अपनाते और धिक्कारते स्वर में इंडी गठबंधन विकास कार्यों, आर्थिक प्रगति, गरीबों तथा पिछड़े तबकों की उन्नति के उपायों और आधार-संरचना के तीव्र विकास को झुठलाता रहा। भारत की आर्थिक उन्नति, निखरती अंतरराष्ट्रीय छवि और राष्ट्रीय गौरव बोध से भी उनका कोई वास्ता नहीं रहा। कांग्रेसी अगुआई में विपक्षी जोड़-तोड़ का एकल एजेंडा था मोदी से मुक्ति । इसलिए वे मोदी सरकार की उपलब्धियों को सिरे से खारिज करते रहे पर उनके पास भारत के लिए अपना कोई रचनात्मक खाका नहीं था । चालू योजनाओं में फेरबदल कर वे अपनी घोषणाएं पेश करते रहे । चुनावी सरगर्मी कभी नर्म-गर्म रही तो कभी तल्ख हुई। एक ओर से अतिरेक का उत्तर भी अतिरेक से ही दिया जाता रहा। ऐसे क्षण भी आए जब शिष्टाचार की मर्यादाएं टूटती नजर आईं और निर्वाचन आयोग ने प्रचारकों को सख्त हिदायत दी और कुछ को प्रचार कार्य से अलग भी किया । सत्ताधारी दल में ज्यादा ही आत्मविश्वास था कि चार सौ से अधिक सीटों को जीतेंगे परंतु उसे सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा तो मिला पर पिछले बार से कम सीटें ही मिल सकीं। लगातार दस वर्षों का कार्यकाल नेता और जनता दोनों को थका, उबा कर संतृप्त करने वाला भी होता है। मोदी काल में कई मोर्चों पर सक्रियता दिखती रही। उसी का फल है कि छह दशकों पहले का इतिहास दुहराते हुए एनडीए तीसरी बार लगातार सरकार बनाने की ओर अग्रसर हो रही है। कांग्रेस ने पिछले चुनाव की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया। चुनाव के दौरान तरह-तरह के सवाल उठाए जाते रहे। सनातन और राम-मंदिर निर्माण को लेकर भी अनर्गल प्रश्न उछलते रहे। जनता-जनार्दन ने जिस उत्साह से राम-मंदिर का स्वागत किया और तीन महीने में ही डेढ़ करोड़ लोग दर्शन करने पहुंचे वह भावनात्मक एकता और मंदिर की बिना शर्त स्वीकृति का प्रमाण है। इस दौरान हिंदू और हिंदुत्व के कई रूप बनते-बिगड़ते दिखे। यह खेद की बात है कि हिंदू जीवन दृष्टि या जीवनशैली जो करोड़ों हिंदू आज भी जी रहे हैं वह सिद्धांत ही नहीं व्यवहार में भी इतना समावेशी है कि सारी विविधताओं को समेट कर धारण करता है। संशयात्मक आत्मबोध देश के गौरव और स्वाभिमान के रास्ते में भी अड़चन खड़ा करता है। इसके चलते %भारतीय% कहलाना और %भारतीयता% की बात करना संकुचित मानसिकता को बतलाता है । सीमित क्षेत्रीय बनाम व्यापक राष्ट्रीय आकर्षणों के बीच की रस्साकसी चलती रही। पड़ोसी देश की चिंता न करने का हवाला भी दिया गया । कहा गया उसके पास आणविक हथियार है। विपक्षी पार्टियों ने अपनी शक्ति-सामर्थ्य के विंदु गिनाने में जितना श्रम किया उससे अधिक विरोधी के छिद्रान्वेषण करने में लगाया और परिहास किया । शक्ति और सामर्थ्य के नाम पर दिवास्वप्न सरीखे प्रलोभनों की लम्बी सूची जरूर तैयार की जाती रही कि अगर सरकार बन गई तो किस-किस समुदाय को क्या-क्या दिया जाएगा । चुनाव के बीच अल्पसंख्यक बनाम बहुसंख्यक के विवाद को भी तूल दिया गया। बहुसंख्यक होने से हिंदू और हिंदुत्व को संशयग्रस्त पहचान के रूप में स्थापित करना और अल्पसंख्यक के लिए खतरे से रक्षा का नाटक अपने वोट सुरक्षित करने के लिए किया जाता रहा। इसे राष्ट्रबोध और देश, संस्कृति सभ्यता सबको हाशिए पर धकेलने का उपक्रम बन गया। इसी तरह जाति को लेकर टिकट बांटने और मतदाताओं को अपने पक्ष में लेने की कोशिश सब दलों ने की । जाति समाज की एक सच्चाई है और सभी दल उसकी निंदा करते हैं परंतु उसी का सहारा भी लेना चाहते हैं, आरक्षण भी देना चाहते हैं। इसका राजनैतिक लाभ लेने की कोशिश ताजा उदाहरण पश्चिम बंगाल से आया है जहां 77 समुदायों को टीएमसी की सरकार ने गलत ढंग से ओबीसी की श्रेणी में डाल दिया था।

# योगी राज्य की बिगड़ैल खीरी पुलिस महिला उत्पीड़न के मामले में या कोई किर्तिमान हासिल करना चाहती है

* पीड़ित की पीड़ा अगर व प्रताड़ित होती है तो परिवार का साथ न मिलना तो वह पुलिस की शरण में जाती जब पुलिस से न्याय नहीं मिलता तो पीड़ित चौथे स्तंभ का सहारा लेती तब जागती न्याय की उम्मीद पीड़ित को न्याय मिल जाता पत्रकार बन जाता पुलिस के आंखों की किरकिरी
* इस भीषण गर्मी में जब पीड़िता मेडिकल के लिए जिला अस्पताल गयी तो उसने महिला सिपाही कमलेश से कहा मुझे बहुत प्यास लगी नल से पानी पी आए कमलेश सिपाही ने थप्पड़ मार दिया पानी पीने नहीं दिया यह दरिंदगी की मिशाल पेश की



जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** महिला उत्पीड़न के मामलों को पुलिस ज्यादा गंभीरता से नहीं लेती जिसका परिणाम महिला उत्पीड़न में इजाफा होता जा रहा ज्यादातर मामले में महिलाओं की आह दब जाती है जिससे सरकार की साख भी दांव पर लगी है। जिसका परिणाम लोकसभा चुनाव में सरकार की सीटों का कम होना महिला होकर महिला पुलिस द्वारा एक महिला को प्रताड़ित करना शिकायत करने पर पुलिस के अधिकारी महिला का सहयोग न कर महिला पुलिस के अत्याचार पर नाम लेने का विरोध करना पुलिस का नाम शिकायती पत्र में क्यों डाला आदि बातों को लेकर पुलिस आवेष दिखा सकती है लेकिन पीड़ित को न्याय नहीं दिला सकती इन पुलिस के अधिकारियों को यह भी सोचना चाहिए अगर पीड़िता को न्याय मिल जाता तो उसे क्या जरूरत थी किसी महिला सिपाही का नाम लेने की क्या जरूरत थी पत्रकारों के पास जाने की क्या जरूरत पीड़ितों को पड़े पत्रकारों द्वारा जब मामला उठाया जाता है तो पीड़ितों को न्याय मिलता तो पत्रकारों के पास पीड़ित क्यों न जाए कुल मिलाकर पीड़ित को प्रताड़ित करे पुलिस और पुलिस की प्रताड़ना की खबर चलने पर पुलिस आक्रोशित हो पत्रकारों के पास जाने से क्या सिस्टम है क्या माहौल क्या चल रहा है योगी सरकार में जैसा कि एक मामला कोतवाली सदर के अंतर्गत महेवागंज चौकी क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया की पीड़िता का अश्लील वीडियो बना जीवन को बर्बाद करने वाले दरिंदे अफसर पुत्र गुलाम हुसैन निवासी ग्राम लकहा थाना पढुआ लखीमपुर खीरी के विरुद्ध पीड़िता ने मु.अ.सं 0414/ 2024, धारा 376(2)(ठु), 314, 506 कोतवाली सदर में एफआईआर दर्ज कराई।पीड़िता का मेडिकल 161,164 के बयान भी हो गये लेकिन अभी तक दरिंदे अफसर की गिरफ्तारी नहीं हुई है पीड़िता ने बताया अफसर काफी शातिर व सर्कस किस्म का व्यक्ति है जो एफ आर लगवा लेने की खुली धमकी दे रहा है अफसर ने पीड़िता के मायके वालों को धन देकर अपने जाल में फंसा रखा है।एहसानों में दबे मायके वाले अफसर के इशारे पर चलते हैं अफसर ने पीड़िता के घर वालों से पीड़िता को उल नदी में फेंकवाने की कोशिश की गई पीड़िता महेवागंज चौकी गयी पीड़िता की लिखा-पढ़ी हुईं तब परिजनों ने रखा पीड़िता न घर की रही न घाट की रही पीड़िता 27-मई-2024 को पुलिस अधीक्षक खीरी से मिलने गई जहां से महिला सीओ ने पीड़िता को वन स्टाप सेंटर भेज दिया।वन स्टाप सेंटर में पीड़िता 11 दिन रही जहां पर प्रीती ठाकुर महिला सिपाही वन स्टाप सेंटर, कमलेश महिला सिपाही कोतवाली सदर ने खूब मारा पीटा तथा घटना महेवागंज की होते हुए पुलिस पीड़िता को उसके ससुराल सेमरा ले गयी वहां सास नंद पति ने पुलिस के सामने खूब गाली दी पुलिस का सेमरा ले जाने का कारण पूछने पर कोतवाली सदर में तैनात महिला सिपाही कमलेश ने काफी मारा पीटा डराया धमकाया की अगर पत्रकारों पास गयी तो वह हाल करेंगे तेरी रूह काप उठेगी पीड़िता वन स्टाप सेंटर में बेहोश होकर गिर गई उसके बाद पीड़िता के भाई गुफरान को बुला कर महिला सिपाही ने कमलेश सिपाही ने भाई से कहा इसे घर ले जाओ मोबाइल तुम रखो अगर घर से निकले मुझे फ़ोन करना इतना मारना की चल न पाए महेवागंज चौकी कोतवाली का मैं संभाल लूंगी महिला सिपाही कमलेश की सह मिलने से भाई काफी गदगद हो गया जिसका परिणाम भुगता जब पीड़िता ने भाई से मोबाइल मांगा तो भाई ने कमलेश सिपाही को फ़ोन मिलाया कहा मार पीट कर घर में डाल दो भाई ने गर्दन पर चढ़ कर पेट लात पेशाब करने वाली जगह पर लात-घूंसे मारे पीड़िता चौकी महेवागंज गयी तब भाई ने मोबाइल दिया और महेवागंज पुलिस ने पीड़िता को घर भेजा भाई कुछ नहीं बोला बाप ने खाना नहीं देने दिया खूब गालियां दी और पीड़िता के कपड़े जला दिया और आइंदा घर में न घुसने को कहते हुए घर से निकाल दिया पीड़िता का कहना है न घर जाएगी न वन स्टाप सेंटर कहीं नहीं जाएगी भीख मांग कर केस की पैरवी कर किराए पर कहीं रह लेगी।पीड़िता ने बताया दरिन्दा अफसर अपने मकसद में कामयाब न हो पाए केस में एफ आर पुलिस से न लगवा पाए पीड़िता मरते दम तक लड़ती रहेगी उसके जीवन के साथ खिलवाड़ करने वाले दरिंदे अफसर को सबक़ सिखाकर रहेगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### यू पी रोडवेज कर्मचारी संघ मांगे न मानने पर देगा धरना

जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी। शुक्रवार को रोडवेज कर्मचारी संघ द्वारा मासिक बैठक में जन हित, कर्मचारी हित, निगम हित सहित कुछ प्रमुख बिंदु पर चर्चा की गई। बैठक में उठाई गई समस्याओं पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से निदान की मांग की गई।कर्मचारियों की बैठक में गोला गोकर्णनाथ डिपो के ए आर एम द्वारा कर्मचारी हित की अनदेखी, संगठन के प्रति भेदभाव पूर्ण रवैया, मनमाने ढंग से अनुचित कार्य प्रणाली, शाखा अध्यक्ष को बिना नोटिस कार्य मुक्त करने, डिपो की रंगाई पुताई न कराने, भीषण गर्मी होने के बाद भी डिपो परिसर में पंखे, नलकूप खराब होने पर बार लिखा पढ़ी की बात करना, पटल परिवर्तन में संगठन के पदाधिकारियों का शोषण करना, टाइम आफिस में कर्मचारियों की उपस्थिति व किलोमीटर में फेरबदल करना, वर्षों से संचालित गाड़ियों के समयबद्ध करने की कोशिश, डग्गेमारी पर प्रभावी अंकुश नहीं होने, आदि 15 सूत्रीय संगठन की मांगों पर स्वीकृत न बनने से संगठन के पधाधिकारी ने 12 मई से धरना देने की लिए विवश होना पड़ा था। इसके लिए पूर्ण रूप से गोला डिपो प्रशासन जिम्मेदार है।

### पुल पर वृद्ध की लटकती हुई मिली लाश, शव की शिनाख्त में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। बहराइच सीमा पर स्थित जालिमनगर पुल पर एक वृद्ध का शव लटकता मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची थाना ईसानगर और बहराइच की जालिमनगर चौकी पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी है। शुक्रवार की सुबह कुछ लोगों ने घाघरा नदी पर बने जालिम नगर पुल की रेलिंग से एक वृद्ध का शव लटकता देखा। उसके गले में हरे रंग की प्लास्टिक की रस्सी का फंदा कसा था और वह पुल की रेलिंग के सहारे लटक रहा था। खासबात यह है कि जिस स्थान पर शव लटक रहा था। उससे 200 मीटर की दूरी पर बहराइच जिले के थाना मोतीपुर की जालिम नगर पुलिस चौकी भी है। सूचना पर थाना ईसानगर व जालिम नगर चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।पुलिस शव की पहचान कराने की कोशिश कर रही है, लेकिन अभी पहचान नहीं हो सकी है।

### बाहर खेल रहे मासूम को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने रौंदा

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। महमूदाबाद। घर के बाहर खेल रहे मासूम को अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने रौंद दिया। दुर्घटना में मासूम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। अपनी मां संग छुट्टी मनाने मासूम ननिहाल आया था। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। बाराबंकी के कुर्सी के निंदूरा का जफरुद्दीन (07) पुत्र वहाजुद्दीन गर्मी की छुट्टियों में महमूदाबाद के बघाइन निवासी नाना मो. रफीक के घर आया था। गुरुवार को शाम करीब पांच बजे जफरुद्दीन घर से बाहर इंटरलाकिंग पर खेल रहा था। इसबीच गांव को जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली ने जफरुद्दीन को रौंद दिया। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रैक्टर-ट्राली छोंड़कर चालक फरार हो गया। दुर्घटना में जफरुद्दीन की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया था, दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मृतक का एक अन्य भाई डेढ़ वर्षीय अमीर हमजा परिवार में बचा है। मृतक का पिता जाफरपुर में किराए पर कमरा लेकर परिवार समेत रह रहा था और मेहनत मजदूरी करके परिवार का पेट पालता है।

### शादी अनुदान योजना के लिए करे आवेदन

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विनीत कुमार तिवारी ने बताया है कि शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजनान्तर्गत पात्र आवेदकों को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। अतः इच्छुक अर्ह व्यक्तियों से अपेक्षा की जाती है कि जनसेवा केन्द्र/साइबर कैफे के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के उपरान्त अपने समस्त अभिलेखों सहित (यथा-आवेदक का आधार कार्ड, शादी का कार्ड, आवेदक का आय प्रमाण पत्र (शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में रू0 01 लाख से अधिक न हो) व जाति प्रमाण पत्र (तहसील स्तर से जारी हो), शादी का कार्ड, वर एवं वधू की आयु से सम्बन्धित प्रमाण पत्र (यथा-आधार कार्ड, हाईस्कूल अंक पत्र) आवेदन पत्र की हार्डकापी सम्बन्धित शहरी क्षेत्र के, तहसील में एवं ग्रामीण क्षेत्र के, विकास खण्ड में तत्काल जमा करायें। ताकि अग्रेतर कार्यवाही ससमय करते हुए योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को प्रदान किया जा सके। योजनान्तर्गत प्रति लाभार्थी को रू0 20000=00 (रू0 बीस हजार मात्र) की धनराशि अन्तरित किया जाना निर्धारित है।

### हीट बेव से बचाव के विषय में दी गयी जानकारी

जन एक्सप्रेस । हरदोई। विगत दिवस सहायक श्रमायुक्त, हरदोई डा0 संजय कुमार लाल, की अध्यक्षता में कार्यालय सहायक श्रमायुक्त धर्मशाल रोड, सिनेमा चौराहा में हीट बेव से बचाव के विषय में जानकारी व जन जागरूकता किये जाने के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। सहायक श्रमायुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित जनपद के समस्त व्यापार मण्डल अध्यक्ष व ईंट भट्ठा एसोसिएशन के अध्यक्ष व अन्य जागरूक लोगों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि अपने प्रतिष्ठान में नियोजित श्रमिकों का विशेष ध्यान रखें। कार्य के घण्टों के मध्य विश्राम अवश्य करायें, महिला श्रमिकों का विशेष ख्याल रखें।

ईंट भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों को उनके आवास एवं कार्यस्थल पर लू लगने से सम्बन्धित पेय पदार्थ व पानी की बराबर व्यवस्था रखें एवं ईंट भट्ठों पर कार्य के दौरान हीट बेव की स्थिति में कार्य समय में परिवर्तन कर सकते है। जैसी तमाम जानकारियां देते हुए बैठक में मौजूद लोगों से आम जनमानस से इन जानकारियों को लेकर प्रेरित करने की अपील की।

बैठक में प्रमुख रूप से श्याम सुन्दर, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, हरदोई, आदित्य प्रकाश सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, हरदोई, योगेन्द्र दत्त मिश्र, अध्यक्ष ईंट भट्ठा एसोसिएशन, विमलेश कुमार दीक्षित, अध्यक्ष व्यापार मण्डल हरदोई, प्रदीप कुमार गुप्ता, अध्यक्ष, व्यापार मण्डल बिलग्राम, सज्जन अवस्थी, व्यापारी नेता, नीतेश शुक्ला पत्रकार आदि मौजूद रहे।

## एसपी खीरी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण दिए गए निर्देश

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया साथ ही क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया गया व पुलिस लाईन में स्थित कार्यालयों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया।

दिनांक 07 जून 2024 को पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई। सलामी ग्रहण करने के उपरांत पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाईन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात एसपी द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात एसपी द्वारा क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया गया।गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।एसपी द्वारा पुलिस लाईन में स्थित कार्यालयों के रजिस्टरों का अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समस्त रजिस्टर्स अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया

## जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में सी मैप लखनऊ द्वारा बंदियों के परीक्षण का कार्यक्रम हुआ आयोजित

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर श्री मनोज कुमार-द्धद्धद्ध की अध्यक्षता में आज सी मैप लखनऊ द्वारा बन्दियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर एवं जिला कारागार सीतापुर द्वारा जनपद सीतापुर के पुरुष एवं महिला बन्दियों के कौशल विकास हेतु मंदिरों में देवार्पित पुष्पों से धूपबत्ती एवं अगरबत्ती बनाने के कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री मनोज कुमार-द्धद्धद्ध मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर द्वारा जिला कारागार में फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अपने सम्बोधन में बन्दियों को प्रेरित करते हुये कहा कि समय का अधिक से अधिक सदुपयोग करते हुये बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करें। अपर जिला जज श्री भगीरथ वर्मा ने अपने संबोधन में सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि जीवन में सकारात्मकता के साथ कौशल विकास करना चाहिए, जिससे जेल से बाहर जाने पर उस कौशल का प्रयोग करते हुये जीवन यापन कर सकें। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं को अपने कौशल का विकास करने हेतु भी प्रेरित किया। अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के विषय में बताया। सीमैप लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक आर0के0 श्रीवास्तव एवं उनकी टीम द्वारा मंदिरों में देवार्पित पुष्पों से धूपबत्ती एवं अगरबत्ती बनाये जाने प्रशिक्षण दिया गया तथा लागत एवं लाभ के विषय में भी जानकारी दी गयी। उपरोक्त कार्यक्रम जिला कारागार सीतापुर में निरूद्ध महिला एवं पुरुष बन्दियों को सूखे फूलों से धूपबत्ती व अगरबत्ती बनाये जाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, उक्त कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर श्री मनोज कुमार-द्धद्धद्ध, श्री भगीरथ वर्मा, अपर जिला जज, श्री सुबोध भारती अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, श्रीमती निशा झा, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, ए0सी0जे0एम0 स्वरांगी शुक्ला-द्धद्ध, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री गौरव प्रकाश, जेल अधीक्षक, श्री सुरेश कुमार सिंह, डिप्टी जेलर, व अन्य जिला कारागार का स्टाप मौजूद रहा। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री आर0के0श्रीवास्तव, प्रधान वैज्ञानिक, सीमैप लखनऊ द्वारा महिला एवं पुरुष बन्दियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में नैमिषारण्य मिश्रिख सीतापुर से श्री मुन्ना लाल आचार्य जी भी उपस्थित रहे।

## अधेड़ की चाकू से गोद कर हत्या, हिरासत में हत्यारा

जन एक्सप्रेस । बहराइच



सुबह फज्र की नमाज पढ़कर घर लौट रहे एक अधेड़ की एक व्यक्ति ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। घायल की चीख सुनकर गांव वाले मौके पर पहुंचे और हत्यारे को पकड़ लिया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर हत्यारोपी को हिरासत में ले लिया है। पारिवारिक जनों ने थाने में तहरीर दी है। सुबह-सुबह हुई इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है।

मटेरा थाना क्षेत्र के अमवा मौलवी गांव निवासी राजकीय नलकूप विभाग में सींचपाल/अमीन के पद से रिटायर वसीम (55) पुत्र रसूल शुक्रवार की सुबह गांव के बगल एक मस्जिद में फज्र की नमाज पढ़ने गए थे। लौटते समय गांव के ही इब्राहिम पुत्र कुतुबुद्दीन नामक व्यक्ति ने रास्ते में चाकू से प्रहार करना शुरू किया। वसीम के शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे लोगों ने हत्यारे को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे मटेरा थाना प्रभारी परमानंद यादव ने हत्यारे को हिरासत में ले शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है गांव में चर्चा है कि हत्यारा अपराधी प्रवृत्ति का है। कल दोपहर मुंबई से आया है। यह भी चर्चा है कि हत्यारे ने सुपारी लेकर हत्या की है। हालांकि, घरवालों ने किसी भी प्रकार की रंजिश होने से इनकार किया है। पुलिस हत्यारे से हत्या की वजह जानने की कोशिश कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्यारे को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## विरोध पर युवती को मिली ये धमकी

जन एक्सप्रेस । बरेली

उत्तर प्रदेश के बरेली जिले से एक शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां बहेड़ी निवासी आरिफ ने दिल्ली में बिहार की युवती से राना नाम बताकर दोस्ती की और फिर बहेड़ी ले आया। बरेली की एक दरगाह में उसका धर्म परिवर्तन कराने के बाद संरक्षित पशु का मांस खिलाया। इसके बाद उससे जबरन निकाह किया। वह गर्भवती हो गई तो ससुरालवालों ने गर्भपात करा दिया। आरोप है कि देवर ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर देवर ने धमकाया, कहा कि वह बिहार की है तो हत्या करके लाश फेंक देगा और पहचान भी नहीं होगी। युवती ने एसएसपी से शिकायत की है। मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। बिहार निवासी युवती ने गुरुवार दोपहर एसएसपी कार्यालय में अपनी आपबीती सुनाई।

## आंधी तूफान ने ढाया कहर, किसी का हुआ नुकसान तो कुसी को मिली राहत

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



महमूदाबाद। बुधवार की रात अचानक मौसम बदलने से रात करीब दो बजे चली तेज हवाओं के साथ हुई बरसात से जनमानस को जहाँ हो रही चिलचीलती धूप से मामूली राहत व मेंथा उगाने वाले किसानों को राहत मिली वहीं तेज हवाओं से कई पेंड व बिजली खम्भों के साथ मकानों के छप्पर, टीन के साथ दीवालें,आम की फ़सल गिरने से लोगों को समस्याओ का भी सामना करना पड़ा। महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार की रात करीब दो बजे मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ बरसात शुरू हो गई। मौसम सुहाना होने से जनमानस को झिलसा देने वाली धूप व गर्मी से राहत, किसानों की नगदी फ़सल मेंथा को जहाँ लाभ हुआ वहीं आम बगवानों को तेज हवाओं से आम गिरने से भारी नुकशान हुआ। तेज हवाओं आँधी से ग्रामीण विद्युत आपूर्ति कई बिजलीं खम्भे गिरने से करीब 18 घंटे बाधित रही। विद्युत आपूर्ति बहाल करने में विद्युत कर्मियों को काफी मशक्क़त करनी पड़ी। रात को आई आंधी में पालिका क्षेत्र के मुहल्ला बन्नी निवासी विजय वर्मा के पशु बाड़े की करीब दस मीटर पक्की दीवाल व टीन सेड गिर जाने से मोटर साइकिल, पम्पिग सेट नष्ट हो गए।

## इलेक्ट्रॉनिक कचरे को कम करने का आयोजन




जन एक्सप्रेस । हरदोई

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हरदोई में पर्यावरण दिवस के संदर्भ में चल रहे सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर के अंतर्गत आज इलेक्ट्रॉनिक कचरे को कम करने, उसके प्रबंधन एवं निस्तारण से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अभिवावकों एवम शिक्षकों ने इससे संबंधित क्रियाकलापों में सक्रियता से भाग लिया इसके अंतर्गत घरों में एवम कार्यस्थलों पर ई कचरे को कम करने पर जोर दिया गया तथा इस कचरे इधर उधर फेकने की बजाय इसे अधिकृत विक्रेता को ही देने के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने नारा, एवम ई कचरे को कम करने के उपायों को लिखकर एवम ई कचरे को अधिकृत विक्रेता को दे कर इन गतिविधियों में भाग लिया। प्राचार्य मोहम्मद राशिद ने बताया कि विद्यालय में एक निश्चित स्थान पर ई कचरे को एकत्र किया जाता है, तथा उसकी नीलामी अधिकृत ई वेस्ट क्रेताओं को करके उसका निस्तारण किया जाता है।

## टकराए कार और गैस टैंकर, दरोगा समेत दो की मौत

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर

जलालाबाद-शाहजहांपुर मार्ग पर कांट थाना क्षेत्र में जमुनिया गांव के पास रविवार सुबह करीब दस बजे गैस टैंकर और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में सेवानिवृत्त दरोगा और चालक की मौत हो गई। दो महिलाएं भी गंभीर रूप से घायल हुई हैं। हादसे के बाद टैंकर का चालक भाग गया।

जलालाबाद कस्बे के सुंदरनगर मोहल्ले के रहने वाले सेवानिवृत्त दरोगा रामपाल श्रीवास्तव (65) अपनी बेटी मोनिका और अनिका के साथ कार से शाहजहांपुर आ रहे थे। कार जलालाबाद के ककराहा गांव का रहने वाला सौरभ (25) चला रहा था। सुबह करीब दस बजे कांट थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव के पास कार की सामने से टक्कर गैस टैंकर से हो गई।

टैंकर जमौर स्थित इंडेन बॉटलिंग प्लांट से राजस्थान जा रहा था।

चालक सौरभ की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ लग गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा। डॉक्टर ने रामपाल को मृत घोषित कर दिया। मोनिका और अनिका का इलाज चल रहा है।

माना जा रहा है कि ओवरटेकिंग के प्रयास में हादसा हुआ है।

### मेड विवाद में सगे भाइयों पर मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरदोई। पाली। खेत की मेड के विवाद में एक व्यक्ति ने अपने ही दो सगे बड़े भाइयों पर लाठियों से मारपीट करने का आरोप लगाकर मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। पाली थाने के दौलतपुर गावं निवासी राजेन्द्र (40) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसके सगे भाई रनवीर (42) व राजेश (48) से खेत की मेड को लेकर आपसी विवाद चल रहा है। आरोप है कि बीते सोमवार की शाम करीब 5 बजे वह खेत पर घास छील रहा था। तभी दोनो भाई वहां पर आये और गाली-गलौज करते हुए लाठियों से मारने पीटने लगे। जिसमें उसे गंभीर चोटें आई हैं। शोरगुल सुनकर ग्रामीणों ने बचाया। दोनों भाई जान माल की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक एके राय ने बताया है कि तीनों भाइयों के बीच में आपसी विवाद चल रहा है। उसी में दो भाइयों ने मिलकर अपने छोटे भाई से मारपीट की है। घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजकर दोनों के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## अग्नि पीड़ितों की मदद में सबसे आगे आया रेडक्रास सोसाइटी

जन एक्सप्रेस । हरदोई

मानवीय संवेदनाओं को आत्मसात कर मानवमात्र के कल्याणार्थ विश्व की अग्रणी संस्था रेड क्रॉस सोसाइटी हरदोई लगातार पीड़ितों की सहायता में सबसे पहले पहुंचकर राहत सामग्री पहुंचाती है यह अपने आप में एक समिति के कार्यकारी सदस्यों की सजगता को प्रदर्शित करता है। जैसे ही मीडिया द्वारा सभापति डॉक्टर रमेश अग्रवाल को सूचना मिलती है कि विकासखंड टड़ियावां के ग्राम फुकहा में अग्नि तांडव से 40 परिवार प्रभावित हुए हैं। तत्काल सभापति ने आपदा प्रबंधन अध्यक्ष, प्रभारी व उपसभापति को निर्देश देकर राहत सामग्री पहुंचाने के निर्देश दिए और राहत सामग्री ही नहीं बंटवाई बल्कि राहत के समय कार्यकारी सदस्यों ने सभापति के निर्देश पर अपने व्यक्तिगत रूप से केला और बिस्किट भी पीड़ितों को दिए। मालूम हो कि ग्राम फुकहा, वि0ख0 टड़ियावाँ में दिनांक 6 जून की सांय को आग ने अपना तांडव दिखा कर 37 परिवारों से अधिक घरों को अपने आगोश में ले लिया था, जिसमें कई मवेशी भी आग से जल कर मर गये तथा काफी राजस्व की भी हानि हुई।

सभापति डॉ0 रमेश अग्रवाल के निर्देश पर उपसभापति अखिलेश सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में आपदा अध्यक्ष महेश चन्द्रा व आपदा प्रभारी लक्ष्मीकान्त मिश्रा, एम्बुलेन्स ड्राइवर फरीद ने आज 7 जून की सुबह ही मौके पर पहुँचकर अग्नि पीड़ितों को तिरपाल, किचनसेट, हाईजिन किट, सूती धोती, टी-शर्ट, मच्छरदानी आदि देकर राहत पहुँचाई। अग्निपीड़ितों ने सामग्री प्राप्त कर हर्ष व्यक्त किया और रेडक्रास सोसाइटी की मदद के लिए धन्यवाद दिया। रेडक्रास सोसाइटी द्वारा सबसे पहले मदद पहुंचाने के लिए सभापति डॉ0 रमेश अग्रवाल ने आपदा टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और आगे भी हर सम्भव मदद के लिए आश्वासन दिया। सभापति के निर्देश पर उपसभापति, आपदा अध्यक्ष प्रभारी ने व्यक्तिगत रूप से पीड़ितों में बिस्कुट और केले भी वितरित किए।

अग्नि पीड़ितों संबोधित करते हुए उपसभापति अखिलेश सिंह सिकरवार ने कहा कि इंडियन रेड क्रॉस समिति एक स्वायत्तशासी संस्था है जो हर समय मानवता की सेवा के लिए आगे आता है वह चाहे बाढ़ पीड़ित हो,सूखा अथवा अग्नि पीड़ित हो हमेशा बढ़-चढ़कर सहयोग करने में अपना हाथ आगे बढ़ाती है। मानव मात्र की खुशहाली के लिए रेड क्रॉस द्वारा जो सहायता बन पाती है उसे वह सर्वप्रथम निर्वहन करती है ऐसा सभापति डॉक्टर नरेश रमेश अग्रवाल का भी ध्येय रहता है कि कोई भी पीड़ित परिवार सहायता से वंचित न रह सके।

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस
लखनऊ। शनिवार। 08 जून 2024



@janexpressnews janexpresslive janexpresslive
www.janexpresslive.com/epaper

## फास्ट फॉरवर्ड

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत कई घायल

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी, देवरिया।** भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के सलेमपुर मैरवा मार्ग पर स्थित बहियारी बघेल इंटर कॉलेज से बनकटा अमेठिया के जाने वाले सड़क पर एक टेंपो दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें सवार एक अज्ञात महिला की मौके पर मौत हो गई तथा अन्य कई घायल हो गए हैं, सूत्रों से प्राप्त समाचार के अनुसार शुक्रवार को करीब 12:30 बजे एक टेंपो सड़क दुर्घटना बहियारी इंटर कॉलेज से बनकटा अमेठिया जाने वाली सड़क पर हो गई जिसमें एक अज्ञात महिला की मौत हो गई सूत्रों के हवाले से जो खबर प्राप्त हुई है उसके मुताबिक स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए घायलों को भिजवाया गया।

### मारपीट में तीन घायल

**जन एक्सप्रेस/लार देवरिया।** दो पक्षों में हुई मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लार के मठ वार्ड निवासी सुधा देवी पत्नी अवधेश गोड़ ने लार पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि हमारा लड़का विशाल गोड़ एक खेत में क्रिकेट खेलने का पिच बना रहा था। उसी समय मेरे घर के बगल का एक लड़का उसे मारने पीटने लगा। बीच-बचाव करने गए मेरे भतीजे को भी उन लोगों ने जमकर मारा। लोगों के बीच बचाव के बाद जब हम लोग घर चले आए तो गोल बंद होकर करीब आधा दर्जन की संख्या में दबंग आए और घर में घुस कर मुझे मेरी बेटी व लड़कों को भद्दी भद्दी गाली देते हुए मारने पीटने लगे। इसी बीच डायल 112 को सूचना दिया। पुलिस को देखते ही सभी लोग मौके से फरार हो गए।

### बनकटा पुलिस ने दो अदद देशी तमंचा के साथ किया दो अभियुक्तों को गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** शुक्रवार को थाना बनकटा पुलिस टीम द्वारा गश्त/चेकिंग के दौरान रामकोला चट्टी के पास से दो व्यक्तियों को दो अदद देशी तमंचा 315 बोर मय दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों से पुलिस टीम द्वारा नाम-पता पूछने पर उनके द्वारा अपना नाम-पता क्रमशः प्रिंस यादव पुत्र विरेन्द्र यादव निवासी सोहनपुर टाड़ी टोला थाना बनकटा जनपद देवरिया तथा निलेश रावत पुत्र सुजीत रावत निवासी नोनार पाण्डेय थाना बनकटा जनपद देवरिया बताया गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर को बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

### रेडियोलॉजिस्ट न रहने से अल्ट्रासाउंड ठप, परेशान रहे मरीज

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** मेडिकल कॉलेज में रेडियोलॉजिस्ट के न रहने से अल्ट्रासाउंड जांच बृहस्पतिवार को दूसरे दिन ठप रही। इसके चलते मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ा। रेडियोलॉजिस्ट के सरकारी कार्य से जाने के कारण दिक्कत आई। मेडिकल कॉलेज में रेडियोलॉजिस्ट की कमी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां पुरुष व महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिए एक-एक रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती है। पुरुष अस्पताल के अल्ट्रासाउंड केंद्र पर ओपीडी से हर रोज 70 से 75 मरीज जांच के लिए पहुंचते हैं, लेकिन हर रोज 50 से 60 लोगों की ही जांच हो पाती है। अन्य को लौटना पड़ता है। उन्हें जांच के लिए अगले दिन फिर आना पड़ता है।

# नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर कुशीनगर के भाजपा पदाधिकारियों ने मनाया जश्न

**✻ देवरिया कुशीनगर सीट कार्यकर्ताओं के बदौलत जीत हुआ हासिल - दुर्गेश राय**

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**



जिले के भाजपा कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एनडीए की तीसरी बार केन्द्र में बनने जा सरकार को लेकर अति उत्साह रहा।एनडीए के संसदीय बोर्ड की बैठक में नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर जिला भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को रविन्द्र नगर में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने ढोल-नगाड़े बजाकर और आतिशबाजी कर जमकर जश्न मनाया।

संसद भवन के सेंट्रल हॉल में एनडीए के सभी घटक दलों ने नरेंद्र मोदी को अपना संसदीय दल का नेता चुन लिया। राजनाथ सिंह ने मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा था, जिस पर सभी दलों के नेताओं ने अपनी सहमति जताई।एनडीए की बैठक में नेता चुने जाने के बाद 9 जून को नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल के तहत प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। संसदीय दल के नेता चुने जाने के बाद पूरे कुशीनगर जिले के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता रविन्द्र नगर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंच गये और ढोल नगाड़े बजाकर, आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर देश में एनडीए की नरेंद्र मोदी की पुनः सरकार बनने पर हर्ष उल्लास के साथ खूब जश्न मनाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि पिछले दस वर्षों में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने नई ऊंचाईयों को छुआ है। आने वाले समय में भी देश नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इतिहास रचेगा।

कुशीनगर और देवरिया लोकसभा में भी पार्टी के परिश्रमी कार्यकर्ताओं के बदौलत पार्टी ने ऐतिहासिक विजय हासिल किया है। इस अवसर पर पडरौना नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल, कुशीनगर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, सुकरौली नगर पंचायत अध्यक्ष राजनेति कश्यप, रामकोला नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्र, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री राधेश्याम गोंड, जिला महामंत्री सुदर्शन पाल, जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल, दिवाकर मणि त्रिपाठी, विनोद भारती, मनोज जायसवाल, रमेश सिंह, जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, रामगोपाल गुप्ता, बाबूनन्दन सिंह, बलिराम यादव, डा. सीमा गुप्ता, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय राय, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, आई टी विभाग जिला संयोजक नमो नारायण मौर्य, भीखम प्रसाद, एडवोकेट किशोर यादव, मार्कण्डेय शाही, मोहन प्रसाद खरवार, निशांत शुक्ल, रामबृक्ष गिरि, डा. छेदी शर्मा, चमन यादव, सुशील शर्मा, राधेश्याम गुप्ता, महेश रौनियार, भुवनेश्वर त्रिपाठी, रामजीत चौहान, धीरज पाठक सहित सैंकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टैटू वाले पर आया दिल, तीन मासूमों को छोड़कर रचा ली शादी

**जन एक्सप्रेस/रुद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला उसी गांव के एक युवक के बाजू और सीने पर बने टैटू को देखकर इस कदर आकर्षित हो गई कि अपने पति और तीन बच्चों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ने का फैसला कर ली। उसे अपने तीन मासूम जिगर के टुकड़ों पर भी तरस नहीं आई। दोनों डेढ़ साल से हरियाणा में रह रहे थे। प्रेमी युवक के साथ फरार महिला छह माह से गर्भवती है। युवक भी दो बच्चों का पिता है। उसकी विवाहिता पत्नी और प्रेमिका बृहस्पतिवार को थाने पहुंचकर युवक पर दावा ठोंकने लगीं। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, तीन बच्चों की मां डेढ़ वर्ष से प्रेमी युवक के साथ हरियाणा प्रांत में रह रही थी। वह उसके बच्चे की मां बनने वाली है। छह माह से गर्भवती है। उधर, युवक की विवाहिता के परिवार वाले उसे तलाशते हुए पता लगाकर हरियाणा प्रांत के ठिकाने पर पहुंच गए। वह उसे वहां से दो माह पहले गांव ले आए। युवक दो माह से अपनी ससुराल में रह रहा था।

## ग्राम प्रधान संघ ने 12 सूत्रीय मांगों का मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा



**जन एक्सप्रेस। महराजगंज पनियरा**

ग्राम सभाओं के विकास एवं कार्य में आ रहे व्यधान से संबंधित बारह सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को पनियरा ब्लाक मुख्यालय पर प्रधान संघ के अध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।प्रधान संघ के संरक्षक राम आशीष यादव ने बताया कि दिसंबर 2021 में अधिसूचना जारी किया गया था। अधिसूचना के संबंध में 12 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को खंड विकास अधिकारी अमरनाथ पांडे के माध्यम ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें महत्वपूर्ण बिंदु है कि पंचायत सहायक के फेस रजिस्ट्रेशन के द्वारा गेटवे खुलेगा। उसके विरोध में सभी लोग ज्ञापन सौंपे है। और भी बिंदु है जिसका सभी प्रधान मिलकर विरोध कर रहे है। इस दौरान शिव शंकर यादव, ईश्वर चंद, भागीरथी, बिंद्रेश निषाद, विनय कुमार, शंभू यादव, सतीश चौहान, मनोज राव, अमरजीत निषाद, बजरंगी लाल, सूर्यभान सहानी मोनू यादव रमेश यादव रामनिवास साहनी वीरेंद्र यादव गोपाल यादव बबलू यादव अजीत सिंह रामकरन यादव सहित सैकड़ों ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# पूजना जिसे चाहिए उसे दिया है पीर, बाजारू हिस्से हुए ऑक्सीजन और नीर

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

उपनगर गोला स्थित एक काम्प्लेक्स में समाज सेवी संस्था चंद्रांश फाउंडेशन द्वारा आयोजित पर्यावरण संरक्षण गोष्ठी में युवा कवि अनुज पांडेय सहित तमाम कवियों ने अपनी काव्य रचनाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक किया।गोष्ठी के दौरान कवि श्री पांडेय ने अपनी काव्य रचना में आधुनिक समाज को पर्यावरण के प्रति सजग करते हुए अपनी प्रस्तुत काव्य रचना में-

**जिसे पूजना चाहिए, उसे दिया है पीर**
**बाजारू हिस्से हुए,ऑक्सीजन और नीर**
**साथियों किसी तरह जीवित रख लो गांव।**



**जो अब भी पूजता पीपल जी के पांव।**

आदि पंक्तियों को गाकर लोगों को प्रकृतिक संरक्षण में अहम योगदान देने वाले पौधों के रखरखाव को लेकर प्रेरित किया।

गोष्ठी समापन के उपरांत संस्था अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता ने सभी वक्ताओं व कवियों के प्रति आभार प्रकट कर उपस्थित लोगो से अपने घरों के अगल बगल पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग की अपील किया। इस दौरान प्रमुख रूप से डॉक्टर अनिल तिवारी, शत्रुघ्न कसौधन, ब्रह्मानंद शास्त्री अरूण तिवारी राज सोनकर, नीरज मौर्य, निलेश राय, सचिन गुप्ता, रतन चौरसिया, सूरज कशौधन, मनोज उमर, आशुतोष तिवारी, अरुण कुमार तिवारी रिंकू चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने थाना दिवस, समाधान दिवस का रोस्टर किया जारी

## थाना दिवस के लिए नामित हुए राजस्व, पुलिस तथा चकबंदी अधिकारी

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

जिलाधिकारी कुशीनगर ने माह जून से माह अगस्त में आयोजित होने वाले द्वितीय व चतुर्थ शनिवार को आयोजित थाना दिवस समाधान दिवस के सफल संचालन के लिए राजस्व, पुलिस व चकबंदी अधिकारी को नामित किया है।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि 8 जून को थाना क्षेत्र पडरौना सदर में पर्यवेक्षक के रूप में उप जिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी पडरौना व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना जटहा बाजार में पर्यवेक्षक चकबंदी अधिकारी पडरौना व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना कुबेर स्थान में तहसीलदार पडरौना व संबंधित थानाध्यक्ष या थाना कोतवाली पडरौना, थाना रविंद्रनगर में नायब तहसीलदार पडरौना व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना कसया में उप जिलाधिकारी कसया तथा पुलिस उपाधीक्षक कसया, थाना चौराखास में नायब तहसीलदार कसया व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना हाटा में उप जिलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष हाटा, थाना अहिरौली बाजार में तहसीलदार हाटा व थानाध्यक्ष, थाना खड्डा में तहसीलदार खड्डा व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना हनुमानगंज में उप जिलाधिकारी खड्डा व पुलिस उपाधीक्षक खड्डा, थाना नेबुआ नौरंगिया में नायब तहसीलदार खड्डा व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना तरयासुजान में सहायक आयुक्त स्टांप व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना पटहेरवा में उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज थाना सेवरही में बंदोबस्त अधिकारी व थानाध्यक्ष, थाना विशुनपुरा में चकबंदी अधिकारी कसया व थानाध्यक्ष, थाना बरवापट्टी में संबंधित राजस्व निरीक्षक व थानाध्यक्ष, थाना तमकुहीराज में तहसीलदार तमकुहीराज व थानाध्यक्ष, थाना तुर्कपट्टी में नायब तहसीलदार तमकुही राज व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना कप्तानगंज में उप जिलाधिकारी कप्तानगंज व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना रामकोला में तहसीलदार कप्तानगंज व संबंधित थानाध्यक्ष को पर्यवेक्षक अधिकारी नामित किया है।

जिलाधिकारी ने इसी प्रकार 22 जून 2024, 13 जुलाई 2024,10 अगस्त 2024 व 24 अगस्त 2024 तक का रोस्टर जारी किया है।

उक्त थाना दिवस समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा आकस्मिक भ्रमण कर निरीक्षण किसी भी दो थाने पर अलग - अलग किया जाएगा, इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा भ्रमण निरीक्षण किया जाएगा, तथा महिलाओं के उत्पीड़न समस्याओं संबंधित शिकायतों के पंजीकरण तथा अवैध रूप से संचालित स्लास्टर हाउस से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जायेगा।

जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारी गण व उप जिला अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक को निर्देशित किया है कि थाना समाधान दिवस के संपन्न होने के उपरांत उक्त थाने का निरीक्षण करें तथा इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

# मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर भाजपा नेताओं ने मनाया जश्न

**✻ फूटे पटाखे, बटीं मिठाईयां, एक दूसरे के गले लग किया खुशी का इजहार**

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सर्वसम्मति से राजग संसदीय दल का पुनः नेता चुने जाने के बाद भाजपा के नेताओं में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की खुशी में भाजपा नेता बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कार्यालय इकट्ठा हुए और पटाखा फोड़कर तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह की अगुवाई में रानीडीहा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर क्षेत्रीय व जिले के भाजपा नेताओं ने ढ़ोल नगाड़ा और गाजे बाजे के साथ जमकर नारेबाजी की। भाजपा, मोदी, योगी जिंदाबाद के उद्घोष से क्षेत्रीय कार्यालय परिसर गूंज उठा। खुशी से लबरेज भाजपा नेताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह ने कहा कि देश के लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी की अगुवाई में राजग की लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने जा रही है। मोदी सरकार में देश विकसित और सशक्त होगा। अंत्योदय और गरीब कल्याण को समर्पित मोदी सरकार में देश और भी समृद्धशाली व शक्तिशाली बनेगा। इस दौरान क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष पुष्पदत्त जैन, पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डॉक्टर बच्चा पांडेय, नवीन मीडिया संपर्क विभाग के क्षेत्रीय संयोजक सिद्धार्थ शंकर पाण्डेय, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, सोमेश्वर पाण्डेय, शेषमणि त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ल, संजय सिंह, चंद्रबाला श्रीवास्तव, जगदीश चौरसिया, छोटेलाल मौर्य, हरिकेश राम त्रिपाठी, डॉक्टर आरडी सिंह, राजाराम कन्नौजिया, सबल सिंह पालीवाल, ब्रह्मानन्द शुक्ल ,मंजू सिंह, डॉक्टर सदानन्द शर्मा, रामानन्द यादव, नरेन्द्र सिंह, केएम मझवार, इंद्रकुमार निगम, जनार्दन श्रीवास्तव, चंचला शुक्ला, विनोद शर्मा, गणेश साहनी, राकेश चौधरी, धीरज त्रिपाठी, धरणीधर राम त्रिपाठी, दिनेश सिंह, राम प्रकाश चौरसिया, अश्वनी सिंह लकी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कल दो पालियों में आयोजित होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

कल 9 जून को आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2024 को शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से संचालित कराये जाने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारी, पर्यवेक्षक, केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित केन्द्राध्यक्षों को उनके द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में सभी पहलुओं पर आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया से संबंधित समस्त अधिकारी अपने कार्यदायित्वों के प्रति सजग एवं सतर्क रहें। परीक्षा की शुचिता शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। 9 जून को दो पालियों में प्रातः 09 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं अपरान्ह 02 बजे से सायं 05 बजे परीक्षा सम्पन्न होगी। जनपद के 15 केंद्रों पर उक्त परीक्षा सम्पन्न कराई जाएगी, जिसके लिए कुल 15 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट, तथा 02 सचल दल की ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधिकारी ने समस्त परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, महिला एवं पुरुष शौचालय, बिजली, पंखा, क्लॉक रूम इत्यादि मूलभूत आवश्यक सुविधायें सुचारू रूप सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। परीक्षा संचालन के समय वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में गठित सचल दलों द्वारा औचक निरीक्षण किया जाए। उन्होंने प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के 200 गज की परिधि में धारा-144 सीआरपीसी के अन्तर्गत आवश्यक निषेधाज्ञा लागू करने का निर्देश दिया। परीक्षार्थियों को गुमराह करने वाले तत्वों/संस्थानों पर कड़ी निगाह रखी जाए तथा संवेदनशील स्थानों की सघन जाँच करायी जाए।आवश्कतानुसार ऐसे समस्त तत्वों के विरुद्ध सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत आवश्यक निरोधक विधिक कार्यवाही की जाय। परीक्षा की गरिमा एवं शुचिता को बनाए रखने हेतु अन्य समस्त आवश्यक कार्यवाही समय से सुनिश्चित कर ली जाए।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि परीक्षा के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सभी परीक्षा केंद्रों पर समुचित मात्रा में फोर्स उपलब्ध रहेगी। मोबाइल सहित किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गजेट्स को परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

# बिना लाइसेंस नाबालिग चालक दौड़ा रहे ई-रिक्शा

**जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज**

फरेंदा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिना लाइसेंस के नाबालिग ई- रिक्शा चालकों की भरमार है। चाहे ई-रिक्शा चलाक हो या दो पहिया वाहन चालक हो सब मनमानी तरीके से बिना डर भय के आरटीओ और पुलिस प्रशासन की उदासीनता से खुलेआम फर्राटा भर रहे हैं और सवारियों के जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।फरेंदा सर्किल में वाहनों का जांच पड़ताल न होने से दिन प्रतिदिन रोड एक्सीडेंट में इजाफा होता जा रहा है। फरेंदा सर्किल में पड़ने वाले थानों में वृजमनगंज पुरन्दरपुर, कोल्हुई व फरेंदा कोतवाली सहित छोटे बड़े पुलिस चौकियों में बिना लाइसेंस के नाबालिग ई-रिक्शा चालक तेज रफ्तार से सवारियों को बैठाकर बिना



डर भय के चल रहे हैं साथ ही साथ दो पहिया वाहन भी बिना लाइसेंस व हेलमेट के तीन -तीन सवारियां बैठाकर बाईक लहराते हुए तेज रफ्तार से हवा की तरह उड़ रहे हैं। जिससे फरेंदा सर्किल में ई-रिक्शा व मोटरसाइकिल से होने वाली घटनाओं में इन दिनों बड़े पैमाने पर वृद्धि होती जा रही है। तेज़ रफ़्तार को देखकर पैदल चलने वाले लोग दूर से ही देखकर रोड से किनारे हो जातें हैं। उसके बावजूद नाबालिग ई-रिक्शा चलाको व दो पहिया वाहन चालकों की लापरवाही से आये दिन कोई न कोई दुर्घटनाग्रस्त हो ही जाता है। लोगों का कहना है कि ई-रिक्शा चलाक बड़े वाहनों को चलने में रोड़ा बन गए हैं जिससे बड़े वाहन अपने गति से नहीं चल पा रहे हैं जिससे बड़े बड़े मालवाहक व सवारी गाड़ियां इनको बचाने में अपने दुर्घटना का शिकार हो जाती है यही नहीं ई-रिक्शा आ जाने से शहर, बाजार, कस्बा व चौराहों पर जाम की समस्या बढ़ती जा रही है जिससे पैदल चलने वाले राहगीरों को दिक्कतें होती है। इस संदर्भ में फरेंदा सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि चुनाव के पश्चात वाहनों की गहन जांच पड़ताल व चेकिंग की जायेगी।

# प्राइवेट बीए और और एमए की तरफ छात्रों का बढ़ा रुझान

**जन एक्सप्रेस। बरहज, देवरिया**

किसी भी राष्ट्र की मजबूती का मुख्य आधार राष्ट्रभक्त और संस्कारित शिक्षित नागरिक होते हैं !यही कारण है कि विश्व के प्राय सभी देश शिक्षार्थियों पर कम से कम आर्थिक बोझ डालते हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश में नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता दिख रहा है !यही कारण है की वर्ष में चार चार बार परीक्षा असाइनमेंट और प्रोजेक्ट का झमेला और भारी-भरकम फीस अब विद्यार्थियों को रास नहीं आ रही है और धीरे-धीरे उनका रुझान प्राइवेट परीक्षा के माध्यम से स्नातक और परास्नातक डिग्री प्राप्त करने की तरफ हो रही है। जिसका असर महाविद्यालयों में इस वर्ष होने वाले प्रवेश पर स्पष्ट रूप से दिख रहा है ।पिछले वर्ष इंटरमीडिएट का परीक्षा फल घोषित होने के दो माह बीतने के बावजूद किसी भी महाविद्यालय में निर्धारित सीट की अपेक्षा 20त्न सीट पर भी प्रवेश कार्य पूर्ण नहीं हो पाया था **अब देखना है इस बार क्या स्थिति होगी?** इस संबंध में जब विद्यार्थियों से बात की गई तो उन्होंने जो तर्क दिया वह काफी माकूल दिखा। विद्यार्थियों ने बताया कि स्नातक कक्षाओं में रेगुलर प्रवेश लेने पर कम से कम 6000 से रू. 7000 प्रवेश शुल्क देना पड़ेगा और और 1 वर्ष में 2 सेमेस्टर के लिए कम से कम 8 असाइनमेंट और 8प्रोजेक्ट पर ढाई हजार खर्च करने के साथ ही साथ दर्शनशास्त्र, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, शिक्षा शास्त्र और गृह विज्ञान और कॉमर्स जैसे विषयों में 1-1 प्रैक्टिकल के नाम पर 500 से रू.1000 अलग से खर्च करना पड़ रहा है। साथ ही साथ माइनर और कोकेलकुलर विषय के नाम पर अलग से शुल्क देना और पूरे वर्ष भर परीक्षा देने का झमेला अलग से है। एक लालच यह थी की लैपटॉप और मोबाइल सरकार देगी वह भी केवल अंतिम वर्ष के कुछ विद्यार्थियों को देकर सरकार अपने काम का इतनी श्रीमान ले रही है। ऐसी स्थिति में स्नातक के 1 वर्ष में कम से कम 8000 से रू.10000 खर्च करना पड़ेगा। इसके विपरीत यदि प्राइवेट फॉर्म भर दिया जाए तो वर्ष में एक बार परीक्षा और 3000 से 3500 रू. तक शुल्क देना पड़ेगा। इसलिए प्राइवेट परीक्षा के माध्यम से डिग्री प्राप्त करना ज्यादा लाभदायक प्रतीत हो रहा है ।परास्नातक कक्षाओं में तो छात्रों पर और भी अधिक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। क्योंकि इन कछाओ में प्रवेश के लिए कम से कम 10000 से रू.12000 वार्षिक शुल्क, वर्ष भर में 10 असाइनमेंट और 10 प्रोजेक्ट के मदमें कम से कम रू.3000 और रिसर्च प्रोजेक्ट के मद में कम से कम रू.4000 से रू.5000 अर्थात 1 वर्ष में रू.20000 से रू.25000 खर्च करना पड़ेगा ।यदि प्रयोगात्मक विषय है तो उसका खर्च अतिरिक्त से है। इसके विपरीत यदि प्राइवेट फार्म भर दिया जाए तोमात्र रू.4000 मैं 1 वर्ष की परीक्षा हो जाएगी और अधिक से अधिक रू.8000 खर्च कर परास्नातक की डिग्री प्राप्त कर छात्र अपना कैरियर बना सकेंगे। क्योंकि नौकरीं के किसी भी विज्ञापन में रेगुलर डिग्री की कोई अनिवार्यता नहीं है। इसलिए छात्रों का रुझान प्राइवेट परीक्षा के माध्यम से डिग्री प्राप्त करने की तरफ बढ़ रहा है ।यही कारण है कि इस बार डिग्री कॉलेजों में रेगुलर प्रवेश लेने वालों की संख्या में भारी गिरावट देखने को मिल मिलेगी। इतना ही नहीं बरहज क्षेत्र के अधिकांश महाविद्यालयों में दूसरे, चौथे और छठवें सेमेस्टर में शायद ही पन्द्रह दिन क्लास चला हो ऐसे में बहुत से अभिभावकों और प्रवेशार्थियों के भी दिमाग़ में यह बात घूम रही है जब रेगुलर एडमिशन लेने पर भी पूरे साल में साठ दिन भी क्लास नहीं चलना है तो चौगुना फ़ीस देकर क्यों एडमिशन लिया जाये उससे बढ़िया प्राइवेट परीक्षा देकर डिग्री ले ली जाये। न तो असीसमेंट और प्रोजेक्ट का चक्कर रहेगा न ही प्रैक्टिकल और रिसर्च प्रोजेक्ट का चक्कर रहेगा।

# नई केंद्र सरकार आने से यूपी में चल रहे पुराने कार्यों का क्या होगा ?

* मिलेगी रफ्तार या रुकेंगे पहिए, नई केंद्र सरकार आने से यूपी में चल रहे पुराने कार्यों का क्या होगा?

जन एक्सप्रेस । आगरा



आगर रेल मंडल में अमृत मिशन में कैंट ईदगाह राजा की मंडी सहित 15 स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है। करोड़ों रुपये से यह कार्य एक साल में पूरे होंगे। नई दिल्ली-झांसी रेल खंड स्थित कीठम से भांडई तक तीसरी रेल लाइन बन रही है। भूमि की खरीद करते हुए कार्य शुरू हो गया है। रेल लाइन बनने से ट्रेनों को गति मिलेगी। मालगाड़ियां आसानी से गुजर सकेंगी।

तीसरी रेल लाइन हो या फिर मेट्रो प्रोजेक्ट और खेरिया एयरपोर्ट का विस्तार सहित अन्य कार्य।

नई केंद्र सरकार का साथ मिलेगा। इससे पुराने कार्यों को रफ्तार मिलेगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जल्द बजट जारी जो सकेगा। वहीं गुरुवार से आदर्श आचार संहिता खत्म होने जा रही है। इससे सड़कों के निर्माण से लेकर अन्य कार्य आसानी से हो सकेंगे।

### तीसरी रेल लाइन सहित अन्य का तेजी से पूरा होगा कार्य

आगर रेल मंडल में अमृत मिशन में कैंट, ईदगाह, राजा की मंडी सहित 15 स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है। करोड़ों रुपये से यह कार्य एक साल में पूरे होंगे। नई दिल्ली-झांसी रेल खंड स्थित कीठम से भांडई तक तीसरी रेल लाइन बन रही है। भूमि की खरीद करते हुए कार्य शुरू हो गया है। रेल लाइन बनने से ट्रेनों को गति मिलेगी। मालगाड़ियां आसानी से गुजर सकेंगी। आगरा फोर्ट स्टेशन से बांदीकुई तक 972 करोड़ रुपये से रेल लाइन का दोहरीकरण किया जा रहा है। इससे ट्रेनों की गति और संख्या बढ़ जाएगी।

### कवच प्रणाली का बढ़ेगा दायरा

पलवल से वृंदावन स्टेशन रोड तक रेल ट्रैक में कवच प्रणाली लग चुकी है। अब तक चार बार इसका परीक्षण भी हो चुका है। कवच प्रणाली का दायरा बढ़ाने की तैयारी चल रही है। वृंदावन रोड से आगरा होते हुए झांसी तक यह प्रणाली ट्रैक में लगेगी। इससे ट्रेन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

### आगरा मेट्रो प्रोजेक्ट

शहर में तीस किमी लंबा मेट्रो ट्रैक होगा। सिकंदरा तिराहा से टीडीआइ तक 14 किमी और आगरा कैंट से कालिंदी विहार तक 16 किमी लंबा है। अब तक छह किमी ट्रैक बन चुका है। तीन किमी ट्रैक निर्माणाधीन है। केंद्र सरकार द्वारा जल्द ही धनराशि अवमुक्त की जाएगी। दूसरे कारिडोर पर जल्द काम चालू होने जा रहा है। प्रोजेक्ट की कुल लागत 8369 करोड़ रुपये है।

### तेजी से होगा कार्य

खेरिया एयरपोर्ट का विस्तार और नए सिविल एंक्लेव का निर्माण होना है। सुप्रीम कोर्ट से 650 पेड़ों को काटने की और एयरफोर्स स्टेशन आगरा से बाउंड्रीवाल के निर्माण की अनुमति मांगी गई है। धनौली, बल्हैरा और अभयपुरा गांव की 60 हेक्टेयर भूमि की खरीद हो चुकी है।

### वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का संचालन

नई दिल्ली से आगरा, आगरा से लखनऊ के मध्य वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का संचालन जुलाई से शुरू होना है। यह ट्रेनें 130 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेंगी। इन ट्रेनों के कोच इंटरसिटी से कहीं बेहतर होंगे।

### रक्षा औद्योगिक गलियारा

केंद्र सरकार ने वर्ष 2018-19 में देश में दो रक्षा औद्योगिक गलियारा बनाने की घोषणा की थी। एक गलियारा उप्र और दूसरा तमिलनाडु में बन रहा है। आगरा, अलीगढ़, कानपुर सहित प्रदेश का गलियारा छह शहरों को जोड़ रहा है। गलियारा के लिए बिझामई गांव में 41 हेक्टेयर भूमि की खरीद हो चुकी है। 81 हेक्टेयर और खरीदी जा रही है। लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड से गलियारा को सीधे जोड़ा जा रहा है।

### टाउनशिप के काम में आएगी तेजी

मतगणना पूरी होने के बाद एडीए द्वारा ककुआ व भांडई में विकसित की जाने वाली टाउनशिप के काम में तेजी आने की उम्मीद है। 133 हेक्टेयर भूमि में विकसित की जाने वाली भूमि के एडीए अब तक करीब 12 हेक्टेयर भूमि के बैनामे किसानों से कर चुका है। 16 अप्रैल को आखिरी बैनामा एडीए ने किसान से अपने पक्ष में कराया था। डेढ़ माह से कोई बैनामा नहीं हो सका है। मतगणना का काम पूरा होने के बाद टाउनशिप को भूमि के बैनामों का काम गति पकड़ेगा।

### 11 को होगी बोर्ड बैठक

एडीए बोर्ड की 143वीं बैठक 11 जून को होनी है। बोर्ड बैठक में मास्टर प्लान, 2031 को रखा जाएगा। शासकीय समिति द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार प्लान में संशोधन कर उसे बैठक में स्वीकृति दिलाई जाएगी। मास्टर प्लान काफी समय से लंबित है।

### वंदे भारत एक्सप्रेस भी चलेगी

आगरा से प्रयागराज और आगरा से जयपुर के मध्य वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन होना है। जल्द ही इन ट्रेनों का नई दिल्ली-झांसी रेल खंड में परीक्षण होगा।

## सड़क पर खड़े युवक पर युवतियों को हुआ शक, दौड़ा कर पीटा



जन एक्सप्रेस । आगरा

हरीपर्वत चौराहा स्थित फुट ओवरब्रिज के पास गुरुवार को फुटपाथ पर रहने वाली दो युवतियों ने शक में राहगीर को सड़क पर दौड़ा कर पीटा। उसके कपड़े फाड़ डाले, राहगीर को अपनी जान बचाना मुश्किल हो गया। युवक अपनी सफाई देता रहा, युवतियां उसे पीटती रहीं। चौराहे पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी मौके पर जाकर राहगीर को बचाया। सूचना पर हरीपर्वत थाने का फोर्स मौके पर पहुंच गया। घटना गुरुवार शाम चार बजे की है। जगदीशपुरा आवास विकास कॉलोनी सेक्टर तीन के सोनू को उनके परिचित ने काम से हरीपर्वत चौराहे पर बुलाया था। सोनू ने वहां पहुंचने के बाद परिचित को फोन किया तो उसने फुट ओवरब्रिज के पास बुलाया। सोनू परिचित से मोबाइल पर बात करते हुए फुट ओवरब्रिज के पास पहुंचे। वहां पहले से बैठी दो युवतियों ने उसे पकड़ लिया। आरोप लगाया कि वह मोबाइल पर बात करते हुए उन्हें घूर रहा था। युवतियां सोनू से मारपीट करने लगीं। उसे सड़क पर गिरा दिया। सोनू सफाई देता रहा, लेकिन युवतियां ने उसकी नहीं सुनी। सड़क पर मारपीट होती देख राहगीरों में अफरातफरी की स्थिति पैदा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस को सोनू ने बताया कि वह परिचित से मोबाइल पर बातचीत के दौरान उन्हें फुट ओवरब्रिज के आसपास खोज रहे थे। पुलिस दोनों युवतियां और सोनू को थाने ले आई। यहां पर दोनों ने कहा कि गलतफहमी के चलते विवाद हो गया था।

## जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

जन एक्सप्रेस । आगरा



जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए नगर निगम में चक्कर नहीं लगाने होंगे। आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने इस प्रक्रिया को सरल करने के लिए पोर्टल तैयार किया गया है। इसके माध्यम से लोग लाभ ले सकेंगे। स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकित खंडेलवाल ने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से जन्म तिथि के एक वर्ष तक और मृत्यु के एक साल बाद बनवाए जाने वाले प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया जा सकेगा।

आवेदनकर्ता वार्ड का चयन करेंगे और उसके बाद संबंधित जोनल अधिकारी आवेदन की जांच कराएंगे। इसकी आख्या पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। सभी अभिलेखों के सही पाए जाने पर नगर निगम अपनी रिपोर्ट लगाकर उपजिलाधिकारी, जिला प्रशासन के पोर्टल पर भेज दिया जाएगा। उपजिलाधिकारी स्तर पर भी जांच के उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

इसके बाद 10 दिन में प्रमाण पत्र जारी करने के आदेश दिए जाएंगे। आदेश के पारित होने के बाद आवेदनकर्ता तथा नगर निगम के जोनल अधिकारी के पास आएगा और प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाएगा। संबंधित साफ्टवेयर इस बात का रिकार्ड रखेगा कि किस कार्यालय में आवेदन कितने दिन लंबित रहा। इसकी मानीटिरिंग होगी और बिना कारण लंबित रखने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई होगी। आवेदनकर्ता भी आवेदन के स्टेटस की जांच पोर्टल पर कर सकेगा।

## स्नातक और परास्नातक की प्रवेश परीक्षा 8 जून को

जन एक्सप्रेस । अलीगढ



एएमयू के इतिहास में पहली बार प्रवेश परीक्षा में परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच होगी। 8 जून को स्नातक और परास्नातक की प्रवेश परीक्षाएं होंगी। 8, 9 और 10 जून को होने वाली प्रवेश परीक्षाओं में हजारों की संख्या में विद्यार्थी पंजीकृत हैं। कुलपति प्रो. नईमा खातून और कुलसचिव मोहम्मद इमरान ने परीक्षा की व्यवस्थाएं देखीं। प्रवेश परीक्षाएं दो चरणों में होंगी। 8 जून को बीए आनर्स, बीए बीएड, बीएससी आनर्स, बीएससी बीएड, बी कॉम आनर्स, एमबीए, एमबीए आईबी, एमबीए आईबीएफ, एमबीए फाइनेंस मैनेजमेंट, एमबीए टीटीएम, एमएसडब्लू, एमआईआरएम, एमएचआरएम व एमबीए एग्रीबिजनेस की प्रवेश परीक्षाएं होंगी।

9 जून को कक्षा 11 और डिप्लोमा इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा होगी। वहीं, 10 जून को बीटेक, बीआर्क व बीएएलएलबी सहित अन्य पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं होंगी। प्रवेश परीक्षा को सुचारु और पारदर्शिता बनाने के लिए कुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात कक्ष निरीक्षकों और सुरक्षाकर्मियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कुलसचिव ने कहा कि परीक्षार्थी के पास प्रतिबंधित उपकरण मिला या वह नकल में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### मेटल डिटेक्टर के बारे में दिया गया प्रशिक्षण

एएमयू में पहली बार इस्तेमाल हो रहे मेटल डिटेक्टर के बारे में सुरक्षाकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। 7 जून को प्रशासनिक भवन के सभागार में केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक हुई। कुलसचिव ने व्यवस्थापकों को वर्तमान समय में नकल के लिए प्रयोग किए जाने वाले उपकरण, तरीकों, उसकी जांच करने और ऐसी घटनाओं को पकड़ने के विभिन्न तरीकों के बारे में अवगत कराया। परीक्षार्थियों के पास मोबाइल फोन, घड़ी आदि रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर डीएफएमडी की स्थापना के साथ ही प्रॉक्टर कर्मियों को हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर एचएचएमडी के साथ तैनात किया जाएगा। सभी परीक्षार्थियों को मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

## एटूजेड प्लांट कूड़े के ढेर में फिर लगी आग, अब लगेंगे चारों ओर तार

जन एक्सप्रेस । अलीगढ



अलीगढ़ नगर निगम के कूड़ा विलोपित स्थल एटूजेड प्लांट में लगे कूड़े के ढेर में 7 जून देर शाम फिर आग लग गई। हालांकि, कुछ देर के प्रयास के बाद दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया। एक सप्ताह के अंतराल में लगातार दूसरी बार आग लगने को नगर निगम ने गंभीरता से लिया है। अब ढेर के चारों ओर कंटीले तारों की बाड़ लगवाने का निर्णय लिया है।

मथुरा रोड पर नगर निगम का कई दशक पुराना कूड़ा विलोपित स्थल है। इस स्थान पर अब तक एटूजेड द्वारा कूड़ा एकत्रित किया जाता था। इस स्थाल पर लगे कूड़े के ढेर पर एक सप्ताह पहले भी आग लगी थी। जिसे रात भर के प्रयास के बाद बुझाया जा सका था। अब 7 जून देर शाम फिर उसी जगह पर आग लग गई। कुछ ही देर में यह सूचना नगर निगम व फायर स्टेशन पर पहुंच गई। सूचना पर अपर नगर आयुक्त राकेश यादव व दो दमकल मौके पर पहुंच गईं। एक घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

वहीं देर रात तक सुलगते ढेर पर पानी डाला जाता रहा। इस दौरान माना गया कि किसी शरारती तत्व ने पहले की तरह जलती हुई बिड़ी या सिगरेट फेंकी होगी। जिसकी वजह से आग लगी।

अपर नगर आयुक्त ने बताया कि कूड़ा स्थल की घेराबंदी कर दी जाएगी।

ताकि अब यहां कोई आ जा न सके। आग पर काबू पा लिया गया है।

## आग लगने की सूचना पर जा रही पीआरवी में लगी आग

जन एक्सप्रेस । अलीगढ

7 जून की दोपहर डेढ़ बजे गांव कीरतपुर के पास एक 400 केवी बिजली घर के कबाड़ में आग लग गई। सूचना पर मौके पर जा रही पीआरवी में भी टोल प्लॉजा के पास आग लग गई। खबर लगते ही टोल प्लॉजा कर्मियों ने अग्निशमन यंत्र के जरिये पुलिस वाहन में लगी आग बुझाई। बताते हैं कि जीटी रोड पर गांव कीरतपुर स्थित 400 केवी बिजली घर के पास ही एक किसान ने अपने गेहूं के खेत में खड़े अवशेष में आग लगा दी थी। हवा के साथ चिंगारी बिजली घर पर रखे लकड़ी के कबाड़ तक पहुंच गईं। इससे कबाड़ में आग लग गई। हवा के साथ आग फैलने लगी तो बिजली घर कर्मचारियों ने 112 नंबर के जरिये पुलिस व दमकल को सूचना दी। इस पर पीआरवी 760 पर तैनात पुलिस कर्मी बिजली घर की ओर दौड़ पड़े। टोल प्लाजा के पास अचानक पुलिस वाहन के इंजन से धुआं उठा और गाड़ी में आग लग गई।

## डीसीपी और सीईओ से मिले किसान, एफआईआर वापस लेने की मांग

* कहा-पक्षपातपूर्ण व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, किसानों व ट्रस्ट के विवाद ने पकड़ा तूल

जन एक्सप्रेस । नोएडा

भारतीय किसान परिषद के नेतृत्व में शुक्रवार को कई किसान डीसीपी और सीईओ से मिले। उन्होंने अधिकारियों से फर्जी एफआईआर वापस लेने की मांग की। किसानों का कहना है कि जानबूझकर चोरी का आरोप लगाते हुए कई किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

दरअसल, सोरखा के खसरा नंबर 819 पर किसान और ओम शांति ओम ट्रस्ट के बीच विवाद चल रहा है। किसानों का कहना है कि उसने ओम शांति ओम ट्रस्ट को केवल एक बीघा जमीन बेची थी और इस ट्रस्ट ने जबरदस्ती दो बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया और बगल में 500 गज जमीन पर फिर कब्जा करने की फिराक में है। 31 मई को नोएडा प्राधिकरण अपने दस्ते के साथ तोड़फोड़ के लिए आया था, जहां पर किसान परिषद के साथियों ने किसान विरोधी मुहिम में नोएडा प्राधिकरण का विरोध किया। कुछ समय के जद्दोजहद के बाद प्राधिकरण अधिकारी वापस लौट गए। किसान भी अधिकारियों से मिलने के लिए ऑफिस पहुंचे। अधिकारियों ने कहा कि जांच पूरी होने तक किसानों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। किसानों को दो दिन बाद मालूम हुआ कि उस दिन कि घटना के बाद किसानों पर फर्जी चोरी की एफआईआर दर्ज की गई है। इसके बाद किसान परिषद के संयोजक सुखबीर खलीफा ने सैकड़ों किसानों के साथ शुक्रवार को डीसीपी नोएडा विद्या सागर मिश्र और सीईओ नोएडा लोकेश एम से बात की। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ इस प्रकार का पक्षपातपूर्ण व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


किसानों का कहना है कि जिस भी आश्रम ने जितनी जमीन खरीदी है वह उस पर रहे। यदि उसे कोई परेशान करता है, तो आश्रम के साथ हैं, लेकिन यदि किसी की आड़ में कोई किसान को परेशान करेगा तो हम पीछे रहने वाले नहीं हैं। किसानों की जमीन पर अब कोई अवैध कब्जा नहीं करेगा।

जो फर्जी एफआईआर हुई है, उसको तुरंत वापस लिया जाए। किसानों का कहना है कि एसएचओ के खिलाफ भी धरना होगा। किसानों का कहना है कि डीसीपी और सीईओ ने कहा कि दोनों एफआईआर वापस ली जाएगी और एसएचओ की भूमिका की जांच की जाएगी।

### किसानों के लिए कराई जाएगी टोल फ्री

10 जून 24 को भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा के नेतृत्व में जेवर ,सिकंदराबाद और छिजारसी टोल का घेराव करके उसको किसानों के लिए फ्री किया जायेगा। हजारों को संख्या में किसान 10 जून को 12 बजे 0 प्वाइंट (आगरा हाईवे) पर इकट्ठा हो कर जेवर की तरफ बढेंगे।

### करोड़ों की प्रॉपर्टी कब्जाने को लेकर पार्टनर ने की प्रॉपर्टी डीलर की हत्या



जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद। साहिबाबाद के वसुंधरा के प्रॉपर्टी डीलर राकेश वार्ष्णेय की उनके पार्टनर राजू ने करोड़ रूपयों की प्रॉपर्टी कब्जाने के लिए हत्या कर दी। वह तीन महीने से संदिग्ध परिस्थिति में गायब थे। पुलिस जांच में आया कि राजू ने दिल्ली के एक सरकारी अस्पताल में तैनात नर्सिंग स्टाफ की मदद से प्रॉपर्टी डीलर को कई एनेस्थीसिया के इंजेक्शन लगाकर घटना को अंजाम दिया था। वारदात के बाद पार्टनर ने उनके शव को मुरादनगर के नहर में फेंक दिया बुलंदशहर पुलिस ने बरामद किया था। नीतिखंड निवासी ममता वार्ष्णेय ने शिकायत दी कि पति राकेश वार्ष्णेय ने 28 फरवरी को अधिवक्ता के साथ डीसीपी ट्रांस हिंडन कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें उन्होंने अपनी और परिवार की जान का खतरा बताया था। वहां से अधिवक्ता दीपक को कड़कड़डूमा कोर्ट छोड़ने गए थे। शाम छह बजे अंतिम बार पति से बात हुई और रात 11 बजे उनका फोन बंद हो गया। दिल्ली पुलिस से शिकायत में पता चला कि कड़कड़डूमा कोर्ट में ही राकेश से दोस्त राजू उपाध्याय मिला था। वह भी प्रापर्टी डीलिंग का काम करता है। उसने पति राकेश को किसी बहाने से दूसरी जगह ले जाकर उनको अगवा कर लिया। पुलिस का कहना है कि राजू ने घटना को अंजाम देने के लिए राकेश को एनेस्थीसिया के इंजेक्शन लगाकर बेहोश कर दिया था। फिर उनकी हत्या करके शव को तीन दोस्तों की मदद से मुरादनगर के नहर में फेंक दिया। उधर, देर रात जब राकेश घर नहीं पहुंचे तो पत्नी ममता को चिंता होने लगी। कॉल करने पर फोन भी स्विच ऑफ था। वह राजू के घर पहुंची लेकिन वह नहीं मिला। राजू का भी नंबर तभी से बंद आ रहा है। उन्होंने दिल्ली पुलिस को पति की गुमशुदगी दर्ज कराई।

## स्टेशन से पहले तेजस राजधानी एक्सप्रेस की बोगी पटरी से उतरी



जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद में तेजस राजधानी एक्सप्रेस की एक बोगी पटरी से उतर गईं। बताया जा रहा है कि आज सुबह करीब 9.37 मिनट पर ट्रेन डिरेल हुई। ट्रेन भुवनेश्वर से नई दिल्ली की ओर जा रही थी। मौके पर रेलवे के अधिकारी मौजूद हैं। राहत की बात है कि कोई हताहत नहीं हुआ है। हादसे के करीब एक घंटे बाद ट्रेन को दिल्ली के लिए रवाना किया गया।

जानकारी के अनुसार, घटना प्लेटफार्म नंबर चार से करीब 100 मीटर पहले की है। गनीमत रही कि स्टेशन आने के चलते ट्रेन की रफ्तार धीमी थी नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। मामले की सूचना मिलते ही आनन-फानन आरपीएफ और रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। डिरेल बोगी में सवार यात्रियों को दूसरी बोगी में बैठाकर भेजा गया। ट्रेन के पीछे लगेज के बाद कि बोगी के पहिये पटरी से उतरे हैं। हादसे के पीछे की वजह क्या थी? इस बिंदु पर जांच की जा रही है।

## होटल में मिली लाश से हड़कंप



जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद में एक युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। शालीमार गार्डन के 80 फूटा रोड पर ओयो होटल में शुक्रवार दोपहर अमरोहा के 22 वर्षीय आकाश का बेल्ट से बंधा शव मिला।

होटल के कर्मचारियों ने कमरे में कोई हलचल नहीं होने पर पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। आकाश बीती तीन जून की दोपहर को होटल पहुंचा था। पुलिस ने कमरे में जांच की। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी है।

## सब्जी विक्रेता को लुटेरों ने तमंचे से किया घायल

जन एक्सप्रेस । अलीगढ



हरदुआगंज थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी दिनेश पुत्र बलवीर मोटर साइकिल लगे रिक्शे से सब्जी बेचने का काम करता है। 7 जून की शाम सब्जी बेचने वह लुहारा गांव जा रहा था। सामने से आए अपाचे सवार दो लुटेरों ने उसे रोक लिया। पहले किसी गांव का पता पूछा, फिर टमाटर तुलवाए। दोनों लुटेरे सब्जी विक्रेता की जेब में रखे 2 हजार रुपए और मोबाइल छीनने लगे।

विरोध करने पर तमंचे की बट सिर में मारकर सब्जी विक्रेता को लहुलुहान कर दिया। राहगीरों की आवाजाही होने से दोनों लुटेरे नगदी और मोबाइल लूट बाइक लेकर बरौठा नहर की ओर भाग गए। राहगीरों के फोन से पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल मेडिकल के लिए भेजा है।

बता दें की दो दिन पहले भी महिला फाइनेंस कर्मी से दो बाइक सवार लुटेरों ने 90 हजार की लूट की थी। अभी तक लुटेरे पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके हैं। वहीं पुलिस की ढुलमुल कार्यशैली के चलते 7 जून को भी लूट की घटना को अंजाम देकर लुटेरों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है।

## 550 करोड़ की लागत से बनीं बिल्डिंग में जुगाड़ से चल रही बिजली

* मेरठ में तैनात इंजीनियर को मिला है अतिरिक्त चार्ज, अस्पताल में तैनात तकनीशियन के भरोसे नौ मंजिला सेंट्रलाइज्ड एसी बिल्डिंग

जन एक्सप्रेस । नोएडा

सेक्टर-39 में करीब 550 करोड़ की लागत से बनी जिला संयुक्त अस्पताल की इमारत में जुगाड़ से बिजली चल रही है। ऐसे में कभी भी एसी बंद हो जाता है। मरीजों की जांच के लिए लगी मशीनें भी काम नहीं करती हैं। ऐसे में परेशानी मरीजों को उठानी पड़ रही है। कोरोना के समय यहां कोविड अस्पताल चला। अब पिछले डेढ़ साल से यहां जिला संयुक्त अस्पताल चल रहा है। करीब 3000 मरीज यहां रोजाना ओपीडी में देखे जाते हैं। इसके अलावा करीब 250 से 300 मरीज अस्पताल में भर्ती होते हैं। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि नौ मंजिला इमारत में चल रहे अस्पताल में एसी प्लांट समेत बिजली से जुड़े उपकरणों के रखरखाव और संचालन के लिए एक स्थाई इलेक्ट्रिक इंजीनियर की जरूरत है। जबकि, यहां एक तकनीशियन को तैनात किया गया है। इसका काम सिर्फ बिजली कटने या फॉल्ट होने पर उसे वापस चालू करा देना है। ऐसे में रखरखाव से जुड़े काम ही नहीं हो पाते। यही वजह है कि पिछले दिनों अस्पताल में जहां यूपीएस पैनल में लगी बैटरियों में ही आग लग गई। इससे पहले ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से करीब एक महीने तक अस्पताल में बिजली संकट बना रहा था। अस्पताल में बिजली व्यवस्था की देखरेख के लिए अस्थाई रूप से एक इलैक्ट्रिक इंजीनियर को संबद्ध किया हुआ जोकि खुद मेरठ में तैनात है। ऐसे में कई बार तो वह महीनों तक अस्पताल में निरीक्षण तक करने नहीं आ पाते हैं। बिजली विभाग ने सीधी आपूर्ति तो विद्युत वितरण उपकेंद्र से दे दी है। लेकिन अस्पताल परिसर के अंदर रखरखाव की जिम्मेदारी अब अस्पताल की ही है। जिला अस्पताल में अब भी किराए पर ट्रांसफॉर्मर लेकर काम चलाया जा रहा है। ऐसे में शुक्रवार को भी जहां आठवें तल पर बिजली संकट रहने की वजह से अधिकांश समय एसी नहीं चल सके। वहीं पांचवे और तीसरे तल पर भी एसी अधिकांश समय बंद ही रहे। हालांकि, पिछले दिनों संकट के बाद अब यहां पंखे अस्पताल प्रशासन ने लगवा दिए हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को दिक्कत कम हो।

### इलैक्ट्रिक सेफ्टी इंजीनियर की आवश्यकता

डिप्टी सीएमओ डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि रविवार को प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने एक बैठक की है। इसमें गौतमबुद्ध नगर से भी स्वास्थ्य अधिकारी जुड़े। इसमें इलैक्ट्रिक सेफ्टी के लिए ऑडिट कराए जाने के अलावा एक इंजीनियर की तैनाती की भी बात हुई है। यह तैनाती गौतमबुद्ध नगर सहित सभी जिलों में किए जाने का प्रस्ताव है। जिला अस्पताल में सबसे अधिक इसकी जरूरत है। यहां बिल्डिंग को हाईराइज बनाया गया है। बिजली संकट होने पर यहां सबसे अधिक दिक्कत मरीजों को ही होगी।

" यूपीएस पैनल में आग के बाद सेफ्टी ऑडिट करा दिया गया है। जो उपकरण खराब हुए थे, उनको भी ठीक करा दिया गया है। एसी भी ठीक से काम करे इसके लिए निजी एजेंसी से जरूरी रखरखाव कराया जा रहा है। मेरठ में तैनात इंजीनियर को भी रखरखाव और देखरेख के लिए यथासंभव बुलाया ही जाता है।


डॉ.रेनू अग्रवाल, सीएमएस
जिला संयुक्त अस्पताल।

# पूर्व प्रधान का शव घर आते ही परिजनों ने शव जलाने से किया मना मचा हड़कंप

- क्षेत्रीय विधायक परिजनों को समझा बुझाकर शव जलाने के लिए किया राजी
- पूर्व प्रधान को दबंगों ने मारी थी गोली इलाज के दौरान अस्पताल में हुई थी मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर





### पुलिस अधीक्षक में दोषी पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा ने घटना के पहले पीड़ित की लिखित सूचना के बावजूद आरोपियों पर विधिक कार्रवाई न करने में सिंगरामऊ थाने में तैनात सिपाही कुलदीप कुमार सिपाही नौशाद हसैन को निलंबित कर दिया।

### पीड़ित ने घटना के एक दिन पहले दी थी थाने पर जाकर सूचना।

मृतक के पारिवारिक के सदस्य प्रमोद तिवारी ने बताया कि बीते मंगलवार को दस से पंद्रह की संख्या में हमलावरों ने मुकेश के घर पर चढ़कर गाली गलौज किया था और जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे इतने मे पास पड़ोस के लोग जुट गए भीड़ बढ़ती देख कर हमलावर फरार हो गए पर लोगो ने एक मोटर साईकिल पकड़ लिया जिस पर नंबर नहीं अंकित था। इस घटना के बाद मुकेश ने सूचना लिखित थाने पर जाकर दी परिवार ने बताया कि बिना नंबर की बाइक पुलिस के कब्जे में अभी भी है जो थाने पर खड़ी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सूचना देने के बाद भी पुलिस ने सक्रियता दिखाई होती तो आज यह घटना न घटित होती।

पूर्व प्रधान का शव घर पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया परिजन शव को घर पर रखकर शव जलाने से मना कर दिया और आरोप लगाया कि पुलिस आरोपियों से मिली हुई है सूचना पर पुलिस प्रशासन के हाथों फूल गए आनन-फानन में जिले के उच्च अधिकारी पहुंचकर शव जलाने के लिए प्रयास करते रहे लेकिन लोग मान नहीं रहे थे सूचना पर क्षेत्रीय भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र मौके पर पहुंच कर पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा से बातचीत किया और परिजनों को समझा बुझाकर कर शव जलाने के लिए राजी किया और आरोपियों पर कार्रवाई के साथ दोषी पुलिस कर्मियों को दंडित कराने का आश्वासन दिया।और युवा पूर्व प्रधान साथी को कंधा देकर उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। गौरतलब हो कि बीते दिनों सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के इनामीपुर गांव के पूर्व प्रधान सत्यप्रकाश ऊर्फ मुकेश तिवारी की बुधवार की शाम गांव के ही मनबढ़ युवकों ने मामूली कहा सुनी में गोली मार दी थी, गोली लगने की सूचना पर परिजन बदलापुर सी एच सी के गए जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जौनपुर सदर भेज दिया,रात में हालत गंभीर देखते हुए वाराणसी बी एच यू के लिए रेफर कर दिया जहा गुरुवार को दोपहर पौने बारह बजे इलाज के दौरान मौत हो गई मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया था।

# पत्रकार हत्याकाण्ड में शूटर का दूसरा साथी गिरफ्तार

- पत्रकार हत्याकाण्ड का शूटर प्रिंस सिंह कों पुलिस कर चुकी है ढेर
- पुलिसिया दावा दस लाख के सुपारी पर अंजाम दिया गया हत्याकांड
- मुख्य साजिशकर्ता को बचाने का प्रयास कर रही है पुलिस: संतोष श्रीवास्तव

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




शाहगंज थाना क्षेत्र के सबरहद गांव निवासी पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या में शामिल शूटर के दूसरे साथी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साथी हत्याकांड के दौरान अपाचे बाइक चला रहा था। हत्या में प्रयुक्त बाइक भी बरामद किया गया। फिलहाल पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए जमीन का धंधा करने वाले पारा कमाल गांव निवासी सिकन्दर आलम को साजिश कर्ता बताया गया।
कहा गया कि दस लाख की सुपारी ली गई थी। बताया जाता है कि पुलिस ने आजमगढ़ जनपद के जियनपुर थानांतर्गत खछउर खुर्द गांव निवासी 23 वर्षीय नीतीश राय पुत्र सतेन्द्र राय को कोतवाली क्षेत्र के मलमलवा पुलिया के समीप अपाचे बाइक के साथ शुक्रवार भोर में गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए बदमाश ने बताया कि सिकंदर आलम ने आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या हेतु दस लाख की सुपारी दिया था।
पचास हजार एडवांस भुगतान हो चुका था। दो दिन रेकी करने के बाद पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मैं उस वक्त बाइक चला रहा था।
मालूम रहे 13 मई को सुबह साढ़े नौ बजे सबरहद गांव निवासी पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की इमरानगंज बाजार स्थित तिराहे पर हौसला बुलंद बदमाशों ने नाइन एमएम पिस्टल से छह गोलियां दाग हत्या कर दिया था। भाई संतोष श्रीवास्तव की तहरीर पर चार नामजद समेत पांच अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ।
इस दौरान मंगलवार देर रात सरायख्वाजा थाना क्षेत्र अन्तर्गत नेवादा ईश्वरी सिंह निवासी अंतरप्रांतीय कुख्यात अपराधी प्रशांत सिंह उर्फ प्रिंस पुलिस मुठभेड़ में मारा गया।
पुलिस और पकड़े गये नीतीश राय के मुताबिक पत्रकार को गोली प्रिंस सिंह ने मारा था।
कहा कि प्रिंस सिंह के मारे जाने की खबर के बाद उसके घर मिलने जाने के दौरान पकड़ा गया। मामले में नामजद हिस्ट्रीशीटर जमीरुद्दीन कुरैशी मुम्बई से गिरफ्तार हों चुका है। एक अन्य मो हासिम दूसरे मामले में जेल में हैं।
वहीं नामजद आरोपित मुम्बई का धनाढ्य नासिर जमाल और भाई अर्फी उर्फ कामरान फरार है।
पांच अज्ञात में एक प्रिंस सिंह मारा जा चुका है। वहीं नीतीश राय पुलिस कब्जे में है। तीन अज्ञात अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।
वहीं तहरीर देने वाले मृतक के भाई संतोष श्रीवास्तव का कहना है कि नामजद आरोपितों को पुलिस बचाने का कार्य कर रही है।

# बंधक बनाकर बदमाशों ने नगदी सहित लाखों के आभूषण लूट हुए फरार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



केराकत थाना क्षेत्र के कुसरना महादेवा गांव में बीती रात हौसला बुलंद अज्ञात बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर, नगदी समेत महंगे जेवरात को लेकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई।
गौरतलब हो कि सत्यभामा सिंह अपनी पौत्री के साथ खाना खा कर सो गई आधी रात बाद लगभग दो बजे नींद खुली तो देखा कि कुछ लोग एक कमरे के सामने बैठे थे पूछने पर लोगों ने कहा कि ज्यादा बोलोगी तो जान से मार देंगे। तुम्हारे पास जो कुछ है दे दो इतना कहते ही एक ने सत्यभामा के पास पहुंच गले से चैन व कनफूल छीन कर धक्का मारते हुए कमरे में बंद कर दूसरे कमरे घुसकर आराम से अलमारी से चार जोड़ी पायल, चार चांदी का सिक्का,15 सोने व चांदी की जियुतिया समेत नगदी एक लाख पांच हजार लेकर फरार हो गए। कमरे में बंद सत्यभामा ने कुछ समय बाद कमरे की खिड़की खोलकर शोर मचाया शोर सुन आस-पास के लोगों ने पहुंच बंद कमरे से सत्यभामा को बाहर निकालने के बाद 112 नंबर फोन कर पुलिस को सूचित किया गया पुलिस मौके पर पहुंची जांच पड़ताल की।
सुबह भुक्तभोगी कोतवाली पर पहुँच प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।
पुलिस भुक्तभोगी के प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल में जुट गई तो वही घटना के बाद से ही ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना है।

### बाइक और मोपेड की टक्कर में एक युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर। कछवां। थाना क्षेत्र के आही गांव के गेट के पास बुधवार की रात बाइक और मोपेड के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों वाहनों पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची कछवां पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी भेजवाया। जहां एक की मौत हो गई।
पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। बुधवार की रात राजातालाब की ओर से मोपेड सवार अजीत सिंह (50) पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी चड़ीया थाना कछवां अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में कछवां थाना क्षेत्र के आही गांव के गेट के पास बाइक सवार आशीष कुमार पटेल (30) पुत्र कमला पटेल निवासी परशूपुर थाना राजातालाब वाराणसी से आमने-सामने से टक्कर हो गई। इस हादसे में आशीष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई और अजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां घटना हुई वह क्षेत्र वाराणसी जिले के मिर्जामुराद थाना क्षेत्र में पड़ता है। सूचना पर पहुंचे कछवां थानाध्यक्ष संजीत बहादुर सिंह ने मिर्जामुराद थाने को सूचना दी। दोनों को कछवां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने भी आशीष पटेल को मृत घोषित कर दिया।
हादसे में घायल अजित सिंह को वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

# बच्चे दानी का आपरेशन करने के दौरान हुई लापरवाही से महिला की मौत अस्पताल सीज

- सड़क जाम कर लोगों ने जताया विरोध

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



बरसठी थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव की महिला का एक निजी अस्पताल में बच्चेदानी का आपरेशन करने के दौरान डॉक्टर की लापरवाही होने के कारण मरीज की मौत हो गई। परिजनों ने शव को अस्पताल पर रख कर आक्रोस जताया और जमालापुर से बंधवा जाने वाली सड़क को जाम कर दिया। बरसठी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह के अलावा मौके पर मड़ियाहूं क्षेत्राअधिकारी उमाशंकर सिहं रामपुर थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह पुलिस भी पहुंच कर परिजनों को समझा बुझा कर जाम खुलवाया वही अस्पताल के डॉक्टर सहित अन्य कर्मी अस्पताल छोड़ कर भाग निकले। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरसठी अधीक्षक डॉक्टर अजय सिंह पहुंच कर अस्पताल को सीज कर दिया है।
परिजनों ने बताया की 27 मई को महिला रीना सरोज पत्नी दीपक सरोज उम्र 26 वर्ष की जांच करने के बाद अस्पताल के डॉक्टर पंकज पटेल ने बताया की बच्चे दानी में गांठ की समस्या है और तुरंत आपरेशन करने के लिए परिजनों को कहा परिजन भी घबड़ा कर आपरेशन को तैयार हो गए और बरसठी के बाजार में खुला लक्ष्य हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर में आपरेशन कर दिया गया। महिला की आपरेशन के बाद दिक्कत बढ़ती गई और दर्द से महिला कराह रही थी तो डॉक्टर अपनी कमी छिपाने के लिए नींद की गोली देकर लगभग 7 दिन तक छिपाता रहा लेकिन दवा का असर खत्म होते ही महिला की दिक्कत फिर से बढ़ जाती थी और महिला को पेशाब करने में समस्या बढ़ गई तब डॉक्टर ने महिला को रेफर कर दिया जिसे बि एच यू ट्रामा सेन्टर ले जाने पर पता चला की नली कट जाने के बाद प्लास्टिक पाइप लगा दिया जिससे महिला की हालत नाजुक हो गई है। बि एच यू में आई सी यू बेड न होंने के कारण अस्पताल से कल उसे रेफर कर दिया जिसे एक आराचीन अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात महिला की मौत हो गई। परिजन शव को लेकर पुनः उसी अस्पताल के सामने रख कर सड़क जाम कर न्याय की मांग करने लगे पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया परिजनों को न्याय का भरोसा दिलाया गया।
महिला के दो बच्चे है जिसमे दिव्यांशी 5 वर्ष की बेटी व दिव्यांश 4 वर्ष का बेटा है।पति ठेला खींच कर परिवार चलाता है। महिला की शादी को 8 शाल बताया जा रहा महिला का मायका सुरियावां थाना क्षेत्र के मलेयपुर गांव में है।

# 17 केंद्रों पर 09 जून को होगी बीएड की प्रवेश परीक्षा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




जौनपुर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देश के क्रम में नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार की उपस्थिति में बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।
जनपद में कुल 17 केंद्रों पर बीएड की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसको लेकर अधिकारियों के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गयी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के अंदर किसी भी दशा में इलेक्ट्रानिक उपकरण नहीं पहुंचना चाहिए। इसके लिए अधिकारियों को पहले ही परीक्षार्थियों को चेक करना होगा। परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होगी ताकि परीक्षकों पर भी नजर रखी जा सके। जनपद में नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए 09 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 17 स्टैटिक और 34 आब्जर्वर तैनात किए जाएंगे। नगर मजिस्ट्रेट ने चेतावनी देते हुए कहा कि गड़बड़ी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लापरवाही प्रकाश में आने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ विधिक रूप से कार्यवाही की जाएगी। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी। प्रथम सत्र प्रातः 09.00 बजे से 12.00 बजे तक एवं अपरान्ह् 02.00 बजे से 05.00 बजे तक आयोजित की जायेगी।
परीक्षा में कुल 8237 परीक्षार्थी भाग लेंगे।
स्टैटिक मजिस्ट्रेट सीसीटीवी के मॉनीटरिंग की व्यवस्था दुरुस्त कराएंगे।
ट्रैफिक व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त रखने के निर्देश दिया। परीक्षा केन्द्र के 200 मीटर के अन्दर किसी भी फोटो स्टेट की दुकान नही खुलेगी।
इस अवसर पर बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि विजय कुमार वर्मा, महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रो.शम्भूराम( प्राचार्य आर.एस.के.डी. पीजी कालेज जौनपुर, अमृतलाल पूर्वांचल विश्वविद्यालय, डा.राकेश कुमार पाण्डेय, शैलेन्द्र श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### फाउंडेशन संस्था ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत लगाए वृक्ष

जन एक्सप्रेस । बरखेडा/बरेली। विश्व पर्यावरण दिवस पर चैम्पियन क्लब फाउंडेशन संस्था की तरफ से शहर के विभिन्न स्थलो पर वृक्षारोपण अभियान चलाकर सैकड़ो पेड़ की पौध लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस पर दिया संदेश।वही संस्था के संस्थापक अजय गंगवार ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया है की हमारी चैम्पियन क्लब फाउंडेशन संस्था पर्यावरण दिवस पर प्रतिवर्ष वृक्षारोपण अभियान चलाकर वृक्षारोपण करती आ रही है।और समय समय पर वृक्षारोपण करती रहती है। वही इस कार्यक्रम में चैम्पियन क्लब फाउंडेशन संस्था के संस्थापक अजय गंगवार, डीडी गंगवार, अमर पाल, अमित गंगवार अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### चेयरमैंन ने गर्मी से राहत दिलाने के लिए चौराहे पर लगवाए वाटर कूलर

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर। नगर में आने वाले लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए नगर पालिका चेयरमैन द्वार प्रमुख चौराहे पर वाटर कूलर लगवाए गए हैं। उनके इस कार्य की जनता में सराहना हो रही है। नगर पालिका चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि नगर के पकड़िया, तिरंगा, स्टेशन और ब्लाक चौराहे पर वाटर कूलर लगवाए गए हैं। ताकि नगर में आने वाले लोगों को गर्मी से राहत मिले। वाटर कूलर लगवाने के लिए अन्य स्थानों को भी चिन्हित किया जा रहा है। शुक्रवार को नगर के प्रमुख चौराहे और चौराहे पर लगवाए गए चार वाटर कूलरों का शुभारंभ विधायक बाबूराम पासवान और एमएलसी सुधीर गुप्ता ने झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि गांव व दूर दराज से आने वाले व नगर के लोगों को इन वाटर कूलरों से गर्मी के प्रकोप से काफी राहत मिलेगी। इस मौके पर संदीप खंडेलवाल, हर्ष प्रधान, राम बहादुर गुप्ता, रवि गुप्ता, अमन नागी, संजय गुप्ता, सुमित सचदेवा, ब्रजेश गुप्ता, डॉ दिनेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### पैरवी करने पर अधिवक्ता को फोन पर धमकाया, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। अधिवक्ता द्वारा अपने वादी के मुकदमे की पैरवी करने पर प्रतिवादी पक्ष द्वारा फोन कर अधिवक्ता को गाली गलौज करते हुए मुकदमें की पैरवी करने से मना करते हुए धमकी दी गई। अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। बीसलपुर न्यायिक मजिस्ट्रेट के अधिवक्ता सियाराम माथुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि प्रार्थी विधि व्यवसाई हैं और न्यायिक मजिस्ट्रेट बीसलपुर के न्यायालय में पूनम देवी बनाम राजेश कुमार के मुकदमे में पूनम देवी का अधिवक्ता है और पूनम देवी की पैरवी करता है। जिस कारण दूसरा पक्ष राजेश कुमार उससे रंजिश मानता है। दिनांक 4 जून को समय करीब 11 बजे राजेश कुमार पुत्र भजन लाल निवासी उम्मेदपुर भुता बरेली ने अपने मोबाइल फोन द्वारा गाली गलौज करते हुए उसके मुवक्किल को जान से धमकी दी। पीड़ित अधिवक्ता ने राजेश कुमार से जान का खतरा बताते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल ने बताया कि अधिवक्ता सियाराम माथुर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की जांच कर रही है।

### राज्यमंत्री ने विभागों में नियुक्त किए अपने प्रतिनिधि

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने जनसमस्याओं के तीव्र गति से निस्तारण हेतु कई विभागों के लिए अपने प्रतिनिधि नियुक्त किये है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने बताया है कि नगर पालिका परिषद पीलीभीत के लिए राकेश सिंह निवासी-रंगीलाल चौराहा पीलीभीत को प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इसके अलावा नगर पंचायत गुलडिया भिण्डारा के पूर्व चेयरमैन अजय कुमार गोयल एंव चरनजीत सिंह को गुलडिया भिण्डारा का संयुक्त रूप से प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उन्होनें बताया है कि श्री रमेश लोधी उर्फ राकेश कुमार निवासी-ग्राम मुगलाखेडा को ब्लाक अमरिया का प्रतिनिधि एंव ओमप्रकाश वर्मा को मरौरी ब्लाक का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उपरोक्त अधिकृत तौर पर नियुक्त किये गये प्रतिनिधियों की सूचना जिलाधिकारी भेज दी गई है।

# चुनाव ड्यूटी के बाद गैरहाजिर घुंघचाई थाना के दो सिपाही निलंबित

- गैरहाजिरी दर्ज करने पर मुंशी से की गई थी अभद्रता
- इंस्पेक्टर की रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक ने की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

चुनाव ड्यूटी से वापस लौटने के बाद गैर हाजिर घुंघचाई थाना पर तैनात दो सिपाहियों को एसपी ने निलंबित कर दिया। गैरहाजिरी लगाने से नाराज़ सिपाहियों ने मुंशी से भी अभद्रता की। निलंबित सिपाहियों को थाना से रिलीव कर दिया गया।
घुंघचाई थाना पर तैनात सिपाही सुमित चौधरी और गौरव की लोक सभा चुनाव के सातवें चरण में ड्यूटी लगाई गई थी। दोनों सिपाही एक जून को थाना से गए थे। अगले दिन 12 बजे वापस आना था। तय समय के बाद भी दोनों पुलिसकर्मी थाना वापस नहीं पहुंचे। इंस्पेक्टर ने अधीनस्थों से पुलिस कर्मियों के बारे में जानकारी की।तय समय पर वापस न आने की जानकारी पर इंस्पेक्टर ने मुंशी को गैरहाजिरी के निर्देश दिए। इंस्पेक्टर के निर्देश पर मुंशी ने गैरहाजिरी दर्ज कर दी। वापस आने के बाद दोनों सिपाही सीसीटीएनएस कार्यालय पंहुचे। कार्यालय में मौजूद मुंशी कपिल से आमद दर्ज करने की बात कही। इस गैरहाजिरी लगी होने की जानकारी दी। इससे सिपाही आक्रोषित हो गए। मुंशी के साथ अभद्रता कर हाथापाई का प्रयास किया गया।मामले की जानकारी इंस्पेक्टर को दी गई। इंस्पेक्टर की ओर से सिपाहियों की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई। गुरुवार देर रात पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। शुक्रवार दोनों सिपाहियों को थाना से रिलीव कर दिया गया।एसपी की कार्रवाई से पुलिस कर्मियों में खलबली मची रही। घुंघचाई थाना इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों सिपाही चुनाव ड्यूटी के बाद समय से थाना नहीं पंहुचे।
मामले की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई थी।
उच्चाधिकारियों की ओर से कार्रवाई की गई है।

### भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष समेत पांच पर हत्या का मुकदमा

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर। लालगंज। सड़क हादसे में हुई रोजगार सेवक की मौत मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बालेंदु मणि त्रिपाठी और पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार दुबे सहित पांच लोगों के खिलाफ बृहस्पतिवार को गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत मड़वा नेवादा गांव निवासी 30 वर्षीय राजीव मौर्य गांव में रोजगार सेवक थे। वे बुधवार को ग्राम पंचायत के काम से बाइक से लालगंज ब्लॉक मुख्यालय जा रहे थे। दोपहर बाद ब्लॉक जाते समय पतुलखी गांव के पास किसी वाहन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई थी। लालगंज थाना क्षेत्र के कलवारी गांव निवासी भाई संजय कुमार मौर्य ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके भाई राजीव मौर्य को कई बार जान से मारने की धमकी मिली थी। आशंका है कि कार से भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बालेंदु मणि त्रिपाठी, सुरेंद्र दुबे, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष दुबे तथा अमरेश दुबे द्वारा दुर्घटना कर जान ले ली।

# पीटीआर मनाएगा इस साल धूमधाम से 10 वां स्थापना दिवस




- शहर के एक बड़े बारात घर में प्रदेश के वन मंत्री एवं अपर मुख्य सचिव कर सकते हैं कार्यक्रम में शिरकत
- हर साल की तरह इस साल भी 8 जून की रात को पीलीभीत टाइगर रिजर्व के 10 साल के सफर पर एक विशेष सफरनामा आप सबके मध्य रखा जाएगा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद के टाइगर रिजर्व की दस वें स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वन अधिकारी मनीष सिंह ने एक बैठक का आयोजन किया।
जिसमें पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं वन एवं वन्यजीव प्रभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें। इस साल कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन डॉ0 अरूण कुमार सक्सेना, राज्य मंत्री वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन के0पी0 मलिक, अपर प्रमुख सचिव वन एवं पर्यावरण मनोज सिंह, पीसीसीएफ हाफ उत्तर प्रदेश सुधीर कुमार शर्मा, पीसीसीएफ वन्यजीव संजय श्रीवास्तव, दुधवा नेशनल पार्क के फील्ड डायरेक्टर ललित कुमार वर्मा,
सहित पीलीभीत टाइगर रिजर्व के कार्यवाहक फील्ड डायरेक्टर एवं सीसीएफ बरेली जोन विजय सिंह भी मौजूद रहेंगे।
साथ ही प्रदेश के कई वन अधिकारियों की भी आने की संभावना है।

### पीटीआर इन पूर्व अधिकारियों को भी इस कार्यक्रम में बुलाने पर विचार कर सकता हैं।

पूर्व डीएफओ राजीव मिश्रा, पूर्व डीएफओ श्री कैलाश प्रकाश, पूर्व डीएफओ आदर्श कुमार, पूर्व डीएफओ नवीन खंडेलवाल, पूर्व एसडीओ केपी सिंह, एसडीओ डीपी सिंह, पूर्व एसडीओ उमेश चंद्र राय, पूर्व एसडीओ प्रवीण खरे, पूर्व एसडीओ विमल कुमार, रेंज अधिकारी डीके सिंह, रेंज अधिकारी डीके श्रीवास्तव, रेंज अधिकारी मोबिन आरिफ, रेंज अधिकारी आरिफ जमाल, इन अधिकारियों ने अपने समय में टाइगर रिजर्व की घोषणा के बाद काफी मेहनत की और आज हम लोग जो पीलीभीत टाइगर रिजर्व मैं विचरण कर रहे जीव जंतुओं की वजह से दुनिया भर में प्रसिद्ध हो रहे हैं। इसका श्रेय इन अधिकारियों को भी जाता है जिन्होंने अपने समय में हर वह कदम उठाया जिसके बाद आज पीलीभीत टाइगर रिजर्व दुनिया भर में मशहूर हो चुका है।

# कूप्रबन्धन के खिलाफ नगर पालिका पर भड़के व्यापारी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



नगर पालिका परिषद पीलीभीत कूप्रबन्धन के खिलाफ व्यापारी भडक उठे है। उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने आज शुक्रवार को गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को ज्ञापन देकर शहर में हो रही गन्दगी और खस्ता हाल सड़कों आदि समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा और कार्यवाही की मांग की। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने ज्ञापन लेते हुए व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि इस सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही की जायेंगी उन्होनें अपने नगर पालिका प्रतिनिधि राकेश सिंह को निर्देश दिए कि वो कल जिलाधिकारी से मिलकर व्यापारियों द्वारा दिए गये ज्ञापन पर कार्यवाही अमल में लाये।
संजय रॉयल पार्क स्थित आवास पर व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष हर्षित अग्निहोत्री महामंत्री अमित अवस्थी राज्यमंत्री को सौंपी गए ज्ञापन में कहा है कि पिछले कई महीने से सफाई व्यवस्था के नाम से खानापूर्ति की जा रही है जगह जगह पर कूडे के ढेर लगे है गली मौहल्लों में अवैध डलाव घर बन गये है जहॉ समय से कूडा नही उठाया जाता है जिसके कारण नागरिकों को बडी समस्याओं का सामना करना पड रहा है नगर पालिका की उदासीनता एंव कूप्रबन्धन के चलते भीषड गर्मी के चलते किसी भी संक्रामक बीमारी फैलने से इंकार नही किया जा सकता। सडकों की हालत वक्त से वत्तर हो रही है जहॉ से लोगों का आवागमन मुश्किल हो रहा है जिससे आम जनों में नगर पालिका परिषद प्रशासन के खिलाफ दिनों दिन रोष पनप रहा है। ज्ञापन में राज्यमंत्री श्री गंगवार से इस सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही कर जनता को समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में राजकुमार सिंह, राजू, देवेन्द्र पाण्डेय,नवनीत, विशाल सक्सेना, ठाकुर दास, हरद्वारी लाल, प्रशान्त कुमार सहित कई व्यापारी शामिल रहें।

# दो बाइक की टक्कर में युवक ने तोड़ा दम

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

वाराणसी के लक्षिरामपुर गांव के पास दो बाइक की टक्कर में गंभीर रूप से घायल एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई।
रोहनिया थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फूलपुर थाना क्षेत्र के निंदेवां (ताड़ी) निवासी अजय शर्मा (19) घर से बुधवार शाम अनेई बाजार सामान लेने गया था।
लौटते समय लक्षिरामपुर गांव के पास पेट्रोल टंकी के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने अजय की बाइक में टक्कर मार दी।
हादसे के बाद टक्कर मारने वाला बाइक चालक मौके से भाग निकला।

# आज विस का चुनाव हो जाए तो अखिलेश के नेतृत्व वाली सरकार बनना तय: शिवपाल यादव

जन एक्सप्रेस । इटावा



लोकसभा चुनाव में सपा के बेहतर प्रदर्शन के बाद राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने नैतिकता के आधार पर भाजपा को प्रदेश सरकार से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि यदि आज विधानसभा के चुनाव करा लिए जाएं, तो प्रदेश में अखिलेश के नेतृत्व वाली सरकार बनना तय है। गुरुवार को शहर स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान हमेशा थे और रहेंगे। वहां पर जो चुनाव जीते हैं वह सेकुलर हैं और सेकुलर रहेंगे। जनता ने सेकुलर और श्रीराम के सच्चे भक्त को जिताया है। मायावती के अल्पसंख्यकों को टिकट देने पर भी विचार किया जाएगा बयान पर कहा कि बीच-बीच में जिस तरह मायावती ने टिकट बदले हैं।

**नेता जी के आदर्शों पर चलकर ही इतनी सीट जीत सके हैं**

आरोप लगाया है कि जो टिकट दिए हैं वह भी कोई मुफ्त में नहीं दिए हैं। नेता प्रतिपक्ष के सवाल पर कहा कि इसके लिए नेतृत्व जो फैसला लेगा उस पर काम किया जाएगा। कहा कि नेता जी का आशीर्वाद है। उनके आदर्शों पर चलकर ही इतनी सीट जीत सके हैं।

# बिल्हौर नगर पालिका में जगह-जगह जमा है शिल्ट

**✻ प्रति दिन सैकड़ो की संख्या में सुबह-शाम भक्त आते हैं**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील कार्यालय के समीप नगर पालिका बसा हुआ है पूरे नगर में एक हफ्ता से छोटी नाली बड़ी नाली की सफाई हो रही है लेकिन कचरा /शिल्ट रोड पर ही पड़ा है जहां पर आधा सडक ढकी हुई है बड़े वाहन निकलने में बहुत परेशानी हो रही है। बिल्हौर नगर में वार्ड 16 के सामने माता सिंहवाहिनी के मंदिर में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में भक्त सुबह शाम पूजा अर्चना करने आते हैं मंदिर के बाहर से इस कदर शिल्ट पड़ी हुई है कि आधा रोड ढका हुआ है वहीं पर एक ट्रक भी खड़ा हुआ है जिसके चलते मोटरसाइकिल सवार रपट कर गिरते हैं वहीं पर मोहल्ले वालों ने बताया कि नगर पालिका के लोग सफाई करके भूल गए हैं यहां पर मंदिर लोग सुबह-शाम नहा धोकर साफ कपड़े पहनकर अपने घरों से नंगे पैर मंदिर जाते हैं जब रास्ते में कीचड से होकर जाना पड़ता है तो उनका नहाया और बगैर नहाया बराबर हो जाता है जिसके चलते मोहल्ले के लोग मंदिर जाना बंद कर दिया है आखिरकार नगर पालिका प्रशासन इस ओर क्यों ध्यान नहीं दे रहा है। अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया जिससे यह ज्ञात नहीं हो सका है की सफाई में इतनी लापरवाही क्यों बरती जा रही है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि कई बार सूचना भिजवाई है कोई यहां पर झांकने तक नहीं आता है भक्तों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिससे भक्तों की संख्या कम हो गई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एक्सप्रेसवे पर इंस्पेक्टर की कार को ट्रक ने मारी टक्कर

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** उन्नाव जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर ट्रक ने औरास इंस्पेक्टर की कार में टक्कर मार दी। हादसे में इंस्पेक्टर गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि तीन सिपाहियों को भी चोटें आईं। इंस्पेक्टर को गंभीर हालत में लखनऊ में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, औरास इंस्पेक्टर रेखा सिंह एक मुकदमे में वांछित की गिरफ्तारी के लिए दबिश देने अपनी प्राइवेट कार से सुल्तानपुर जिला गई थीं। शुक्रवार सुबह लौटते समय लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे अटिया टोल प्लाजा के पास से सर्विस रोड पर उतर रहीं थीं। तभी लखनऊ से आगरा की तरफ जा रहे मांस लदे कंटेनर ने कार में टक्कर मार दी। हादसे के वक्त आगे (चालक के बगल वाली सीट) बैठीं इंस्पेक्टर के सिर में गहरी चोट आई है। उन्हें लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, तीन सिपाही घायल हुए हैं। ट्रक चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है।

### आशा और स्टाफ नर्स के बीच नोकझोंक, मारपीट

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** ऑपरेशन से प्रसव के बाद प्रसूता को दर्द होने पर आशा ने स्टाफ नर्स से इंजेक्शन लगाने को कहा। इसी दौरान दोनों में विवाद के बाद मारपीट होने लगी। आशा ने सीएमएस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। औरास के रामपुर खालसा निवासी हरिचंद्र की पत्नी अनीता (24) को गुरुवार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन आशा कार्यकर्ता बिटाना के साथ जिला महिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां महिला डॉक्टरों ने ऑपरेशन से प्रसव होने की बात कही। ऑपरेशन के बाद प्रसूता को वार्ड में भर्ती किया गया। प्रसूता को अधिक दर्द होने पर आशा कार्यकर्ता बिटाना स्टाफ के पास गई और दर्द का इंजेक्शन लगाने को कहा। इसी पर स्टाफ नर्स और आशा के बीच नोकझोंक होने लगी। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों में मारपीट होने लगी। आशा ने महिला अस्पताल के सीएमएस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। हालांकि महिला अस्पताल के कार्यवाहक सीएमएस डॉ. अरविंद ने शिकायती पत्र न मिलने की बात कही है।

### पत्नी मायके से नहीं आई तो खुद को लगाई आग, गंभीर

**जन एक्सप्रेस/बांगरमऊ।** चार साल से मायके में रह रही पत्नी के घर वापस न आने पर बुधवार शाम पति ने खुद पर केरोसिन डालकर आग लगा ली। परिजनों ने आग बुझाकर उसे सीएचसी पहुंचाया। हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मदारनगर निवासी दीपक की शादी 2019 में क्षेत्र के ही गांव अतरधनी निवासी चांदनी से हुई थी। पिता शिवबालक ने बताया कि दो साल तक सब सही रहा। उसके बाद आए दिन बेटे और बहू में विवाद होने लगा। चार साल पहले चांदनी मायके चली गई। इसके बाद वह दिल्ली चली गई। कई बार दीपक उसे लेने गया, लेकिन नहीं मानी। पिता ने बताया कि बुधवार को पत्नी से फोन पर बात की थी और विवाद के बाद दीपक ने खुद पर केरोसिन डालकर आग लगा ली। परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से आग बुझाई और उसे स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। करीब 80 फीसदी जला होने से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टर के अनुसार हालत गंभीर है। कोतवाल राजकुमार ने बताया कि पति-पत्नी में आपसी विवाद चल रहा था। पत्नी के न आने से नाराज होकर उसने यह कदम उठाया है। जांच की जा रही है।

### डिवाइडर से बाइक टकराने से युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/घिरोर।** घर से रिश्तेदारी में जा रहे युवक की अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इसके चलते युवक की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के ताहरपुर निवासी पवन कुमार (30) बृहस्पतिवार की शाम घर से बाइक से अपनी रिश्तेदारी में करहल जा रहे थे। ग्राम नगला भगिया बाईपास के निकट मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। बाइक टकराने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। शव को देख परिजन में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/मैनपुरी।** थाना कुर्रा के गांव भरतपुर में बृहस्पतिवार की रात एक युवक ने मकान के कमरे में फंदा लगा लिया। जानकारी होते ही परिजन कमरे में पहुंचे। शव को फंदे से उतार लिया। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने मौत का कारण जानने के लिए शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। भरतपुर का रहने वाला विनय कुमार (22) बृहस्पतिवार की रात खाना खाने के बाद कमरे में चला गया। उसने कमरे में फंदा लगा लिया। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आया तो परिजन कमरे में पहुंचे। वहां विनय का शव फंदे पर लटका देखा। शव को फंदे से उतार लिया। तब तक विनय की मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस गांव पहुंची और परिजन से फंदा लगाने के संबंध में जानकारी जुटाई। परिजन कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके। समाचार लिखे तक इस संबंध में कोई तहरीर थाने में नहीं दी गई है। युवक ने फंदा क्यों लगाया पुलिस इस संबंध में गांव के लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है।

### गल्ला व्यापारी के पुत्र को दी जान से मारने की धमकी

**जन एक्सप्रेस/मैनपुरी।** शहर के पंजाबी कॉलोनी में रहने वाले एक गल्ला व्यापारी के पुत्र को जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी के पीछे रुपये के लेनदेन को लेकर वजह बताई गई है। व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने हरियाणा के रहने वाले नामजद के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के पंजाबी कॉलोनी निवासी अशोक कुमार गोयल ने बताया कि वह गल्ले के थोक व्यापारी हैं। उनसे रमेश चंद्र निवासी निगधू भोला खालसा जिला करनाल हरियाणा ने धान की खरीद की थी। खरीद फरोख्त लेकर रुपये का लेनदेन बकाया है। इसको लेकर न्यायालय में मुकदमा भी चल रहा है। छह जून को इसमें तारीख थी। पांच जून की सुबह उनके पुत्र मयूर गोयल के पास रमेश ने फोन किया।

# आंधी से 58 बिजली के पोल टूटे ग्रामीण क्षेत्रों में गुल रही बिजली

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

तेज गति से चली हवाओं व बारिश से बिजली विभाग को काफी नुकसान हुआ। इससे 58 बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आठ से 10 घंटे तक आपूर्ति ठप रही। गुरुवार सुबह करीब 3.30 बजे के करीब तेज गति से हवाएं चलने लगीं। कुछ ही देर में बारिश शुरू हो गई। नवाबगंज, हसनगंज व सिकंदरपुर कर्ण में एक घंटे तक आंधी चली। करीब आधे घंटे तक बारिश हुई। इससे सबसे ज्यादा नुकसान बिजली विभाग को उठाना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में 58 बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गए। सिकंदरपुर कर्ण बंथर के कोरारी फीडर का तार टूट जाने से सुबह 11 बजे तक बत्ती गुल रही। हसनगंज के घुरामऊ गांव के बाहर नहर के पास 11 हजार लाइन पर पेड़ की डाल गिर गई। जिससे धौरा, मौलाबांकीपुर, हसनापुर व नई सराय फीडर से जुड़े क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। शाम चार बजे डाल हटवाकर आपूर्ति बहाल करा दी गई। नवाबगंज के अजगैन फीडर के जगदीशपुर गांव के अंदर हाईटेंशन 33 हजार लाइन का एक पोल झुक कर उखड़ गया। जिसके बाद आपूर्ति ठप हो गई। लगभग एक घंटे देरी से पहुंचे कर्मचारियों ने पोल को बदलवाने का काम शुरू किया। छह घंटे बाद आपूर्ति बहाल हुई। उपखंड अधिकारी रुद्रप्रताप ने बताया कि 33 केवी लाइन का पोल टूटने से सुबह पांच बजे से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जिसे सही कराकर 11 बजे के करीब आपूर्ति बहाल करा दी गई। अधीक्षण अभियंता एसके चौधरी ने बताया कि आंधी व बारिश से बिजली के 58 पोल क्षतिग्रस्त हुए। जिनके स्थान पर दूसरे पोल लगाकर आपूर्ति बहाल कराई गई।

**बदले मौसम से तापमान में आई गिरावट**

गुरुवार सुबह आंधी व बारिश से मौसम में काफी बदलाव आ गया। पिछले दिनों से 42-43 डिग्री रहा तापमान घटकर 35-36 पर पहुंच गया। जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। सुबह 10 बजे तक मौसम काफी राहत देता रहा। इसके बाद फिर से मौसम बदला और दोपहर में फिर तेज धूप होने से तापमान 41 डिग्री पर पहुंच गया। वहीं चली गर्म हवाओं से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। उधर, खेत किसानी के लिए जिन क्षेत्रों में अच्छी बारिश हो गई है वहां के किसानों के लिए फायदेमंद है। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप मिश्रा ने बताया कि जो किसान नर्सरी की तैयारी कर रहे हैं उन्हें यह बारिश राहत दे सकती है। वहीं आंधी से काफी मात्रा में अमिया गिर गई। हालांकि बारिश आम के लिए फायदेमंद बताई गई। धौरा के कृषि वैज्ञानिक डॉ. जय यादव ने बताया कि बारिश आम की फसल के लिए बहुत ही फायदेमंद है। इससे आम पकने में आसानी होगी।

# पिता-पुत्र समेत तीन को जानलेवा हमले में पांच साल कैद

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आठ साल पहले हुए जमीनी विवाद के दौरान जानलेवा हमले के आरोपियों को अदालत ने दोषी करार दिया है। एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में आदलत ने दोषी करार दिए गए पिता-पुत्र समेत तीन को पांच-पांच साल कैद की सजा सुनाई है। तीनों पर 19500 रुपये जुर्माना लगा है। इसमें एक की मुकदमे के ट्रायल के दौरान ही मौत हो चुकी है। मामला तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ककराहा गांव से जुड़ा है। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि ककराहा में वर्ष 2016 को खेत पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था।

# परिषदीय विद्यालय की जमीन पर शिकायत के बावजूद नहीं हटा कब्जा

जन एक्सप्रेस । औरैया

**फफूंद।** थाना क्षेत्र के गांव भैंसोल में परिषदीय विद्यालय की सरकारी भूमि पर एक व्यक्ति अवैध कब्जा किए है। इस मामले में प्रधान की ओर से जिले के अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी कब्जा नहीं हटवाया जा सका है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। अछल्दा ब्लॉक की ग्राम पंचायत भैंसोल गांव स्थित परिषदीय विद्यालय की बेशकीमती जगह पर गांव निवासी एक आपराधिक प्रवृत्ति व्यक्ति ने अवैध कब्जा कर रखा है। उसने वहां पर छप्पर रखने के बाद अपने पशुओं को भी बांधना शुरू कर दिया। यही नहीं अब निर्माण के लिए ईंट भी मंगवा ली है। ग्रामीणों ने बताया कि उनकी ओर से मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी के पोर्टल पर इसकी शिकायत दर्ज कराकर अवैध कब्जे को हटाने की मांग भी की गई, लेकिन क्षेत्र के एक राजस्व कर्मी की मिलीभगत से कोई सुनवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए 10 दिन पूर्व ग्राम प्रधान साधना सिंह ने भी जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर डीएम को संबोधित एक शिकायती पत्र डिप्टी कलेक्टर अमित कुमार त्रिपाठी को दिया था। ग्राम प्रधान ने बताया की शिकायत के बाद अवैध कब्जा किए लोग उनके परिवार को झूठे मुकदमे में फसाने और अन्य परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं।

# आम के बाग में मिला महिला का शव, घटना के बाद से पति फरार

जन एक्सप्रेस । औरैया



औरैया स्थित दिबियापुर थाना क्षेत्र के असेनी गांव स्थित आम के बाग में पत्तों के झाड़ के नीचे महिला का शव पड़े होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद किया। इस दौरान पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। शिनाख्त होने पर पुलिस ने मृतका के मायके व ससुरालीजनों को सूचना दी। पुलिस ने शक के आधार पर महिला के ससुरालीजनों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। जबकि मृतका का पति मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शुक्रवार की शाम लगभग चार बजे ग्रामीणों व राहगीरों ने असेनी के निकट एक आम के बाग में पत्तों के झाड़ के नीचे महिला का शव पड़ा देखा। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने डायल 112 पर पुलिस को दी। शव पड़े होने की सूचना मिलते ही पुलिस महकमा हरकत में आया। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने बताए गए स्थान पर खोजबीन की तो पत्तों के नीचे से एक महिला का शव पड़ा देखा। उधर बाग में शव पड़े होने की जानकारी होते ही असेनी व उससे सटे गांव बरू के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उसी दौरान मृतका के ससुरालीजन भी वहां पहुंचे। जहां मृतका की फोटो देखकर मौजूद ससुरालीजनों ने उसकी शिनाख्त पल्लवी (28) पुत्री रामशंकर निवासी मोती नगर चारबाग लखनऊ के रूप में की। जानकारी करने पर मालूम हुआ कि पल्लवी ने अपने प्रेमी सुमित कुमार पुत्र नरेंद्र निवासी बर्रू फफूंद थाना सहायल के साथ शादी की थी। पुलिस ने सुमित के परिजनों को घटना की जानकारी देकर उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। परिजनों ने बताया कि पांच जून को दोनों लोग लखनऊ जाने के लिए घर से निकले थे। आज सुमित का बीएससी का पेपर था। जिसे वह देने नहीं पहुंचा तो वह लोग भी परेशान थे। सुमित की तलाश में पुलिस जुट गई है। इधर घटना की जानकारी पल्लवी के लखनऊ स्थित परिजनों को देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस द्वारा की गई पृथम दृष्ट्या जांच में पाया गया कि महिला के साथ मारपीट करने के बाद उसकी हत्या गला दबाकर की गई है। मृतका जाति से ब्राह्मण है। जबकि आरोपी पति तेली जाति का है।

**फेसबुक से हुई थी दोनों की दोस्ती**

पूछताछ में पता चला कि पल्लवी और सुमित की दोस्ती फेसबुक के माध्यम से हुई थी। दोस्ती होने के बाद दोनों मिलने लगे। जिसकी जानकारी दोनों के परिजनों को हुई। जिस पर दोनों के परिवारीजनों ने कुछ ही महीनों पहले शादी कराई थी। जिसके बाद से पल्लवी अपने प्रेमी पति सुमित के साथ रह रही थी। शादी के बाद दोनों के बीच अक्सर वाद-विवाद होता रहता था।

> “पल्लवी के परिजनों के आने के बाद उनके द्वारा दी जाने वाली तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया जाएगा। घटना का खुलासा करने और फरार महिला के प्रेमी पति की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की गई हैं। अब तक मिली जानकारी के तहत महिला व उसके पति के बीच विवाद हुआ था। जिसमें दोनों के बीच मारपीट हुई। इसके बाद पति ने गला दबाकर पल्लवी की हत्या कर दी और फरार हो गया। परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी कर जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।
> - चारू निगम, एसपी

# सारथी पोर्टल में दिक्कत, नहीं हो सका एआरटीओ कार्यालय में काम

जन एक्सप्रेस । औरैया

**✻ कार्यालय के अधिकारी से लेकर कर्मचारी लोगों को पोर्टल में दिक्कत का हवाला देते नजर आए**

**ककोर।** पिछले एक पखवाड़े से सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में सारथी पोर्टल में आई दिक्कत की वजह से कार्यालय का काम काफी प्रभावित है। यहां लाइसेंस, नवीनीकरण, लर्निंग व फिटनेस को लेकर पहुंचने वाले लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं कई लोगों को बिना काम के वापस भी जाना पड़ा। जिले में लाइसेंस को लेकर 50 स्लॉट निर्धारित है। वहीं इसी तरह से नवीनीकरण, फिटनेस व लर्निंग को लेकर भी तय हैं। ऑनलाइन आवेदन के बाद मिली तारीख के तहत पहुंच रहे लोगों को एआरटीओ कार्यालय में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। यहां सारथी पोर्टल के ठीक से काम न करने की वजह से दिक्कत आ रही है। गुरुवार को भी यह समस्या बनी रही। आरआई बलवंत सिंह बार-बार पोर्टल को खोलने व आवेदन के तय कागजी कवायद का प्रयास करते रहे। घंटों देरी के बाद गिने-चुने लोगों का ही काम हो सका। वहीं काफी संख्या में लोग वापस लौट गए। इस दौरान कार्यालय के अधिकारी से लेकर कर्मचारी लोगों को पोर्टल में दिक्कत का हवाला देते नजर आए। आरआई बलवंत सिंह ने बताया कि सारथी पोर्टल ठीक से काम नहीं कर रहा है। काफी देर से एक आवेदन पर काम हो पा रहा है। इसके चलते परेशानी है। तय स्लॉट के तहत काफी लोगों का काम नहीं हो पा रहा है।

# देर रात हुई बारिश से भी नहीं मिली राहत, पारा 42.5 डिग्री सेल्सियस

जन एक्सप्रेस । औरैया

नौतपा समाप्त हुए पांच दिन बीत चुके है, लेकिन गर्मी है कि कम होने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार की देर रात तेज हवाओं के साथ बारिश भी हुई, लेकिन गुरुवार को इसका तापमान पर कोई प्रभाव नहीं देखने को मिला। अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। नौतपा के चलते जनपद में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। 25 मई से दो जून के बीच तापमान में तेजी देखने को मिली। तो वहीं तेज धूप व गर्मी के कारण लोग घरों में कैद होने को मजबूर हुए। तो वहीं इस दौरान बीमार होने वाले लोगों की संख्या में भी इजाफा देखने को मिला था। भले ही नौतपा समाप्त हो गया है। परंतु गर्मी का प्रकोप आज भी जारी है। जून माह के छह दिन बीत चुके है। बेतहाशा गर्मी के कारण आज भी बाजारों में नौतपा के दिनों जैसा ही हाल देखने को मिल रहा है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। दोनों ही तापमान सामान्य से अधिक देखने को मिले है। बुधवार की रात लगभग एक बजे बारिश होने से लोगों ने आज गर्मी से राहत की उम्मीद जताई थी, लेकिन सुबह से ही तेज धूप होने से लोग परेशान दिखे। आलम यह रहा कि 11 बजे के बाद लोग धूप के चलते उनका निकलना मुश्किल हो गया। दोपहर बाद गर्मी और उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। घरों में पंखे के बीच भी लोगों के पसीने छूटते रहे। मौसम विशेषज्ञ डॉ. अनंत कुमार ने बताया कि अगले पांच दिनों तक हल्के बादल छाने के आसार है, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है। दिन और रात का तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार है। उमस भरी गर्मी बने रहने की संभावना है।

# भाजपा नेता ने दरोगा पर लगाया गाली-गलौज का आरोप

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

भारतीय जनता युवा मोर्चा के महामंत्री शिवानू चौहान ने एसपी से शिकायत की है। इसमें किशनी थाने में तैनात एक दरोगा पर गाली-गलौज करने और रुपये लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की जांच कर दरोगा के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। एसपी को दी गई शिकायत में भाजपा नेता ने बताया कि किशनी थाने में तैनात दरोगा अमित सिंह उनसे व्यक्तिगत रंजिश मानता है। उनके परिवार में हुए झगड़े में चचेरे भाई पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर लिया। मुकदमे में ही पंजीकृत कार को छुड़ाने के लिए न्यायालय के आदेश के बाद भी दो हजार रुपये लेने का आरोप भी दरोगा पर लगाया है। रुपये लिए जाने की शिकायत करने पर भाई विशाल को फोन करते हुए शिवानू चौहान को गालियां दीं। उन्होंने एसपी से मामले की जांच कर दरोगा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराने की मांग की है। गाली-गलौज के ऑडियो भी एसपी को शिकायत के साथ उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं दरोगा अमित सिंह का कहना है विशाल जानलेवा हमले का आरोपी है। मुकदमा खत्म कराने के लिए झूठी शिकायतें कर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने न तो कोई रुपये लिए और न ही गालियां दी हैं।

# टूटने लगी रेलवे स्टेशन की 143 साल पुरानी इमारत

**कन्नौज।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत शहर के रेलवे स्टेशन की इमारत टूटने लगी है। इत्रनगरी के रेलवे स्टेशन की नींव आज से करीब डेढ़ सदी पहले 15 दिसंबर 1980 को रखी गई थी। यह स्टेशन ब्रिटिश शासन काल के दौरान शुरु हुई थी। इस रेलवे स्टेशन पर दो प्लेटफार्म हैं। एक दर्जन से अधिक एक्सप्रेस ट्रेन कन्नौज रेलवे स्टेशन से गुजरती हैं। ब्रिटिश शासन काल में कन्नौज रेलवे स्टेशन की स्थापना की गई थी। अंग्रेजों ने कारोबार को बढ़ावा देने के लिए मालगाड़ी ट्रेनों का संचालन किया था।

# 2022 में ही दरक चुकी थी भाजपा की जमीन, नहीं चेते भाजपाई

जन एक्सप्रेस । औरैया

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के चुनाव में इटावा लोकसभा सीट से भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा की यह जमीन जनपद में वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में ही दरक गई थी। इसको पार्टी नेताओं ने कोई खास तवज्जो नहीं दी थी। आज स्थिति यह हुई कि लोकसभा चुनाव में यह पूरी तरह से धसक गई। इटावा लोक सभा सीट भारतीय जनता पार्टी के हाथों से जा सकती है। इसका आभास पार्टी नेताओं को कतई नहीं था। पहले की तरह ही मोदी सरकार की योजनाओं का गुणगान कर जीतने की मंशा साफ उनके चेहरों पर साफ झलक रही थी। अब जब यह सीट पार्टी गवां बैठी है तो पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को हैरान कर दिया है। वर्ष 2022 के चुनाव में यदि भारतीय जनता पार्टी ने सबक लिया होता तो आज उन्हें यह दिन नहीं देखना पड़ता। वर्ष 2017 के विधान सभा चुनाव में भाजपा ने जिले की औरैया विधान सभा, बिधूना विधान सभा और दिबियापुर विधान सभा सीट पर अपना कब्जा जमाया था, लेकिन 2022 के विधान सभा चुनाव में भाजपा को दिबियापुर और बिधूना विधान सभा की सीट गंवानी पड़ी थी। इससे पार्टी ने कोई सबक नहीं लिया। 2017 के चुनाव में मोदी लहर में तीन सीटें भाजपा के खाते में आईं थी। 2017 में औरैया विधान सभा में रमेश दिवाकर (भाजपा) ने 45.22 प्रतिशत यानी 83580 मत पाकर भीमराव आंबेड़कर (बसपा) प्रत्याशी को हराकर जीत हासिल की थी। तो वहीं दिबियापुर विधान सभा में लाखन सिंह राजपूत (भाजपा) ने 37.30 प्रतिशत यानी 71480 मत प्राप्त कर सपा प्रत्याशी प्रदीप यादव को हराया था। इसी प्रकार बिधूना विधानसभा में विनय शाक्य (भाजपा) ने 37.51 प्रतिशत यानी 81905 मत पाकर दिनेश वर्मा (सपा) को हराकर जीत प्राप्त की थी। इस प्रकार तीनों विधान सभाओं में भाजपा का परचम फहर चुका था, लेकिन 2022 के विधान सभा चुनाव में बिधूना विधान सभा सीट पर रिया शाक्य (भाजपा) को 39.19 प्रतिशत यानी 89492 मत ही मिले थे जबकि रेखा वर्मा (सपा) ने 42.59 प्रतिशत यानी 97257 मत प्राप्त कर जीत हासिल की थी। दिबियापुर विधान सभा से लाखन सिंह राजपूत (भाजपा) को 40.10 प्रतिशत यानी 80392 मत मिले थे। लेकिन प्रदीप यादव ने 40.34 प्रतिशत यानी 80865 मत पाकर जीत दर्ज कराई। दोनों सीटों पर सपा का कब्जा हुआ। विधान सभा औरैया में गुड़िया कठेरिया (भाजपा) ने 45.28 प्रतिशत यानी 88631 मत पाकर सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे को पराजित कर भगवा ध्वज फहराया था। तब सपा प्रत्याशी को 33.81 प्रतिशत यानी 66184 मत ही प्राप्त हुए थे। 2017 की अपेक्षा 2022 के चुनाव में भाजपा ने कुछ ही अधिक मत प्राप्त किए थे जबकि सपा ने बेहतर प्रदर्शन कर भाजपा से अधिक मत प्राप्त कर भाजपा से अपनी सीटों को छीनने का काम किया था।

# पंडित नेहरू व मोदी की तुलना गलत, समय बताएगा सरकार स्थिरता से चला पाएंगे या नहीं : पी. चिदंबरम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उनके लगातार तीसरे कार्यकाल की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित रिकॉर्ड से करने को खारिज कर दिया। चिदंबरम ने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे मोदी ने अपनी तुलना नेहरू से की है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने 2014 में 282 सीट, 2019 में 303 सीट और अब 240 सीट (बहुमत के लिए जरूरी आंकड़े से 32 कम) हासिल की हैं। लेकिन नेहरू की कांग्रेस को क्रमशः 361, 374 और 364 सीट मिलीं। चिदंबरम ने संवाददाताओं से कहा कि हम मोदी द्वारा खुद की तुलना नेहरू से करने को खारिज करते हैं। लोग भी इसे खारिज करेंगे। अपने विजय भाषण में मोदी ने कहा था, ÷वर्ष 1962 के बाद पहली बार कोई सरकार लगातार तीसरी बार सत्ता में आई है।÷ चिदंबरम ने एग्जिट पोल के बारे में कहा कि लोगों को अनुमानों के माध्यम से मूर्ख बनाया गया, जो (सर्वेक्षण) चुनाव परिणामों से झूठे साबित हुए। उन्होंने दावा किया, ÷कोई भी मतदान केंद्र के बाहर रुझान पूछने के लिए खड़ा नहीं था, लेकिन अचानक उन्होंने अपने सर्वेक्षण के माध्यम से दावा किया कि भाजपा 350 या उससे अधिक सीट जीतेगी। वे सब इस संख्या पर कैसे पहुंचे? इसका कारण यह है कि इसे एक जगह बनाया गया था और फोटोस्टेट प्रतियों को अन्य लोगों को वितरित किया गया था। उन्होंने तमिलनाडु और पुडुचेरी के लोगों को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की शानदार जीत सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद दिया। चिदंबरम ने कहा कि ऐसे समय में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गठबंधन सरकार बनाने के लिए बाध्य हैं, तो यह समय ही बताएगा कि क्या वे स्थिर सरकार चला पाएंगे या नहीं। मोदी हमेशा से ही एक व्यक्ति सरकार वाले रहे हैं, चाहे वे 12 वर्षों तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे हों या 10 वर्षों तक प्रधानमंत्री रहे हों। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के बारे में पूछे जाने पर चिदंबरम ने संवाददाताओं को बताया, अब वह गठबंधन सरकार बनाने को मजबूर हैं। यह सरकार स्थिर होगी या नहीं, इसका जवाब उन्हें देना चाहिए, नहीं तो समय ही बताएगा। मैं या आप कुछ नहीं कह सकते। उन्होंने कहा कि चुनावी गठबंधन बनाना आसान नहीं है क्योंकि कई क्षेत्रीय दलों की अपनी विचारधारा और इतिहास है। उन्होंने कहा, ÷सभी क्षेत्रीय दलों को एकजुट करना और गठबंधन बनाना आसान नहीं है। और गठबंधन चलाना बहुत मुश्किल काम है। कांग्रेस के पास इसका अनुभव है।

### दस में से तीन लोग ईवीएम पर संदेह करते हैं

वीवीपैट बक्से में पर्ची के स्वतः गिरने के बजाय, मतदाता को उसे प्राप्त करने, उसे देखने और फिर उसे बक्से में डालने की सुविधा मिलनी चाहिए तथा इस सुधार से ईवीएम-वीवीपीएटी प्रणाली के संबंध में किसी के मन में कोई संदेह नहीं रहेगा। यहां तक कि अब भी, यदि ईवीएम पर राय मांगी जाती है, तो दस में से चार या दस में से तीन लोग ईवीएम पर संदेह करते हैं और मैं यह नहीं कह रहा हूं कि संदेह उचित है या अनुचित; जहां तक मेरा सवाल है, मैंने कभी ईवीएम को दोष नहीं दिया है।

### लोगों को अनुमानों के माध्यम से मूर्ख बनाया गया

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का रुख ईवीएम प्रणाली में और सुधार लाने का है। उन्होंने कहा, मैं इस बात से इनकार नहीं कर रहा हूं कि पार्टी के एक या दो नेता ईवीएम प्रणाली का विरोध कर रहे हैं, लेकिन यह पार्टी का रुख नहीं है। चिदंबरम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उनके लगातार तीसरे कार्यकाल की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित रिकॉर्ड से करने को खारिज कर दिया। अपने विजय भाषण में मोदी ने कहा था, वर्ष 1962 के बाद पहली बार कोई सरकार लगातार तीसरी बार सत्ता में आई है। चिदंबरम ने एग्जिट पोल के बारे में कहा कि लोगों को अनुमानों के माध्यम से मूर्ख बनाया गया, जो (सर्वेक्षण) चुनाव परिणामों से झूठे साबित हुए। चिदंबरम ने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे मोदी ने अपनी तुलना नेहरू से की है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने 2014 में 282 सीट, 2019 में 303 सीट और अब 240 सीट (बहुमत के लिए जरूरी आंकड़े से 32 कम) हासिल की हैं। लेकिन नेहरू की कांग्रेस को क्रमशः 361, 374 और 364 सीट मिलीं। चिदंबरम ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम मोदी द्वारा खुद की तुलना नेहरू से करने को खारिज करते हैं। लोग भी इसे खारिज करेंगे।

### आंध्र प्रदेश में कांग्रेस किसके साथ गठबंधन करेगी?

कांग्रेस के राज्य मुख्यालय सत्यमूर्ति भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि संबंधित राज्यों में मौजूदा परिस्थितियों के आधार पर गठबंधन बनाए जा सकते हैं। उन्होंने पूछा, उदाहरण के लिए, आंध्र प्रदेश में कांग्रेस किसके साथ गठबंधन करेगी? क्या वह वाईएसआरसीपी या तेदेपा के साथ गठबंधन करेगी, जो इसके लिए तैयार नहीं हैं?

### मोदी की भाजपा को नैतिक हार का सामना करना पड़ा

उन्होंने कहा कि इसलिए, राज्यों में मौजूदा परिस्थितियों के आधार पर चुनावी गठबंधन बनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि संबंधों को मजबूत करना और गठबंधन सरकार चलाना न केवल कठिन है, बल्कि जटिल भी है। कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में हार मिली है इसे अस्वीकार करते हुए चिदंबरम ने कहा कि जनादेश से पता चलता है कि उनकी पार्टी ने नैतिक जीत हासिल की है, जबकि मोदी की भाजपा को नैतिक हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा, यदि हम अपनी जीत का जश्न मनाएं तो मोदी को ईर्ष्या या दुख क्यों होना चाहिए।

### हमने स्वर्ण पदक जीतने का लक्ष्य रखा था

चुनावी लड़ाई की तुलना ओलंपिक प्रतियोगिता, जहां विजेताओं को पदक विजेता कहा जाता है, से करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, हमने स्वर्ण पदक जीतने का लक्ष्य रखा था, लेकिन रजत पदक ही मिला। यह अंतिम चरण नहीं है। हम इसे अब भी जीत मानते हैं। आप क्यों कहते हैं कि हम हार गए? हम खुश हैं। हम और बेहतर कर सकते थे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के संविधान की किताब को माथे से लगाने पर चिदंबरम ने कहा कि प्रधानमंत्री के पास कोई विकल्प नहीं था क्योंकि संविधान सर्वोच्च है। उन्होंने कहा, 卐यह तथ्य कि उन्होंने संविधान के आगे सिर झुकाया, स्वागतयोग्य है। लेकिन उनके पास कोई विकल्प नहीं था।

### कांग्रेस ईवीएम को खारिज नहीं करती

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को खारिज नहीं करती है और वह वीवीपैट (वोटर्स वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) में सुधार के पक्ष में है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने कभी ईवीएम को दोष नहीं दिया है। ईवीएम पर विपक्षी गठबंधन की चुप्पी को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, कृपया घोषणापत्र पढ़ें, हम यही कह रहे हैं कि वीवीपैट पर्ची, हमारे पढ़ने के लिए, लगभग 4-5 सेकंड तक प्रदर्शित होती है और फिर पर्ची बॉक्स के अंदर गिर जाती है। हमने घोषणापत्र में कहा है कि एक और सुधार होना चाहिए।

# कुलविंदर के समर्थन में किसान संगठन, नौ को निकालेंगे इंसाफ मोर्चा, जसवंत लड़ेंगे केस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बीते वीरवार को हिमाचल से नवनिर्वाचित भाजपा सांसद कंगना रनौत को सीआईएसएफ महिला सुरक्षाकर्मी कुलविंदर कौर के थप्पड़ मारने का मामला गरमाता जा रहा है। कुलविंदर कौर को निलंबित करने के बाद अब किसान संगठनों ने मामले में एंट्री कर ली है। किसान संगठनों ने नौ जून को मोहाली के गुरुद्वारा श्री अंब साहिब में इकट्ठे होकर एसएसपी मोहाली कार्यालय तक पैदल इंसाफ मोर्चा निकालने की घोषणा की। इंसाफ मोर्चा इस दौरान मोहाली एसएसपी को मांगपत्र सौंपा जाएगा। शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) व किसान मजदूर मोर्चा के जगजीत सिंह डल्लेवाल, सरवन सिंह पंधेर, अभिमन्यु कोहाड़, अमरजीत सिंह मोहड़ी, सुखजीत सिंह, जसविंदर लोंगोवाल, गुरिंदर भंगू, रंजीत राजू किसान नेताओं ने कंगना रनौत मामले में पंजाब के डीजीपी गौरव यादव से मुलाकात कर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। सरवन सिंह पंधेर ने डीजीपी को बताया कि मामले को राजनीतिक रंग देकर पुलिस पर दबाव बनाकर सीआईएसएफ महिला सुरक्षाकर्मी पर गलत धाराओं के तहत केस दर्ज करने का दबाव बनाया जा रहा है। पंधेर ने निष्पक्ष जांच की मांग करने की अपील की है। पंजाब डीजीपी से मुलाकात से पहले संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) व किसान मजदूर मोर्चा ने चंडीगढ़ के किसान भवन में मीडिया से बातचीत की। इस दौरान डल्लेवाल और पंधेर ने केंद्र सरकार को घेरा। पंधेर ने कहा कि किसान के रोष के कारण भाजपा का पंजाब में इस बार सूपड़ा साफ हो गया। किसान आंदोलन का असर केवल पंजाब में ही नहीं बल्कि देशव्यापी रहा। किसान नेताओं ने बताया कि आने वाले समय में हरियाणा व महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में आंदोलन का विस्तार किया जाएगा, जिसके लिए रणनीति बनाई जा रही है।


### कुलविंदर कौर के पक्ष में हर तरह की कानूनी लड़ाई में उसका सहयोग करेंगे : कुलविंदर कौर

कुलविंदर कौर के पक्ष में कानूनी लड़ाई लड़ेंगे मानसा के वकील जसवंत सिंह सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ मारने वाली सीआईएसएफ की मुलाजिम कुलविंदर कौर के लिए मानसा के वकील जसवंत सिंह ग्रेवाल कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। वह कुलविंदर कौर के परिवार से बातचीत करने और घटनास्थल का जायजा लेने के लिए चंडीगढ़ रवाना हो गए हैं। उन्होंने अन्य वकीलों को भी अपील की है कि वह कुलविंदर कौर के पक्ष में कानूनी लड़ने में उनकी मदद करें। ग्रेवाल ने बताया कि कुलविंदर कौर जब एयरपोर्ट पर अपनी ड्यूटी पर तैनात थीं तो कंगना वहां से दिल्ली जाने के लिए पहुंचीं। सुरक्षा के मामले को लेकर कुलविंदर कौर ने ड्यूटी निभाते हुए सभी यात्रियों से सामान चेक करवाने को कहा तो कंगना ने उससे बहस की और भला-बुरा बोला। इससे गुस्सा होकर कुलविंदर कौर ने कंगना को थप्पड़ जड़ दिया। जसवंत सिंह ने कहा कि वह कुलविंदर कौर के पक्ष में हर तरह की कानूनी लड़ाई में उसका सहयोग करेंगे।

### कंगना को थप्पड़ मारने वाली कांस्टेबल के खिलाफ केस दर्ज

हिमाचल के मंडी से भाजपा सांसद व बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को थप्पड़ मारने वाली आरोपी सीआईएसएफ की महिला कांस्टेबल कुलविंदर कौर के खिलाफ मोहाली एयरपोर्ट पुलिस ने 24 घंटे बाद आईपीसी की धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) व 341 के तहत केस दर्ज कर लिया है। डीएसपी एयरपोर्ट कुलजिंदर सिंह ने बताया कि सीआईएसएफ ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दी थी। पुलिस ने एयरपोर्ट पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर मामला दर्ज किया है। वीरवार को थप्पड़ कांड के बाद आरोपी को सस्पेंड कर दिया गया था। उसकी डिपार्टमेंटल इंक्वॉयरी भी चालू कर दी गई है। कंगना ने घटना के बाद आरोपी को नौकरी से हटाने और सख्त कार्रवाई की मांग की थी।

# दिल्ली में आज बरसेंगे बदरा, मौसम विभाग का यलो अलर्ट, बारिश से पहले चलेगी धूल भरी आंधी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राजधानी में लोग चिलचिलाती गर्मी से बेहाल हैं। शनिवार को आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। धूल भरी आंधी के साथ तेज सतही हवा 25 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल सकती है। ऐसे में हल्की बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इससे लोगों को गर्मी से फौरी राहत मिलने का अनुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस होने की आशंका है। जबकि न्यूनतम तापमान भी 29 डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना है। शुक्रवार को सुबह से ही कड़ी गर्मी हुई। इससे लोग परेशान रहे। दोपहर में सूरज के तेवर और कड़े हो गए। इससे उमस भरी गर्मी महसूस की गई। शाम के समय कुछ इलाकों धूल भरी आंधी के साथ तेज हवा चली। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक के साथ 43 दर्ज किया। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अधिकतम आर्द्रता का स्तर 57 फीसदी रही।

### नजफगढ़ में 45 के पार पहुंचा पारा

मौसम विभाग के मुताबिक नजफगढ़ इलाका सर्वाधिक गर्म रहा। यहां अधिकतम 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। वहीं, नरेला में 44.9, पीतमपुरा में 44.3, पूसा में 44, जाफरपुर व रिज में 43.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया।

### खराब श्रेणी में आबोहवा

राजधानी में हवा की गति कम होने से आबोहवा खराब श्रेणी में पहुंच गई है। शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 228 रहा, जोकि खराब श्रेणी में है। सर्वाधिक इलाकों में एक्यूआई 200 के पार दर्ज किया। दिल्ली की हवा समग्र रूप से खराब श्रेणी में बनी रही। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को हवा मध्यम श्रेणी में पहुंचने का अनुमान है। सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया। यहां एक्यूआई 273 रहा, यह खराब श्रेणी है। गुरुग्राम में 271, नोएडा में 232, फरीदाबाद में 216 व गाजियाबाद में 177 एक्यूआई दर्ज किया।

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया

## 8 लाख का इनामी कमांडर भी ढेर, 1200 से ज्यादा जवानों ने चलाया ऑपरेशन



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ में जवानों 7 नक्सलियों को एनकाउंटर में मार गिराया है। दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बस्तर जिले की सीमा में मुठभेड़ हुई है। मारे गए नक्सलियों के शव समेत हथियार भी बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में एक DVCM कैडर का कंपनी कमांडर है। जिस पर 8 लाख रुपए का इनाम घोषित है। मौत के आंकड़े और बढ़ सकते हैं। वहीं 3 जवान भी जख्मी हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि पूर्व बस्तर डिवीजन इलाके में मुंगेड़ी, गोबेल गांव के जंगल में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। मुखबिर की इसी सूचना के बाद दंतेवाड़ा, नारायणपुर, जगदलपुर और कोंडागांव जिले की DRG और ITBP की टीम को मौके के लिए 6 तारीख को निकाला गया था।

### नक्सलियों के बीच रुक-रुककर गोलीबारी

बताया जा रहा है कि करीब 1200 से ज्यादा जवान इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। वहीं 7 तारीख की सुबह से ही पुलिस और नक्सलियों के बीच में रुक-रुककर गोलीबारी होनी शुरू हुई।

### 7 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद

मिली जानकारी के मुताबिक जब मुठभेड़ खत्म हुई तो जवानों ने इलाके की सर्चिंग की, जिसमें 7 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए गए हैं। जवान अभी मौके पर ही मौजूद हैं। सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### जवानों के साहस को नमन करता हूं: सीएम साय

नक्सली मुठभेड़ पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा है कि नारायणपुर, दंतेवाड़ा और कोंडागांव जिले के सीमाक्षेत्र ग्राम मुंगेडी, गोबेल में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए अंतर्जिला संयुक्त ऑपरेशन में 7नक्सलियों के मारे जाने की खबर आ रही है। जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है। उनके अदम्य साहस को नमन करता हूं। नक्सलवाद के खात्मे के लिए शुरू हुई हमारी लड़ाई अब अपने अंजाम तक पहुंचके ही दम लेगी, इसके लिए हमारी सरकार कृत संकल्पित है।

# 12 जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे चंद्रबाबू नायडू, तेदेपा नेता का दावा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



तेलुगु देशम पार्टी के मुखिया चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। तेदेपा के वरिष्ठ नेता के रघु राम कृष्ण राजू ने यह दावा किया है। उन्होंने बताया कि चंद्रबाबू नायडू 12 जून को शाम करीब 4.55 बजे सीएम पद की शपथ ले सकते हैं। लोकसभा चुनाव के साथ ही आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी हुए, जिनमें तेदेपा ने जबरदस्त जीत हासिल की। जिसके बाद चंद्रबाबू नायडू की पार्टी तेदेपा एक बार फिर आंध्र प्रदेश की सत्ता में वापसी कर रही है।

### 'हमारे नेता मांग नहीं करेंगे'

रघु राम कृष्ण राजू ने कहा, चंद्रबाबू नायडू 12 जून को शाम करीब 4.55 बजे आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। यह आंध्र प्रदेश के लोगों के लिए बड़ी खुशी का पल है, जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे नेताओं चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण की तारीफ की। हमारे नेताओं ने भी प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान जताया। बेशक हमें केंद्र से काफी मदद की जरूरत होगी क्योंकि पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने राज्य को काफी नुकसान पहुंचाया है। यह पूछे जाने पर कि क्या तेदेपा ने केंद्र की कैबिनेट में शामिल होने को लेकर क्या कोई विशेष मांग की है? इसके जवाब में तेदेपा नेता ने कहा कि %मेरा इस पर टिप्पणी करना सही नहीं है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि हमारे नेता उस तरह के लोग हैं, जो मांग करें। अच्छे संबंधों के चलते वह काफी कुछ हासिल कर सकते हैं, लेकिन वे मांग नहीं करेंगे।

### 'सही समय पर सही नेता हैं नरेंद्र मोदी'

शुक्रवार को एनडीए की बैठक हुई, जिसमें तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि भारत के लिए नरेंद्र मोदी सही समय पर सही नेता हैं। चंद्रबाबू नायडू ने एनडीए को समर्थन की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने बीते 10 वर्षों में कई काम हुए। नरेंद्र मोदी के पास विजन और वो जज्बा है। उन्होंने सच्ची भावना से सभी नीतियों को लागू किया है। आज भारत के पास सही समय पर सही नेता हैं और वे नरेंद्र मोदी हैं। यह भारत के लिए अच्छा अवसर है और अगर आप इस अवसर को खो देंगे तो यह अवसर हमेशा के लिए खो जाएगा।

# लोगों के साथ सहानुभूतिपूर्वक जुड़ें सार्वजनिक सेवाएं देने वाले अधिकारी, हाईकोर्ट की टिप्पणी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोच्चि

अगर सार्वजनिक सेवाएं देने वाले अधिकारी लोगों के साथ सहानुभूतिपूर्वक जुड़ेंगे और उनसे ठीक से संवाद करेंगे तो वे परेशान या असहाय महसूस नहीं करेंगे। केरल उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति देवन रामचंद्रन ने कहा कि कई बार सार्वनजिक सेवाओं से संपर्क करने वाले लोग संचार की कमी और उदासीनता के कारण खुद को परेशान महसूस करते हैं। उन्होंने कहा, यह उनकी गरिमा का उल्लंघन होने जैसे है और इससे पैदा हुई हताशा, लाचारी और निराशा लोगों को चरम कदम उठाने पर मजबूर कर देती है। अदालत ने कहा, अगर प्रभारी अधिकारी इसे समझते हैं और सेवाओं का अनुरोध करने वालों के साथ सहानुभूतिपूर्वक जुड़ते हैं, संचार की पर्याप्त लाइन खोलते हैं और प्रक्रिया के बारे में उन्हें खुश रखते हैं, तो इनमें से ज्यादातर मुद्दों का ध्यान रखा जा सकता है। अदालत ने ये टिप्पणियां एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कीं। याचिका में आरोप लगाया गया था कि एक व्यक्ति ने इसलिए आत्महत्या की क्योंकि उसे समय पर भविष्य निधि नहीं मिली।

# जद प्रमुख लालू यादव सहित 77 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों की कथित संलिप्तता वाले नौकरी के बदले जमीन घोटाले के सिलसिले में अपना अंतिम आरोपपत्र शुक्रवार को दाखिल कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीबीआई द्वारा विशेष अदालत को सौंपी गई अंतिम रिपोर्ट में उन सभी रेलवे जोन को शामिल किया गया है, जहां लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर जमीन लिए जाने के एवज में नौकरी दी गई थी। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने पर सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश (सांसद/विधायक मामले) के समक्ष 78 आरोपियों के खिलाफ अपना तीसरा और अंतिम आरोप पत्र दाखिल किया। आरोपियों में लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजप्रताप यादव (जिनके खिलाफ पहली बार आरोप पत्र दाखिल किया गया है), बेटी हेमा यादव, पूर्व ओएसडी भोला यादव और राजद प्रमुख के एक पूर्व कर्मचारी सदस्य शामिल हैं। सीबीआई ने आरोपियों के खिलाफ आपराधिक षडयंत्र के साथ-साथ धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराएं तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधान भी लगाए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों में 29 रेलवे अधिकारी, 37 अभ्यर्थी और छह अन्य निजी व्यक्ति शामिल हैं। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, रेलवे के विभिन्न जोनों में नियुक्त किये गये अभ्यर्थी मुख्यतः उन जिलों से थे जो लंबे समय से तत्कालीन केन्द्रीय रेल मंत्री और उनके परिवार के सदस्यों के निर्वाचन क्षेत्र थे।

### रेलवे के 11 जोनों में 'ग्रुप डी' के पदों पर नियुक्ति की

सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि जांच के दौरान, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पाया कि लालू प्रसाद ने रेलवे के अधिकारियों, अपने परिवार के सदस्यों और अन्य लोगों के साथ मिलकर एक आपराधिक साजिश को आगे बढ़ाते हुए, मौजूदा दिशानिर्देशों का पूर्ण उल्लंघन करते हुए भारतीय रेलवे के 11 जोनों में 'ग्रुप डी' के पदों पर नियुक्ति की। उन्होंने कहा कि यह कार्य उम्मीदवार द्वारा स्वयं या उसके परिवार के सदस्यों द्वारा भूमि हस्तांतरण के बदले में किया गया। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए पात्र बनने के लिए उम्मीदवारों ने फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किए।



## पुणे पोर्श केस, नाबालिग के पिता-दादा पर नया मामला

# बिजनेसमैन के बेटे को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुणे

पुणे पोर्श केस में गिरफ्तार नाबालिग आरोपी के पिता और दादा पर पुणे पुलिस ने एक नया केस दर्ज किया है। यह केस आत्महत्या से जुड़ा है। दरअसल, एक लोकल बिजनेसमैन डीएस कटुरे ने आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल, उसके दादा सुरेंद्र अग्रवाल के अलावा 3 अन्य लोगों पर अपने बेटे शशिकांत को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। जनवरी 2024 में डीएस कटुरे के बेटे शशिकांत कटुरे ने सुसाइड किया था। अब डीएस कटुरे का कहना है कि विशाल अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल समेत 5 लोग बेटे को परेशान करते थे जिससे तंग आकर उसने खुदखुशी कर ली।

### लोन लिया था, नहीं चुकाने के चलते सुसाइड किया

पुलिस के मुताबिक, शशिकांत कटुरे ने कंस्ट्रक्शन बिजनेस के लिए लोन लिया था। वो लोन नहीं चुका पा रहा था। इसे लेकर उसे परेशान किया जा रहा था, जिसके बाद शशिकांत ने सुसाइड कर लिया था। पुलिस ने फिलहाल विशाल अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल समेत पांचों लोग पर IPC की धारा 306 और 506 के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में जांच की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)